RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 316
नई दिल्ली, सोमवार, 26 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



केंद्र के कदमों से सहकारिता क्षेत्र काफी खुश
कारोबार-10

www.dailypioneer.com

# राजस्थान कांग्रेस में घमासान तेज

- गहलोत-पायलट में सत्ता संघर्ष गहराया, नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए विधायक दल की बैठक नहीं हो सकी
- बैठक से पहले गहलोत के वफादार विधायकों ने त्यागपत्र देने की चेतावनी दी
- गहलोत समर्थक किसी भी कीमत पर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री पद देने को तैयार नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**राजस्थान** में नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वफादार माने जाने वाले विधायक अपने इस्तीफे सौंपने के लिए रविवार रात विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी के निवास पहुंच गए। विधायक दल की बैठक में गहलोत का उत्तराधिकारी चुनने की संभावनाओं के बीच यह घटनाक्रम हुआ है। इस स्थिति से मुख्यमंत्री और सचिन पायलट के बीच सत्ता को लेकर संघर्ष गहराने का संकेत मिल रहा है। गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे, इसलिए उनका उत्तराधिकारी चुने जाने की संभावना है। गहलोत के वफादार विधायकों में से एक ने दावा किया कि निर्दलीय सहित 80 से अधिक विधायक बस से विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी के निवास पहुंच गए हैं और उन्हें अपना इस्तीफा सौंप देंगे। हालांकि, विधायकों की संख्या की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। राज्य की 200-सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 108 सदस्य हैं। पार्टी को 13 निर्दलीय उम्मीदवारों का भी समर्थन प्राप्त है।



सचिन पायलट और अशोक गहलोत की फाइल फोटो

इससे पहले, विधायकों के समूह ने मंत्री शांति धारीवाल के आवास पर एक बैठक की, जिसे सचिन पायलट के अगले मुख्यमंत्री बनने की संभावना को विफल करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। राज्य के मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने संवाददाताओं से कहा, हम बस से विधानसभा अध्यक्ष के निवास जा रहे हैं और (उन्हें) अपना इस्तीफा सौंपेंगे। कांग्रेस पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन, मुख्यमंत्री गहलोत के साथ उनके निवास पहुंचे, जहां शाम में कांग्रेस विधायक दल की बैठक होने वाली थी। पायलट भी वहां पहुंचे। गहलोत के वफादार माने जाने वाले कुछ विधायकों ने परोक्ष रूप से पायलट का हवाला देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का उत्तराधिकारी कोई ऐसा होना चाहिए, जिन्होंने 2020 में राजनीतिक संकट के दौरान सरकार को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, न कि कोई ऐसा जो इसे गिराने के प्रयास में शामिल था।

पार्टी के एक अन्य नेता गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि गहलोत मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दोनों की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर गहलोत मुख्यमंत्री नहीं रहते हैं, तो पार्टी को अगला विधानसभा चुनाव जीतने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। निर्दलीय विधायक और मुख्यमंत्री के सलाहकार संयम लोढ़ा ने कहा कि अगर विधायकों की भावना के अनुरूप निर्णय नहीं होगा तो सरकार गिरने का खतरा पैदा हो जाएगा। दिसंबर 2018 में कांग्रेस के विधानसभा चुनाव जीतने के ठीक बाद मुख्यमंत्री पद के लिए गहलोत और पायलट का टकराव हुआ।



विधानसभा अध्यक्ष के पास त्यागपत्र देने के लिए बस से जाते गहलोत समर्थक विधायक

पार्टी आलाकमान ने गहलोत को तीसरी बार मुख्यमंत्री चुना, जबकि पायलट को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। जुलाई 2020 में, पायलट ने 18 पार्टी विधायकों के साथ गहलोत के नेतृत्व के खिलाफ बगावत कर दी थी। इससे पहले दिन में, गहलोत ने कहा था कि विधायक दल की बैठक के दौरान एक लाइन का प्रस्ताव पारित किए जाने की संभावना है, जिसमें लिखा होगा, कांग्रेस के सभी विधायकों को पार्टी अध्यक्ष के फैसले पर पूरा भरोसा है। गहलोत ने जैसलमेर में संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस में शुरू से ही यह परंपरा रही है कि चुनाव के समय या मुख्यमंत्री के चयन के लिए जब भी विधायक दल की बैठक होती है, तो कांग्रेस अध्यक्ष को सभी अधिकार देने के लिए एक लाइन का प्रस्ताव जरूर पारित किया जाता है, मैं समझता हूं कि आज भी यही होगा।

मुख्यमंत्री ने जैसलमेर के दौरे के दौरान तनोट माता मंदिर में दर्शन के लिए जाते समय संवाददाताओं से कहा, सभी कांग्रेसी एकमत से कांग्रेस अध्यक्ष पर विश्वास रखते हैं और आज भी इसकी एक झलक आपको देखने को मिलेगी। आपको किंतु-परंतु के बारे में नहीं सोचना चाहिए।

# भाजपा को हराने के लिए पूरा विपक्ष एकजुट हो: नीतीश

- इनेलो के मंच पर जुटे शरद पवार, तेजस्वी यादव, येचुरी, सुखबीर बादल जैसे विपक्ष के दिग्गज नेता
- रैली से केसीआर, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी ने बनाई दूरी, कांग्रेस से भी कोई नहीं पहुंचा

**पायनियर समाचार सेवा।** फतेहाबाद (हरियाणा)

**आगामी** लोकसभा चुनाव में भाजपा को टक्कर देने के लिए विपक्षी मोर्चे की तस्वीर कुछ-कुछ साफ होती दिख रही है। हरियाणा के फतेहाबाद में रविवार को इनेलो की ओर से आयोजित रैली में शरद पवार, नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, ओपी चौटाला, सीताराम येचुरी जैसे विपक्षी नेता जुटे।

इन विपक्षी नेताओं ने 2024 के संसदीय चुनाव में कांग्रेस को साथ लेकर नया गठबंधन बनाने का आह्वान किया, ताकि मुकाबले को द्विध्रुवीय बनाकर भाजपा को शिकस्त दी जा सके। पूर्व उप प्रधानमंत्री देवी लाल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) की इस रैली में अपने संबोधन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यदि कांग्रेस समेत सभी गैर-भाजपा दल एकजुट हो जाएं, तो हम देश को तबाह करने वाली ताकतों से छुटकारा पा सकते हैं। बिहार में भाजपा से ( शेष पेज 8 )




हरियाणा के फतेहाबाद में आयोजित रैली में विपक्षी दलों के नेता

## सोनिया से मिले नीतीश-लालू विपक्षी एकजुटता पर बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने रविवार को यहां कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त देने के लिए सभी विपक्षी दलों को एकजुट करने पर जोर दिया। लालू-नीतीश की सोनिया से मुलाकात को 2024 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। सोनिया के 10 जनपथ स्थित आवास पर हुई बैठक को विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं क्योंकि कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दलों के बीच मतभेदों को सुलझाने के प्रयास जारी हैं। अगस्त में बिहार में भाजपा से नाता तोड़ने तथा राज्य में नई सरकार बनाने के लिए राजद और कांग्रेस से हाथ मिलाने ( शेष पेज 8 )

## नवरात्र आज से
## प्रथम शैलपुत्री



**वन्दे वांच्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।**
**वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम॥**

मां दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के वहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। यही सती के नाम से भी जानी जाती हैं।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,098 | |
| निफ्टी | 17,327 | |
| सोना | 50,326 | /10g |
| चांदी | 58,366 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पंजाब के राज्यपाल ने बुलाया विधानसभा सत्र

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने 27 सितंबर को विधानसभा का एक दिन का सत्र आहूत करने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही इस मुद्दे को लेकर राज्य की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और राज्यपाल के बीच गतिरोध दूर होने के संकेत मिले है। आप सरकार ने राज्यपाल को सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों के बारे में बताया, जिसके एक दिन बाद उन्होंने सत्र के लिए मंजूरी दी है। विधानसभा अध्यक्ष ने एक ट्वीट किया, माननीय राज्यपाल ने हमारे अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और 27.9.2022 को पूर्वाह्न 11 बजे विधानसभा का तीसरा सत्र आहूत किया जाएगा। भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार ने शनिवार को राज्यपाल को सूचित किया था कि 27 सितंबर को होने वाले सत्र में पराली जलाने, माल एवं सेवा कर और बिजली आपूर्ति जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# विरोध के बाद अंकिता का अंतिम संस्कार



श्रीनगर के एनआईटी घाट पर अंकिता का अंतिम संस्कार करते परिजन।

- घटना के विरोध में श्रीनगर में बाजार बंद, राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोगों ने लगाया जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** पौड़ी

**घंटों** विरोध के बाद रविवार को अंकिता भंडारी के परिवार ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। हत्या के इस मामले को लेकर पूरे उत्तराखंड में आक्रोश है। घटना के विरोध में श्रीनगर में दुकानें और बाजार बंद रहे। मुआवजे की मांग को लेकर लोगों ने ऋषिकेश बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई घंटे जाम लगाया।

शोकाकुल परिवार ने अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट न मिलने तक अंत्येष्टि करने से इनकार कर दिया था। अंकिता के भाई अजय सिंह भंडारी ने कहा कि जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिलेगी हम उसका अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

हमने उसके प्रोविजनल रिपोर्ट में देखा था कि उसकी पिटाई की गई थी और उसे नदी में फेंका गया था। लेकिन हम अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, प्रशासन के समझाने और घटना की जांच कर आरोपियों को ( शेष पेज 8 )

# आतंकियों को बचा रहे चीन और पाक: भारत

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां।** नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र

**आतंकवाद** पर बेहद कड़ा रुख अख्तियार करते हुए भारत ने संयुक्त राष्ट्र में परोक्ष रूप से पाकिस्तान और चीन को खरी-खरी सुनाई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 77वें सत्र में शनिवार देर रात अपने संबोधन में दोनों पड़ोसी देशों का नाम लिए बिना कहा कि जो देश संयुक्त राष्ट्र में आतंकवादियों का बचाव करते हैं, वे न तो अपने हितों को आगे बढ़ाते हैं और न ही इससे उनकी प्रतिष्ठा में इजाफा होता है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कभी-कभी घोषित आतंकवादियों का बचाव करने की हद तक यूएनएससी-1267 प्रतिबंध व्यवस्था का जो राजनीतिकरण करते हैं, वे अपने जोखिम पर ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी टिप्पणी चाहे किसी भी मंशा से क्यों न की गई हो, कभी भी खून के धब्बे नहीं ढक सकती। विदेश मंत्री ने कहा कि दशकों से सीमा पार आतंकवाद का खामियाजा भुगतता ( शेष पेज 8 )

# चंडीगढ़ एयरपोर्ट शहीद भगत सिंह के नाम पर होगा

- प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में की घोषणा, 28 को है महान क्रांतिकारी भगत सिंह की जयंती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को चंडीगढ़ हवाई अड्डे का नाम स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह के नाम पर करने की घोषणा की। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 93वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि एक कार्यबल मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में लाए गए अफ्रीकी चीतों की निगरानी कर रहा है और उसकी रिपोर्ट के आधार पर तय होगा कि आम जन इन चीतों का दीदार कब से कर पाएंगे। मोदी ने कहा, भगत सिंह की जयंती के ठीक पहले उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप एक महत्वपूर्ण निर्णय किया गया है।



शहीद भगत सिंह (इनसेट) के चित्र के साथ चंडीगढ़ हवाईअड्डे की फाइल फोटो

यह तय किया है कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे का नाम अब शहीद भगत सिंह के नाम पर रखा जाएगा। चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा के लोगों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। शहीद भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर को मनाई जाती है। 28 सितंबर की ही रात को भारतीय सेना के जवानों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में दाखिल होकर आतंकी शिविरों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को इसकी याद दिलाते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक वे दो शब्द हैं जिससे देशवासियों का जोश चार गुना ज्यादा बढ़ जाएगा। कुनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गए अफ्रीकी चीतों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि देश के कोने-कोने से लोगों ने भारत में चीतों के लौटने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि ( शेष पेज 8 )

VIT
Vellore Institute of Technology
(Deemed to be University under section 3 of UGC Act, 1956)

VIT ON THE RISE
IN WORLD & INDIAN RANKINGS

Shanghai Academic Ranking of World Universities 2022

| INDIA RANK | LIST OF THE TOP INDIAN INSTITUTIONS | WORLD RANK |
|---|---|---|
| 1 | Indian Institute of Science | 301-400 |
| 2-3 | University of Delhi | 601-700 |
| 2-3 | Vellore Institute of Technology | 601-700 |
| 4-7 | IIT Delhi | 701-800 |
| 4-7 | IIT Madras | 701-800 |
| 4-7 | IIT Roorkee | 701-800 |
| 4-7 | Jawaharlal Nehru University | 701-800 |
| 8 | IIT Kharagpur | 801-900 |

SOURCE: https://www.shanghairanking.com/rankings/arwu/2022



nirf GOVERNMENT OF INDIA RANKING 2022
9TH* Best University
10TH* Best in Research
12TH* Best in Engineering
18TH* Overall
* Vellore & Chennai

₹1.02 CRORE PER ANNUM
HIGHEST SALARY PACKAGE THROUGH CAMPUS PLACEMENTS



www.vit.ac.in
vituniversity VIT_univ vellore-institute-of-technology vellore_vit VITUniversityVellore

# नोएडा की अटकीं 5 परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार

## दो एलिवेटेड रोड, एक फ्लाईओवर और दो अंडरपास के लिए केंद्र सरकार में मंजूर किए 300 करोड़ रुपये



सीईओ ऋतु माहेश्वरी




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के निर्माणधीन 5 परियोजनाओं को काफी जल्दी रफ्तार मिलने वाली है। दरअसल, केंद्र सरकार ने नोएडा में चल रही 5 परियोजनाओं दो एलिवेटेड रोड, एक फ्लाईओवर और दो अंडरपास के लिए 300 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दे दी है।

बहुत ही जल्द केंद्र सरकार द्वारा 300 करोड़ रुपए नोएडा प्राधिकरण के खाते में जमा कर दिए जाएंगे। जिसके बाद शहर में धीमी गति से चल रही यह 5 परियोजनाएं काफी तेजी के साथ रफ्तार पकड़ेंगी। इसमें पहली परियोजना चिल्ला एलिवेटेड रोड है। यह एलिवेटेड रोड दिल्ली के चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाईओवर तक बनना है। इससे फिल्म सिटी रास्ते पर लगने वाला जाम खत्म हो जाएगा।

शासन से पैसा नहीं मिलने पर करीब 11 महीने से काम बंद पड़ा है। शुरुआत में इसकी लागत 605 करोड़ थी, जो अब बढ़कर 1076 करोड़ हो गई है। केंद्र सरकार के द्वारा दिए गए पैसों से इस परियोजना को गति मिलेगी। दूसरी परियोजना डीएससी एलिवेटेड रोड है।

यह एलिवेटेड रोड भंगेल.सूरजपुर रोड पर सेक्टर-41 अगाहपुर से फेज-2 स्थित नाले के पास तक बनाया जा रहा है। इसके बनने से बरौला, भंगेल और सलारपुर रास्ते पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिल जाएगी। इसका अभी तक करीब 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसमें तीसरी परियोजना सेक्टर-142 अंडरपास है।

यह अंडरपास नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-142 एडवेंट इमारत के सामने बनाया जा रहा है। इसको बनाने में 43 करोड़ 21 लाख रुपए की लागत आएगी। अभी बॉक्स पुशिंग का काम चल रहा है। नवंबर 2022 तक इसका निर्माण कार्य पूरा करने की डेडलाइन रखी गई है।

फरीदाबाद-नोएडा.गाजियाबाद एफ एनजी पर सेक्टर-69 ट्रांसपोर्ट नगर और बहलोलपुर गांव के बीच बनाए जा रहे बहलोलपुर अंडरपास का काम लगभग पूरा हो चुका है। यहां से वाहन भी निकलने शुरू हो गए हैं। सिर्फ फिनिशिंग और लूप के काम बचे हुए हैं। यह करीब 30 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। पर्थला गोल चक्कर पर यह फ्लाईओवर बनाया जा रहा है, जो तीन पिलर और 250 तारों पर टिकाया जाएगा।

फ्लाईओवर के निर्माण में 80 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत आएगी। इसको अभी तक करीब 65 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है। दिसंबर तक काम पूरा होने की उम्मीद है।

# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, कांस्टेबल घायल

● मामले में दूसरी आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर हुआ फरार



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विजय नगर थाना पुलिस ने शाहबेरी के पास सघन चेकिंग अभियान के दौरान बदमाशों और पुलिस के बीच गोली चली। मामले में एक बदमाश को गोली लगी है वहीं जवाबी कार्रवाई में एक कांस्टेबल घायल हो गया। आरोपी को गिरफ्तार करलिया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से अवैध हथियार और एक काले रंग की अपाचे बाइक भी बरामद की है।

जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे में भाग निकला। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने बदमाश और सिपाही को उपचार के लिए इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए थाना विजयनगर के थाना अध्यक्ष योगेंद्र मलिक ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर अपराध पर रोकथाम लगाए जाने के उद्देश्य से सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते विजयनगर पुलिस की तरफ से शनिवार देर रात चौकी क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र मे शाहबेरी पुलिया पर चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक काले रंग की अपाचे बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये। जिन्हें रुकने का इशारा किया गया तो वह नहीं रुके और पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए बाइक को दौड़ाना शुरू कर दिया। शक होने पर पुलिस ने सूचना फ्लैश कर थाना क्षेत्र की चेकिंग कर रहे सभी पुलिसकर्मियों को अलर्ट कर दिया।

# विश्व हृदय दिवस पर हजारों लोगों के साथ फिल्म अभिनेत्री मंदिरा बेदी ने किया वॉक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

तेज रफ्तार जिंदगी और बदलती जीवन शैली से कई गंभीर बीमारियों शिकार लोग हो रहे हैं, हृदय संबंधी बीमारी इन्हीं में से एक है। पहले यह बीमारी उम्र दराज लोगों को होती थीए लेकिन अब कम उम्र के लोग भी इसके शिकार हो रहे हैं।

विश्व हृदय दिवस के मौके पर सिने स्टार, टीवी एंकर फि टनेस आइकॉन मंदिरा बेदी समेत हजारों लोगों ने सड़कों पर वॉक कर मैसेज दिया की इससे डरने की नहीं लड़ने की जरूरत है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक निजी अस्पताल ने चलता रहे मेरा दिल वॉकेथान आयोजन किया। विश्व हृदय दिवस के मौके पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सड़कों पर वॉक कराए महिला एवं पुरुष हृदय संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

चलता रहे मेरा दिल वॉकेथान की शुरुआत मंदिरा बेदी ने दिल के आकार के बैलून उड़ा कर की और लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा किए वॉकिंग करना हमारी सेहत के लिए बहुत अच्छा है, मैं सबको कहती हूं की वॉकिंग करना एक टॉनिक है हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए, मैं सभी का धन्यवाद करना चाहती हूं कि आप लोग यहां आए हैं अपने स्वास्थ्य के लिए और लोगों को जागरूक करने के लिए रविवार की यह खुशनुमा सुबह मेरे साथ चलिए और चलने को अपने जीवनचर्या का अंग बनाए और वादा करे कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए वॉक करेंगे।

इस कार्यक्रम में ग्रेनो वेस्ट के हजारों लोग शामिल हुए। महिलाओं ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम किया लिया सभी ने अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए वॉक की और सभी से आग्रह किया की आप भी सुबह वॉक जरूर करे। चलता रहे मेरा दिल वॉकेथान के बाद यथार्थ अस्पताल में सबसे आधुनिक कैथ लैब का उद्घाटन किया गया।

# गंगनहर में पानी की सप्लाई बंद, गहराया एनसीआर में जल संकट

● नोएडा में रोजाना 406 मिलियन लीटर पानी का इस्तेमाल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



हरिद्वार से गंगनहर में पानी की आपूर्ति शनिवार को रोक दी गई है। इससे गाजियाबाद और नोएडा के लाखों परिवारों के सामने पानी का संकट खड़ा हो गया। हर साल दशहरे पर नहर बंद होती है।

दिवाली पर शुरू हो जाती है। इस बार दशहरे से करीब 12 दिन पहले बिना कुछ बताए नहर में पानी रोक दिया गया। गाजियाबाद में दो जगहों पर गंगाजल प्लांट लगे हैं। एक सिद्धार्थ विहार और दूसरा प्रताप विहार में है। गंगाजल से नहर और फिर पाइप लाइन से पानी इन दोनों प्लांट तक आता है। यहां ट्रीटमेंट के बाद नोएडा को 100 क्यूसेक और गाजियाबाद को 50 क्यूसेक गंगाजल की आपूर्ति होती है। गाजियाबाद में इस गंगाजल की सप्लाई कौशांबी, वसुंधरा, इंदिरापुरम, वैशाली और सिद्धार्थ विहार जैसे इलाकों में होती है।

गंगाजल प्लांट के प्रोजेक्ट मैनेजर उनमय शुक्ला ने बताया, शनिवार को अचानक हरिद्वार से गंगनहर में पानी की सप्लाई बंद कर दी गई। शुरुआत में यह लगा कि पानी का प्रेशर कम है। आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई, तो प्लांट की तरफसे फोन करके सिंचाई विभाग से पूछा गया। तब पता चला की पानी की सप्लाई रोक दी गई है।

इसके पीछे की वजह अभी तक भी नहीं बताई गई है। न ही ये बताया गया है कि दोबारा पानी आपूर्ति कब शुरू होगी। नहर में पानी आपूर्ति बंद करने के लिए इस बार जैसा पहले कभी नहीं हुआ। वरना हर साल पहले नोटिस जारी होता था। नोटिस में बताया जाता था कि नहर कब से कब तक बंद रहेगी। इस दौरान नहर में सिल्ट की सफाई होती थी। हर साल बारिश की वजह से पहाड़ों से रेत, मलबा नहर में आ जाता था। इससे नहर की मशीनरी खराब होने का डर रहता था, इसीलिए हर साल सिल्ट की सफाई होती है। इस बार ऐसा कुछ बताए बिना ही गंगनहर में पानी की सप्लाई बंद कर दी गई। आज गाजियाबाद और नोएडा में गंगाजल सप्लाई वाले इलाकों में पानी की दिक्कत रह सकती है। ऐसे में नोएडा अथॉरिटी और गाजियाबाद नगर निगम को ही पानी के इंतजाम करने होंगे। नोएडा में रोजाना 406 मिलियन लीटर पानी की सप्लाई है। इसमें 240 मिलियन लीटर गंगाजल और 160 मिलियन लीटर सामान्य पानी की सप्लाई है। आपको बता दें कि हर साल जब नहर बंद होती है तो इससे आश्रित रहने वाले लाखों घरों के लोग बेहद प्रभावित होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार




स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

### श्रद्धा सेवा समिति का पोषण माह में स्वास्थ्य शिविर

**गाजियाबाद।** पोषण माह में स्वस्थ्य जीवन ही सुन्दर जीवन का आधार मानते हुए गाजियाबाद के इंदिरापुरम ज्ञान खंड-1 में रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन श्रद्धा सेवा समिति, प्रत्यक्ष मेडिकेयर एवं सलाम नमस्ते सामुदायिक रेडियो के संयुक्त संयोजन में किया गया। शिविर जेपी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का चेकअप किया और सलाह दी। शिविर में सभी का निशुल्क शुगर जांच, रक्त चाप, ई सी जी जांच, हड्डियों की जांच आदि सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में 100 से अधिक मरीजों की जांच के साथ चिकित्सकीय परामर्श दिया। प्रत्यक्ष मेडिकेयर की निदेशिका डॉ. ख्याति शर्मा ने कहा कि आज का कैंप बहतर स्वास्थ्य को जीवन में सहज रूप से शामिल करवाने के लिए आयोजित किया गया सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छाबरिया ने बताया की हर घर सेहत के प्रयास में सलाम नमस्ते सामुदायिक रेडियो योगदान दे रहा है। शिविर में एसके खारी, डॉ. वेणु गोपाल, नीतू शर्मा, डॉ. सुधांश शर्मा, डॉ. दुर्गांश शर्मा, ऋचा कौशिक, डॉ. सुमित त्यागी, डॉ. तृप्तिता चक्रवर्ती, डॉ. श्रद्धा प्रकाश, डॉ. तरुण त्यागी, डॉ. अनिल तोमर, मेजर डॉ. हर्षा विज का विशेष योगदान था।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला धरा

**नोएडा।** कोतवाली पुलिस ने घर में घुसकर नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने व धमकी देने वाले आरोपी पारस कश्यप पुत्र श्रीपाल कश्यन निवासी बसई सेक्टर.70 को गढ़ी गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने पडोस में रहने वाले नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की थी। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामले में आईपीसी की धारा और 7,8 पोक्सो एक्ट के तहत केस पंजीकृत किया था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया है।

### पत्नी से विवाद के पेड़ से फंदा लगाकर जान दी

**नोएडा।** गेझा में किराये के मकान में रहने वाले युवक ने सेक्टर-108 स्थित पार्क में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का मामूली बात पर अपनी पत्नी से विवाद हो गया था। हालांकि, पुलिस को घटनास्थल और मृतक के घर से सुसाइड नोट नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार अमित सिंह गेझा गांव में किराये के मकान में पत्नी और दो बेटियों के साथ रहता था। शनिवार की रात शराब के नशे में पत्नी से विवाद हो गया। सुबह पुलिस को उसका शव सेक्टर-108 स्थित पार्क में पेड़ पर फंदा से लटका मिला। पुलिस ने प्रथम दृष्टया जांच में मामले को आत्महत्या मानते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चाकू व लेपटॉप के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** फेस-1 कोतवाली पुलिस ने दिल्ली गोविंदपुरी निवासी आकाश सोनी को अवैध चाकू और चोरी के लैपटॉप के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी लूटपाट व चोरी की फिराक में सेक्टर-1 में चक्कर लगा रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। आरोपी के खिलाफ नोएडा समेत दिल्ली के कोटला मुबारकपुर, गोविंदपुरी, कालकाजी थानों में भी चोरी, 25 आर्म्स एक्ट समेत अन्य विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज है।

# मंडोला के आंदोलनरत किसानों ने बुलाई पंचायत

● अधिग्रहण से छह गांव के किसान है प्रभावित

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मंडोला के आंदोलनरत किसानों ने रविवार को धरनास्थल पर पंचायत बुलाई। इसमें किसानों पर दर्ज सभी मुकदमे और जिलाबदर के आदेश वापस लेने की मांग की गई। पंचायत में निर्णय लिया गया कि अगर उन्हें भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत मुआवजा आदि नहीं दिया गया तो दशहरे को धरना स्थल पर केंद्र और प्रदेश सरकार के साथ के पुतले दहन किए जाएंगे। आवास विकास परिषद की मंडोला विहार योजना के लिए सन 2010 में मंडोला, नानू, पंचलोक, अगरौला, नवादा और



मिलक बामला गांवों की अधिगृहीत की गई 2640 एकड़ भूमि के प्रभावित किसान दो दिसंबर 2016 से आंदोलनरत हैं।

किसानों को 1100 रुपये प्रतिवर्ग मीटर की दर से मुआवजे का भुगतान किया गया है। जबकि, छह प्रतिशत विकसित भूमि, पेड, ट्यूबवेल आदि का मुआवजा और प्रभावित गांवों का संपूर्ण विकास भी आवास विकास को करना है। किसान मुआवजे की दर से संतुष्ट नहीं हैं और पूर्व में किए गए भूमि अधिग्रहण को अवैध ठहरा रहे हैं। रविवार को आंदोलनरत किसानों ने धरना स्थल पर पंचायत बुलाई, जिसमें छह गांवों के प्रभावित किसानों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि आंदोलन की धार तेज करने के लिए बुधवार को भाकियू के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मांगेराम त्यागी धरनास्थल पर आएंगे। उनके सामने अपनी समस्या रखकर सहयोग मांगा जाएगा। अधिग्रहित भूमि पर कब्जे को लेकर कई बार आवास विकास अधिकारियों व किसानों के बीच विवाद भी हुए हैं और किसानों के विरुद्ध दर्जनों मुकदमे भी दर्ज कराए गए है।

दूसरी ओर किसानों ने भी अनशन, भूख हड़ताल, अर्धनग्न प्रदर्शन आदि कर शासन और प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया है, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ है।

# घोटाला: प्लेसमेंट से नियुक्तियों बंद होने के बाद भी 15 की भर्ती

● सिफारिश से बना गया मैनेजर, मुख्यमंत्री तक पहुंचा मामला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में एक और नियुक्ति घोटाला सामने आया है। प्लेसमेंट से नियुक्तियां करने पर शासन ने रोक लगा रखी है।

इसके बावजूद भी प्राधिकरण में 35 लोगों को प्लेसमेंट के जरिए नियुक्त कर लिया गया। मजेदार बात है कि इनमें एक ऐसा मैनेजर भी शामिल है, जो कि पिछले 15 सालों से प्राधिकरण अधिकारियों के लिए लाइजनिंग करता आ रहा था। अब उसे प्लेसमेंट के जरिए नौकरी पर प्राधिकरण में रख लिया और हेल्थ विभाग में मैनेजर के मलाईदार पद पर बैठा दिया। पता चला है कि प्लेसमेंट से की गई नियुक्तियों में प्राधिकरण के सीईओ से भी अभी तक अप्रूवल नहीं लिया गया है। यह नियुक्तियां पूर्व सीईओ नरेंद्र भूषण के तबादले के बाद की जा रही हैं। मामले की शिकायत सीएम तक पहुंची है।

# रावण तपस्या और राम जन्म के साथ आज से रामलीला का मंचन होगा शुरू

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

टीएचए में सोमवार से 20 से अधिक जगहों पर रामलीला का मंचन शुरू होगा। पहले दिन गणेश पूजन के साथ रावण तपस्या और राम जन्म के मंचन से रामलीला की शुरुआत होगी। बीते कई दिनों से हुई बारिश के बाद रविवार को मैदान में हुए जलभराव को साफ कराया। वसुंधरा और वैशाली में रविवार को गणेश पूजन के साथ रामलीला का मंचन शुरू कर दिया गया।

टीएचए में सोमवार से इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली, मोहन नगर, लापजत नगर, शालीमार गार्डन सहित अन्य इलाकों में रामलीला का मंचन शुरू होगा। इंदिरापुरम के न्यायखंड.एक स्थित शिवाजी पार्क में धरोहर की तरफ से 15वीं रामलीला मंचन का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को पहले दिन रावण तपस्या और राम जन्म, सीता जन्म से रामलीला का मंचन शुरू किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रावण तपस्या में रावण भगवान शंकर से अजेय और अमर होने का वरदान मांगेगा। जिसमें तपस्या में तरह.तरह की झलकियां दिखाया जाएगा। इसके साथ भगवान राम का जन्म होगा।

रामलीला का मंचन रात आठ बजे से शुरू होगा जो 12 बजे तक चलेगा। इसके साथ ही रामलीला मंचन में पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण को लेकर संदेश दिया जाएगा। इसके साथ ही वसुंधरा सेक्टर-सात स्थित प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को रामलीला का मंचन शुरू किया गया। वैशाली स्थित मां दुर्गा रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला का मंचन किया गया।



नोएडा के पर्थला चौक पर निर्धारित सीमा से अधिक सवारी बैठाने वाले ऑटो पर कार्रवाई करते यातायात पुलिसकर्मी।

# इंडियन आयल गैस प्लांट के ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल

● गाजियाबाद और नोएडा में गैस आपूर्ति ठप होने का खतरा बढ़ा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

लोनी में बंथला गांव स्थित इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड गैस प्लांट के ट्रांसपोर्टर अपनी आठ मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। उनके हड़ताल करने से दो प्रदेश के कई जिलों में इंडियन गैस की सप्लाई ठप होने की संभावना है। ट्रांसपोर्टरों ने मांग पूरी न होने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही है।

इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड गैस प्लांट पर करीब 60 ट्रांसपोर्टरों के दो सौ ट्रक लगे हैं। जो



कई प्रदेश के जिलों में गैस सप्लाई करते हैं। ट्रांसपोर्टरों का आरोप है कि सिलेंडर पर उसका व गैस का भार लिखा रहता है। घरों में गैस सप्लाई करने वाले सप्लायर सिलेंडर के भार से छेड़छाड़ टेयरवेट टेंपर्ड कर गैस की कालाबाजारी करते हैं। ट्रांसपोर्टरों की मानें तो अधिकारी ट्रक से प्लांट में आने वाले सिलेंडरों की लिस्ट मांगते हैं। अधिकांश चालक बिना पढ़े लिखे हैं।

लिस्ट कैसे तैयार कराई जाए। वहीं एग्रीमेंट में लोडिंग.अनलोडिंग ट्रांसपोर्टर की जिम्मेदारी है। जिसे सभी आपस में मिलकर करा लेते हैं। लेकिन, कुछ समय से एक व्यक्ति को लोडिंग.अनलोडिंग का ठेका दे दिया गया है। जो मनमाने रुपये वसूल रहा है। आरोप है कि विरोध करने पर ट्रांसपोर्टरों को डराया धमका जा रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर प्लांट मैनेजर को ज्ञापन भी सौंपा था। लेकिन, उन्होंने मांगों को लेकर कोई ठोस जवाब नहीं दिया। जिसके बाद वह हड़ताल पर हैं।

उन्होंने बताया कि बंथला गांव स्थित इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड गैस प्लांट से उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के कई जिलों में सप्लाई होती है। यदि मांग पूरी नहीं हुई तो वह हड़ताल वापस नहीं लेंगे। कुछ दिन हड़ताल रहने पर दोनों प्रदेश में गैस की किल्लत बढ़ जाएगी।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत पिता पर लगा हत्या का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-44 स्थित छलेरा गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, महिला के परिजनों ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर महिला की पीट पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस को अभी तक महिला के परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है।

जानकारी के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर के पलवाड़ा गांव निवासी 43 वर्षीय ऊषा की शादी 28 वर्ष पहले छलेरा गांव के जगबीर चौहान के साथ हुई थी। दोनों के चार बच्चे हैं। महिला के चचेरे भाई नृपेंद्र ने बताया कि सुबह उन्हें महिला की मौत के बारे में पता चला। जानकारी होने पर वह छलेरा गांव पहुंचे। ऊषा घर में अचेत अवस्था में पड़ी थी। उसके शरीर पर चोट के निशान थे।

ऊषा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि महिला की उसके पति ने पीट पीटकर हत्या की है। वह मायके में कई बार पति के गलत व्यवहार की शिकायत भी कर चुकी थी। मायके पक्ष के लोगों ने भी कई बार छलेरा पहुंचकर जगबीर और उसके परिवार वालों को समझाया था, लेकिन उसकी प्रताड़ना जारी रही।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 26 सितंबर, 2022



# कोविड टीका परिवहन का ठेका दिलाने के नाम पर झांसा, ठगे 15 करोड़ रुपये

● स्वास्थ्य मंत्रालय के तीन कर्मियों समेत पांच लोग गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से कोरोना के टीके समेत व अन्य दवाओं के परिवहन का ठेका दिलाने के नाम पर छह लोगों से 15 करोड़ रुपये ठगी करने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों में एक मंत्रालय का रिसेप्शनिस्ट और दो अनुबंध वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी शामिल हैं। आरोपियों ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के जाली दस्तावेज तैयार किए। इस गिरोह में शामिल फरार तीन अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। विशेष आयुक्त आर्थिक अपराध शाखा रविंद्र सिंह यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हरमन सभरवाल, गोविंद तुलसियान, दीप्राना तिवारी, त्रिलोक सिंह और मृत्युंजय राय है। आरोपियों ने कोरोना वायरस से बचाव के लिए वैक्सिन का अलग-अलग राज्यों में परिवहन का ठेका दिलाने के बहाने लोगों से ठगी की। इन लोगों ने पीड़ितों को भरोसा दिलाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के जाली दस्तावेज तैयार भी किए थे। त्रिलोक सिंह स्वास्थ्य मंत्रालय में स्थाई विविध कार्य कर्मचारी (एमटीएस) है, जबकि दीप्राना तिवारी संविदा कर्मचारी (एमटीएस) है। इनके अलावा राय सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) से गृह मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति पर आया था और निर्माण भवन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में एक स्वागत अधिकारी है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी ठग

विशेष आयुक्त ने बताया कि सुनील कौशिक समेत अन्य व्यक्तियों से कई शिकायतें मिलने के बाद मामले में छानबीन शुरू की गई। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कोविड टीकों के परिवहन से जुड़े कार्य दिलाने के बहाने उनसे 15 करोड़ रुपये ठग लिए गए। सभी शिकायतों में पीड़ितों ने ठगने का तौर-तरीका एक जैसा बताया था। सभी शिकायतकर्ताओं ने दावा किया है कि टीकों के परिवहन से जुड़ी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के लिए उन्हें परिवार एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के सम्मेलन कक्ष में बिठाया गया था। प्राथमिक जांच के बाद मामला दर्ज किया गया और ईओडब्ल्यू ने जांच अपने हाथों में ली। उनके अनुसार छह शिकायतें सामने आई हैं जिनमें ठगी गई कुल रकम 15 करोड़ रुपए है।

रवींद्र सिंह यादव ने कहा कि पिछले साल मई में जांच में खुलासा हुआ था कि आरोपी शिकायतकर्ताओं के संपर्क में आए थे। शिकायतकर्ताओं का विश्वास जीतने के लिए आरोपी उन्हें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में ले गए थे। आरोपियों ने खुद को मंत्रालय के अधिकारी के रूप में पेश किया और फर्जी दस्तावेजों पर शिकायतकर्ताओं के हस्ताक्षर लिए थे। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से 15 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। आरोपियों के बैंक खातों एवं अन्य विवरणों की जांच की गई है जिससे खुलासा हुआ कि उनमें बड़ी मात्रा में नकदी जमा की गई है। हर्मेन सभरवाल को अगरतला से गिरफ्तार किया गया, जहां वह एक होटल में छिपा हुआ था। अन्य आरोपियों को दिल्ली में गिरफ्तार किया गया।

# तीन दोस्तों ने की नाबालिग के साथ दरिंदगी

● शरीर में डाली रॉड, हालत बिगड़ने पर छोड़ भागे, दो पकड़े

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 10 वर्षीय छात्र के साथ सामूहिक कुकर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

आरोप है कि पीड़ित लड़के के तीन दोस्तों ने इस वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर उन्होंने पीड़ित के साथ बुरी तरह मारपीट की और वहां से भाग गए। परिजनों ने बच्चे को गंभीर हालत में नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक घटना का पता चलने पर पीड़ित छात्र और उसकी मां की काउंसलिंग कराई गई। गत शनिवार को को सीलमपुर थाने में मेडिकल रिपोर्ट व बयान के आधार पर सामूहिक कुकर्म करने व पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्जकर दो नाबालिग को दबोच लिया है। पकड़ा गया एक नाबालिग पीड़ित लड़के का रिश्ते में भाई है।

पुलिस ने दोनों नाबालिग को जुवेनाइल कोर्ट में पेश कर उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित लड़का छठी कक्षा में पढ़ता है। आरोप है कि गत 18 सितंबर को उसके तीन दोस्तों ने उसके साथ कुकर्म किया। विरोध करने पर उसके साथ बुरी तरह मारपीट की गई। उसपर ईंट और रॉड से हमला किया गया। सूत्रों के अनुसार एक आरोपी ने पीड़ित के संवेदनशील अंग में रोड भी डाली।

परिजनों ने लड़के को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया। वारदात का पता चलते ही पुलिस ने परिवार से संपर्क किया। मगर परिवार ने उस वक्त बयान देने से इनकार कर लिया। उन्होंने पुलिस को कुछ नहीं बताया। मगर जांच अधिकारी लगातार परिवार के संपर्क में रहा और लड़के व उसकी मां की काउंसलिंग कराई गई। जिसके बाद 24 सितंबर को परिवार ने पुलिस को बयान दिया। जिसके आधार पर तुरंत केस दर्ज कर दो नाबालिग को दबोच लिया। पीड़ित के शरीर में रॉड डालने की बात पर पुलिस का कहना है कि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। मेडिकल रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके आधार पर आगे की जांच करेगी।

### दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को भेजा नोटिस

दिल्ली महिला आयोग ने सीलमपुर इलाके में हुई घटना को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर 28 सितंबर तक जवाब मांगा है। आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा, यह बहुत ही भयावह घटना है। उनकी टीम परिवार के संपर्क में और उनकी मदद कर रही है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# कई स्थानों पर सुनीं गई मन की बात



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आदेश गुप्ता ने शालीमार बाग साउथ मंडल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनने के बाद कहा कि देश में पर्यावरण को लेकर सभी को गंभीर होने की जरुरत है और खासकर दिल्ली में इसके प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए सबसे ज्यादा जरुरत है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा ही अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात से कोई न कोई संदेश देश के नाम जरुर देते हैं और अभी की स्थिति को देखते हुए यह बेहद जरुरी है कि हम पर्यायवरण को लेकर संवेदनशील हो। दिल्ली के बूथ स्तर पर आयोजित हुए मन की बात कार्यक्रम में मीनाक्षी लेखी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन, सांसद प्रवेश साहिब सिंह समेत अन्य पदाधिकारी भी विभिन्न स्थानों पर उपस्थित थे।

# पोषण माहः दिल्ली विश्वविद्यालय में पुरस्कृत किए जाएंगे प्रतिभागी

● एनसीडब्ल्यूईबी और राष्ट्रीय महिला आयोग के संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश के पांचवें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत सितंबर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में योगदान देने वाले प्रतिभागियों को सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह में पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार नॉन कोलेजिएट वुमेंस एंड एजुकेशन बोर्ड (एनसीडब्ल्यूईबी) और राष्ट्रीय महिला आयोग के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा, डीयू के वाइस चांसलर प्रो. योगेश सिंह, एनसीडब्ल्यूईबी के चेयरपर्सन प्रो. बलराम पाणि, एनसीडब्ल्यूईबी निदेशक प्रो. गीता भट्ट, एनसीडब्ल्यूईबी के डिप्टी डायरेक्टर डा. सुरेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

पोषण को बढ़ावा देने में सहायक विषयों पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता के तहत पोस्टर प्रतियोगिता, खान पान जागरूकता, पारंपरिक स्वास्थ्यकर व्यंजन से संबंधित है। इस प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** जनसंघ के संस्थापक और एकात्म मानवादा के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती पर दिल्ली भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अपिर्त कर महान नेता को याद किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने उन्हें श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत को स्वीकार कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन संस्कारों का उल्लेख करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि वे दीनदयाल के अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लें। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में आयोजित उनकी 106वीं जयंती पर आयोजित समारोह में आदेश गुप्ता सहित भाजपा पदाधिकारी, सांसद, विधायकों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजली अर्पित किया।

### रामलीला आज से, बारिश से बचाव को किया यज्ञ

**नई दिल्ली।** बरसात से सहमे रामलीला समिति के लोगों ने मौसम की मार से बचने के लिए यज्ञ किया है। रामलीला कमेटी इन्द्रप्रस्थ द्वारा मौसम की मार से बचने के लिए हवन पूजन किया। रामलीला के महामंत्री श्री मितिन गर्ग के अनुसार पिछले कुछ दिनों में बेमौसम बरसात ने लीला आयोजन पर काफी असर डाला है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवन श्रीराम की लीला मंचन सुचारू रूप से हो इसके लिए अति वृष्टि रोक यज्ञ का आयोजन किया गया है। सनातन संस्कृति के अनुसार सर्वप्रथम यह यज्ञ बाबा नन्द ने करवाया था। यह यज्ञ वर्षा की अतिवृष्टि को रोकने के लिए है।

### अंकिता हत्याकांड पर आप का प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** उत्तराखंड की अंकिता भंडारी की हत्या में भाजपा नेता का हाथ सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने रविवार को भाजपा मुख्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सरिता सिंह ने कहा कि बुलडोजर चलाने से उस बेटी को न्याय नहीं मिलने वाला है।

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया




**नई दिल्ली।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के फार्मेसिस्ट ने रविवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में सीजीएचएस दिल्ली के सभी फार्मासिस्टस् ने भाग लिया। कार्यक्रम में आई एस चौहान (जेसीएम मेंबर) सिरी विकास जैन (राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सीजीएचएस कर्मचारी संघ) और राकेश शर्मा (अध्यक्ष सीजीएचएस कर्मचारी संघ दिल्ली शाखा ) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विकास जैन ने बताया कि भविष्य में फार्मासिस्ट और फार्मेसी प्रोफेशन किस तरह से मानव कल्याण के लिए सार्थक साबित होगा।



# वाटर प्रूफ मंच बनाकर शुरू कराई श्रीदुर्गा रामलीला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### जैकबपुरा स्थित श्रीदुर्गा रामलीला का पहला दिन

### भारी बरसात के बीच बेहतर प्रबंधन के साथ शुरू की गई रामलीला


गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित श्रीदुर्गा रामलीला में मंचन करते कलाकार।

**महानगर** के जैकबपुरा स्थित श्रीदुर्गा रामलीला की भव्य शुरुआत शनिवार से कर दी गई। शुरूआत के अवसर पर बाबा प्रकाश पुरीजी महाराज के परम शिष्य रवि पुरी जी महाराज, गोपाल दास वधवा, पवन सचदेव, रोजी ने विधि-विधान से पूजा करके रामलीला का श्रीगणेश किया। इसके बाद कलाकारों ने लीला का मंचन किया।

इस मौके पर राम लीला के चैयरमेन बनवारी लाल, प्रधान कपिल सलूजा, सचिव अशोक कुमार कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता संरक्षक के सी नारंग, देविंदर जैन, यशपाल सैनी, रमेश कालड़ा, विकास गुप्ता निदेशक अशोक सौदा व गोपाल जलिंदरा तेजिंदर सैनी मनोज, मनीष, मुकेश और अन्य सदृश्य मौजूद रहे। श्रीदुर्गा रामलीला कमेटी के मीडिया प्रभारी राज सैनी बिसरवाल ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए रामलीला के मंच पर वाटर प्रुफ तैयार कराया गया। हालांकि इससे पहले मंच की सजावट हो चुकी थी, लेकिन बरसात आने के कारण एक दिन पहले तैयारियों में खलल पड़ा। इसके बाद वाटर प्रुफ कराने का निर्णय लिया गया। पहले दिन की निर्विघ्न पूर्ण हुई। रामलीला की शुरुआत नारद जी के तप से शुरू हुई। नारायण-नारायण के उच्चारण के साथ नारद जी (केसव जलिंदर) हिमालय पर्वत से गुजर रहे थे। वहां पर उन्होंने एक गुफा देखी।

गुफा तो उन्हें अच्छी ही लगी, साथ में वहां नदी और वनों को देखकर भी वे हर्षित हुए और उन्होंने वहां तप करना शुरू कर दिया। नारद मुनि की इस तपस्या से देवराज इन्द्र भयभीत हो उठे कि कहीं देवर्षि नारद अपने तप के बल से इन्द्रपुरी को अपने अधिकार में न ले लें। लीला में नारद जी ने विष्णु जी से कहा कि तुमने मेरे साथ धोखा किया है। इसलिए मैं तुम्हें तीन श्राप देता हूं। पहला कि तुम मनुष्य के रूप में जन्म लोगो। दूसरा तुमने हमें स्त्री वियोग दिया, इसलिए तुम्हें भी स्त्री वियोग सहकर दुखी होना पड़ेगा और तीसरा श्राप यह कि जिस तरह हमें बंदर का रूप दिया है, इसलिए बंदर ही तुम्हारी सहायता करेंगें, यानी उनका सहारा लेना पड़ेगा। मीडिया प्रभारी राजकुमार सैनी ने बताया कि जो दर्शक ग्राउंड में नहीं आ पाए, उनको फेसबुक के माध्यम से लाइव दिखाया जा रहा है।

## बेहतरीन कार्यकुशलता के धनी थे पंडित दीनदयाल : सुंदर लाल

### अपने कार्यालय पर मौजिज लोगों के साथ सरपंच ने पंडितजी को दी श्रद्धांजलि


पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर पौधारोपण करते सरपंच सुंदर लाल।

**गुरुग्राम।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मानेसर नगर निगम के गांव सिकन्दरपुर बढ़ा में सरपंच सुन्दर लाल यादव के कार्यालय पर बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर दीनदयाल की जयंती पर पुष्प अर्पित करके त्रिवेणी लगाई गई।

इस दौरान अरुण यादव, सुनील यादव, हरजस सरपंच रामपुरा, सतीश सरपंच डाबोदा, अशोक कुमार, संजय यादव, अमरेश मिश्रा, धर्मबीर यादव, विनोद यादव, रामकुवार यादव, राहुल सोनी, अश्वनी चौहान, रविकान्त शर्मा, स्नेहलता, आरती लांबा, सारिका चंद्रा, सयानदेब बोस सहित नये गुरुग्राम के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जीवन से परिचित कराते हुए सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि उनका जन्म 25 सितम्बर 1916 को मथुरा जिले के नगला चन्द्रभान गांव में हुआ था। उनके पिता रेलवे में जलेसर रोड स्टेशन के सहायक स्टेशन मास्टर थे। भारतीय जनसंघ की स्थापना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा वर्ष 1951 में जब डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा जनसंघ की स्थापना की गई तो पंडित दीन दयाल उपाध्यक्ष को पहले महासचिव की जिम्मेदारी दी गई। वे लगातार दिसंबर 1967 तक जनसंघ के महासचिव बने रहे। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि पंडित जी की कार्य क्षमता से प्रभावित होकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उनके लिए गर्व से सम्मानपूर्वक कहते थे कि-यदि मेरे पास दो दीनदयाल हों, तो मैं भारत का राजनीतिक चेहरा बदल सकता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय मार्ग से आए बरसाती पानी से फसल हुई खराब


सोहना के गांव बालूदा में बडोदरा-बोम्बे हाइवे राष्ट्रीय मार्ग से आए बरसाती पानी में डूबी बाजरे की फसल को देखता किसान।

**सोहना।** खंड के गांव बालूदा के जंगल में वडोदरा-बोम्बे हाइवे राष्ट्रीय मार्ग से आया बरसात का पानी धान व बाजरे की फसल वाले करीब 7 एकड़ जमीन पर भर गया। जिससे किसान की कटी हुई फसल से लेकर खड़ी फसलों में पानी भर जाने से भारी नुकसान हुआ है। जल्द ही किसान तहसीलदार को राष्ट्रीय मार्ग का निर्माण करने वाली कंपनी के खिलाफ लिखित में शिकायत देंगे। बीते तीन दिन तक हुई बारिश का बडोदरा-बोम्बे राष्ट्रीय मार्ग पर जमा हुए पानी को गांव बालूदा में लगते खेतों में खोल दिया है। इससे राष्ट्रीय मार्ग से आए बरसाती पानी से करीब 7 एकड़ जमीन में भर गया। गांव खरौदा निवासी किसान गंगाराम ने बताया कि उसकी दो एकड़ की कटी हुई बाजरे की फसल धूम में सूखाने के लिए खेत में ही पड़ी थी, लेकिन बोम्बे हाइवे से आया पानी ने पूरी फसल को खराब कर दिया।
**किसान करेंगे मुआवजे की मांग :** गांव बालूदा निवासी किसान सतीश का कहना है कि बोम्बे हाइवे से आया बरसाती पानी से हुई फसल खराब का मुआवजा की मांग करेंगे। जिसके लिए मंगलवार को किसान तहसीलदार को लिखित में शिकायत देंगे। ताकि किसान को उनकी खराब हुई फसल का मुआवजा मिल सके।

### सतीश हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** सोहना सदर थाना पुलिस सतीश हत्याकांड के आरोपी पवन उर्फ छोटू को पास के गांव बालूदा से गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी जयसिंह ने बताया कि हत्या को अंजाम देने के बाद पवन उर्फ छोटू अपना रिश्तेदार के पास चला गया था। जिससे मृतक का मोबाइल फोन और पर्स भी बराबर कर लिया है। आरोपी को सोमवार की दोपहर अदालत में पेश किया जाएगा। अदालत से आरोपी का रिमांड मांगा जाएगा। जिससे रिमांड के दौरान तेज धारदार हथियार की बरामदगी को लेकर पूछताछ की जाएगी। पुलिस को अभी तक वह हथियार नहीं मिला है।

### जर्जर सड़क पुनर्निर्माण के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम



**गुरुग्राम।** हेलीमंडी से फरूखनगर (वाया महचाना मुशेदपुर) और क्षेत्र की ग्रामीण लिंक सड़कों के पुनर्निर्माण के लिये सड़क सुधार संगठन के अध्यक्ष एवं प्रवक्ता आम आदमी पार्टी सुखबीर तंवर के संयोजन में बिरहेड़ा मोड़ पर पंचायत आयोजित की गई। क्षेत्र के विभिन्न मौजिजान ने एक स्वर में क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों पर रोष जाहिर करते हुए सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग उठाई। शासन/प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि सभी सड़कों का पैचवर्क तुरंत करवाये। क्षेत्र की सभी क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ करवाया जाये। पंचायत में पटौदी से फरूखनगर (वाया महचाना मुशेदपुर) रुट पर बस नही चलने से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से हो रही परेशानी की कड़ी निंदा करते हुये अविलंब सुचारु बस सेवा की मांग की गयी।

# रक्तदान शिविर से जीवन रक्षा करने में जुटा पंजाबी बिरादरी महासंगठन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में पंजाबी बिरादरी महा संगठन की ओर से रक्तदान शिविर में रक्तदाता के साथ संस्था के सदस्य।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत अपने 10 सामाजिक सेवा कार्यों को पूरा करने की दिशा में रविवार को पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आर्य समाज मंदिर सेक्टर-7 एक्सटेंशन में आयोजित शिविर में प्रधान बोधराज सीकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान अमृत महोत्सव में 87 हजार से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया है। जो एक नया विश्व रिकॉर्ड है।

उन्होंने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती भी है। इस उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन कर हमने उनके दिखाए मानवता के मार्ग पर अग्रसर होने के अपने सेवा संकल्प को और मजबूत किया है। हमें गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने गरीब कल्याण के अपने अडिग लक्ष्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन और अंत्योदय की विचारधारा को साकार करके दिखाया है। पंजाबी बिरादरी संगठन भी इसी पथ का अनुगमन कर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। और समाज कल्याण में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर जैसे संकल्पों को पूरा कर रहा है। इस शिविर के लिए श्रीसीकरी ने सीएमओ डा. विरेंद्र यादव, उप-सिविल सर्जन डा. अनुज गर्ग का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश कथूरिया वरिष्ठ उपप्रधान, राम लाल ग्रोवर महामंत्री अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत में है संस्कारों का समावेश : डा. डीपी गोयल

### सेक्टर-52 आरडी सिटी में संपन्न हुई श्रीमद् भागवत कथा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के सेक्टर-52 स्थित आरडी सिटी में श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर आशीर्वाद लेने पहुंचे डा. डीपी गोयल व अन्य।

**महानगर** के सेक्टर-52 स्थित आरडी सिटी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। सप्ताहभर तक यहां श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का रसपान किया।

कथा में स्वामी पूर्णेंदु महाराज ने भागवत कथा के हर पहलू को हर व्यक्ति के जीवन में अपनाने को प्रेरित किया। समापन कार्यक्रम में भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक डा. डीपी गोयल ने सपरिवार शिरकत की। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. डीपी गोयल ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा एक मात्र कथा नहीं है, बल्कि इसमें जीवन का सार है। यह हम सबके लिए शिक्षा और संस्कारों का समावेश है। इससे हमें सीखना चाहिए। कथा में जिस बिंदू पर हमें कथा वाचक कथा की बारीकियां बताते हैं, उन्हें अपने जीवन में ढालना चाहिए। ऐसे समागमों से हम बच्चों में भी संस्कारों का समावेश कर सकते हैं। ऐसे आयोजन में बच्चों की भी हाजिरी होनी चाहिए।

## धर्मशिला नारायणा सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल की न्यूट्रीमा में ओपीडी का हुआ आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**हृदय** संबंधी रोगों के मामले इन दिनों बढ़ते ही जा रहे हैं। कई हृदय रोग ऐसे होते हैं, जो या तो जन्म के समय मौजूद होते हैं या फिर उम्र के साथ या संक्रमण से हो जाते हैं जिनको ठीक करने के लिए ऑपरेशन की आवश्यकता होती है और उसके बाद बहुत सी सावधानियां बरतनी पड़ती है। इन्ही मुद्दों को लेकर चिंता जताते हुए धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल की तरफ से मेरठ के न्यूट्रिमा हॉस्पिटल में कार्डियक सर्जरी की ओपीडी का आयोजन किया गया। जिसमे अस्पताल के डायरेक्टर एंड सीनियर कन्सलटेंट, कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी (CTVS), डॉ संदीप सिंह द्वारा मरीजों की जांच की गई व उन्हें उचित परामर्श भी दिए गए। इस ओपीडी का मुख्य उद्देश्य वहां के रोगियों के लिए जांच एवं परामर्श के साथ-साथ छोटे शहरों में फैलने वाली इन बीमारियों पर लगाम लगाना भी था।

# 15 साल पहले रोहतक के क्रिकेटर जोगिंद्र शर्मा ने जिताया था टी20 विश्व कप

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### आखिरी ओवर में महेंद्र क्ष्सिह धोनी ने जोगिंद्र शर्मा को ओवर देकर खेला था दांव

### जोगिंद्र को माही ने कहा था, दबाव मत लो...हारे तो यह मेरे ऊपर आएगा

### 24 सितम्बर 27 को दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुआ था मैच



विश्व कप जीत के बाद जश्न मनाते जोगिंद्र शर्मा। फाइल फोटो। जोगिंद्र शर्मा।

**ठीक** 15 साल पहले 24 सितम्बर 2007 में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए टी20 विश्व कप के फाइनल मैच में भारत की जीत का श्रेय जाता है हरियाणा के रोहतक निवासी भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज जोगिंद्र शर्मा को। उन्होंने आखिरी ओवर में पाकिस्तान के बैट्समैन मिस्बाह-उल-हक को आउट करके यह विश्व कप मैच जिताया था।

इस मैच को लेकर 15 साल बाद जोगिंद्र शर्मा ने टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी द्वारा कही गई एक बात का खुलासा किया। वह एक मंझे हुए खिलाड़ी की तरफ से अपने साथी को हौंसला देने वाली बात है और उसमें इमोशन भी भरा है। एक पान की दुकान चलाने वाले ओमप्रकाश शर्मा इस समय अदानी स्पोर्ट्स लाइन गुजरात जायंट्स के खिलाड़ी जोगिंदर शर्मा साल 2007 में भारतीय टीम के खिलाड़ी थे। उस टीम-20 विश्व कप में जो नजारा दुनिया ने देखा, क्रिकेट के हर प्रशंसक के दिलो-दिमाग में वह दृश्य आज भी घूमता है। जोगिंद्र शर्मा तो उस दिन को कभी नहीं भूल सकते। वह दिन उनकी जिंदगी का भी अहम दिन है। विश्व कप में भारत की जीत के बाद जोगिंद्र शर्मा का क्रिकेट की दुनिया में कद और भी ऊंचा हो गया।

रोहतक के रेलवे स्टेशन के सामने वैश्य कालेज के उस समय सामान्य से मैदान से जोगिंद्र शर्मा ने क्रिकेट मैच खेलने की शुरुआत की थी। उन्होंने क्रिकेट में गेंदबाजी में महारत हासिल की। हमने उन्हें क्रिकेट की शुरुआत करते देखा है। एक कच्चे, पथरीले मैदान में वे क्रिकेट का अभ्यास करते थे।

**जोगिंद्र सिंह को रणबीर सिंह महेंद्रा ने परखा था... :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उस समय अध्यक्ष रहे रणबीर सिंह महेंद्रा (हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के पुत्र) ने जोगिंद्र शर्मा की क्रिकेट की बारीकियों को परखा। चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम लाहली (रोहतक) में हुए रणजी मैच में जोगिंद्र शर्मा ने उस समय भारतीय टीम के खिलाड़ी रहे वीरेंद्र सहवाग के साथ मैच खेला। जोगिंद्र शर्मा की उम्दा गेंदबाजी से रणबीर सिंह महेंद्रा भी गदगद हुए थे। इसके बाद जोगिंद्र शर्मा का चयन टी20 विश्व कप के लिए किया गया।

### पाकिस्तान को 6 गेंद पर बनाने थे 13 रन

**मीडियम** पेसर गेंदबाज जोगिंद्र शर्मा ने 2007 टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में पाकिस्तान के खिलाफ भारत को पांच रन से जीत दिलाई थी। भारत को 158 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को आखिरी छह गेंदों पर जीत के लिए 13 रन चाहिए थे। पाकिस्तानी बैट्समैन मिस्बाह-उल-हक मैच और खिताब को भारत से दूर ले जाना चाह रहे थे। ऐसी परिस्थितियों में महेंद्र सिंह धोनी ने उस रात के मैच में एक जुआ खेला। तब माही ने जोगिंद्र शर्मा ने कहा था-तुम किसी भी तरह का दबाव मत लो। अगर हम हारते हैं, तो यह उनके ऊपर आएगा। धोनी की इस बात से जोगिंद्र शर्मा इसलिए निश्चिंत नहीं हुए कि हार का कारण धोनी बनेंगे। बल्कि उन्होंने मैच को जिताने के लिए बड़ी ही शिद्दत से गेंदबाजी की।

### जोगिंद्र ने तीसरी गेंद में बदली रणनीति

**जोगिंद्र** शर्मा के ओवर की दूसरी गेंद पर मिस्बाह ने छक्का मारा था। तीसरी गेंद डालने से ठीक पहले जोगिंद्र ने देखा कि मिस्बाह स्कूप खेलने के लिए तैयार हो रहे हैं। इसलिए उसने लेंथ में बदलाव करते हुए धीमी गेंदबाजी की। मिस्बाह इसे ठीक से नहीं खेल पाए। उस गेंद का श्रीसंत ने कैच लपका और फिर इतिहास बन गया। जोगिंद्र ने कहा कि 2007 टी20 वर्ल्ड कप फाइनल की यादें आज भी उनके दिमाग में जाता हैं और सदा रहेंगी। वह विश्व कप जीतने के साथ भारत की जीत और जोगिंद्र शर्मा का वह ओवर इतिहास में दर्ज हो गया। इसके बाद जोगिंद्र शर्मा पर धनवर्षा हुई और उनका जीवन बदल गया। उनके पिता रोहतक जनता कालोनी में पान की दुकान चलाते हैं। जोगिंद्र शर्मा हरियाणा पुलिस में वह डीएसपी हैं।

# नौकर ने किसान की बेरहमी से गला रेत की हत्या

### आरोपी नौकर ने तेज धारदार हथियार से ताबड़तोड़ 8 से 10 वार किए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


मृतक किसान के शव का पोस्टमार्टम होने के दौरान शवगृह कक्ष के बाहर लगी नागरिकों की भीड़।


मृत किसान सतीश यादव की फाइल फोटो।

**शहर** के वार्ड-10 की गहलोत विहार निवासी 42 वर्षीय किसान की खेत पर नौकर ने तेज धारदार हथियार से बेरहमी से ताबड़तोड़ 8 से 10 वार करते हुए हत्या कर दी। नौकर परिजनों को आता देख आखिर में किसान का गला रेत कर खेतों में भाग गया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर नामजद हत्यारोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। किसान के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दी।

शनिवार की रात करीब 12 बजे वार्ड-10 गहलोत निवासी सतीश यादव अपने खेतों पर सो रहा था। उत्तर प्रदेश के जिला कानपुर देहात के गांव ऐटा निवासी नौकर पवन उर्फ छोटू का किसी बात को लेकर किसान सतीश से झगड़ा हो गया। इस झगड़ा को होता देख सतीश का दूसरा नौकर सोनू परिजनों को सूचना देने के लिए खेत से घर पहुंचा।

झगड़ा होने की सूचना मिलने पर सतीश का छोटा भाई संदीप अन्य सदस्यों के साथ खेतों पर पहुंचे, लेकिन जब तक सतीश के परिजन खेत पर पहुंचते। उससे पहले पवन उर्फ छोटू ने उसके भाई सतीश पर 7-8 वार तेज धारदार हथियार से करता हुआ उन्होंने दूर से देखा।

उन्हें निकट आता देख पवन उर्फ छोटू आखिर में जमीन पर पड़ा सतीश की गर्दन को रेत कर खेतों में से भाग गया। सतीश को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने सतीश को मृत घोषित कर दिया। हत्यारा घटना स्थल से भागने के दौरान सतीश का मोबाइल फोन और पर्स को ले गया। सतीश के पर्स में 10 से 12 हजार रुपये नकदी होना बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतक के भाई संदीप की शिकायत पर नामजद आरोपी पर हत्या करने का मामला दर्ज कर लिया है।

#### हत्या के कारण का नहीं हुआ खुलासा

**मामले** की जांच कर रही सदर थाना पुलिस को न तो मृतक के परिजनों ने अभी तक कोई कारण नहीं बताया है। न ही पुलिस इस मामले में कुछ बताने को तैयार है। लेकिन सूत्रों के अनुसार मृतक सतीश सरल व मजाक करने वाला था। वह खेत पर कार्य करने वाले नौकरों से प्यार में मजाक और गालियां दे देता था। सतीश ने पवन उर्फ छोटू को इसी माह की 11 तारीक से काम पर रखा था।

दो दिन पहले ऐसे ही मजाक में सतीश ने पवन उर्फ छोटू को कुछ कह दिया था। जिसका विरोध पवन अपने मुंह से तो कुछ नहीं कर सका। लेकिन पवन उर्फ छोटू ने अपने मन ही मन में सतीश से उस कहे जाने का बदला हत्या करके ले लिया है।

#### पूर्व नौकर समेत दो युवक हिरासत में

**जानकारी** के अनुसार अपराध शाखा पांच पुलिस ने मृतक सतीश के साथ कई वर्षों से खेतों पर नौकरी करने वाले सोनू और पास के गांव बालूदा में खेतों पर अपने परिजनों के साथ रहने वाले एक अन्य युवक को हिरासत में ले लिया है। जिनसे पुलिस सतीश की हत्या को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस सतीश की हत्या को अंजाम देने वाले हत्यारे को जल्द ही गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

> “ **पुलिस** ने मृतक के भाई संदीप की शिकायत पर नामजद हत्यारोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार हत्यारोपी की तलाश में गठित की गई टीम पीछा कर रही है। बहुत ही जल्द हत्यारोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।
>
> **जयसिंह**
> **(सदर थाना प्रभारी)**

# नगर परिषद के लाखों रुपये बहाने के बाद भी है जलभराव की समस्या

### नालों में कूड़े-कचरे को रोकने के लिए 3 से 35 लाख रुपये की खर्च की गई धनराशि

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


शहीद भगत सिंह फब्बारा चौक से पुरानी सब्जी मंडी के रास्ते में जमा बरसाती पानी।

**नगर** परिषद और पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा शहर के गंदे व बरसाती पानी के नालों की सफाई पर लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद शहर में जलभराव की समस्या को समाप्त नहीं कर सके। तीन दिन लगातार हुई बारिश ने शहरवासियों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। सरकारी विभाग अधिकारी हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहे।

इस वर्ष नगर परिषद और पीडब्ल्यूडी विभाग ने एसडीएम जितेन्द्र गर्ग के आदेश पर बरासती व गंदे पानी की निकासी के लिए नालों की सफाई गई थी। नगर परिषद की तरफ से जेसीबी से लेकर मैन पावर से गंदे व बरसाती नालों की सफाई व नालों में बहकर जाने वाला कूड़े-कचरे को रोकने के लिए 30 से 35 लाख रुपये की राशि खर्च की गई। इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी विभाग ने भी गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग 248ए के साथ-साथ शहर के दमदमा मोड़ से लेकर रायपुर तक करीब तीन किलोमीटर की दूरी में बना बरसाती नालों की सफाई कराई गई थी। जिस पर बीएण्डआर विभाग ने लाखों रुपये का खर्च किया। तीसरा विभाग जनस्वास्थ्य विभाग को एसडीएम ने शहर के तमाम सीवर लाइनों की सफाई को कहा गया था। विशेषकर शहर के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी में जमा होने वाले बरसाती पानी की निकासी पर जोर दिया था। जहां जनस्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद को सामुहिक रुपसे जलभराव को हर हाल में समाप्त करने को कहा गया था। इसके बावजूद तीन दिन हुई बारिश ने यहा भी जनस्वास्थ्य और नगर परिषद विभागों की पोल को खोल दिया।

**दुकान व खेतों में भरा पानी :** शहर की पुरानी मंडी रास्ता से लेकर बस स्टैंड, माता मंदिर रास्ता, अस्पताल मार्ग, अनाज मंडी, महाराजा अग्रसैन चौक, शहीद भगत सिंह फब्बारा चौक बालूदा मार्ग, जखोपुर, बस स्टैंड के सामने जलभराव से दुकान में पानी भर गया।

**किसानों की फसल हुई बर्बाद:** मंगलनगर कॉलोनी में सब्जी बिजाई वाले खेतों में बरसाती पानी जमा होने से फसलें बर्बाद हो गई। जिससे किसानों को एक फसल बर्बाद होने से एक से डेड़ लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

# नवरात्रों में व्रत रखने से बचें रोगी व गर्भवती महिलाएं

कविता। फरीदाबाद

नवरात्रों के भक्तिमय माहौल में कुछ मरीज व गर्भवती महिलाएं भी पूरे नौ दिन और कुछ केवल पहला और आखिरी व्रत करते हैं। वह व्रत को ही भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने का सबसे सरल तरीका मानते हैं। ऐसे में गर्भवती महिलाएं भी व्रत करती हैं और वे ये भूल जाती हैं कि उन्हें व्रत करने से परेशानी भी हो सकती है।

डॉक्टरों द्वारा रोगियों, वरिष्ठजनों और गर्भवतियों को व्रत न रखने की सलाह दी जाती है। बीके अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ. प्रोनिता अहलावत ने बताया कि व्रत के दौरान कुछ लोग निर्जला व्रत करते हैं, जो कि शरीर के लिए नुकसानदायक होता है। कुछ लोग वजन कम करने के लिए भी व्रत करते हैं। जबकि इससे कुछ लोगों का वजन बढ़ता है। नवरात्र में पूरे दिन भूखा रहने और रात के समय भारी खाने का सेवन करने से सिर दर्द होना, चक्कर आना, बेहोशी आना, कमजोरी महसूस होना जैसी समस्याएं शुरू हो जाती है।




**बचाव करें :** डॉ. प्रोनिता ने कहा कि पहले लोगों को अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हर दो घंटे के अंतराल में कुछ न कुछ फल, जूस या सलाद का सेवन करते रहना चाहिए। ये डिहाइड्रेशन से बचाते हैं। थोड़ी-थोड़ी देर बाद पानी पीते रहना चाहिए। तरल पदार्थों का ज्यादा सेवन करना चाहिए। सुबह उठने के बाद ज्यादा देर तक भूखा रहने से एसिडिटी और पूरे दिन भोजन न करने या सिर्फ पानी पर निर्भर रहने से लो ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। इसलिए समय-समय पर फलाहार करते रहना चाहिए।

**मेटाबॉलिज्म प्रभावित:** डॉ. अहलावत गर्भवती महिलाओं को अपने साथ अपने गर्भ में पल रहे बच्चे के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना चाहिए। पूरा दिन भूख रहने से न केवल शरीर का मेटाबॉलिज्म प्रभावित होता है, बल्कि शरीर में वसा की मात्रा में बढ़ जाती है। पूरा दिन भूखा रहकर रात को हाई कैलोरी युक्त खाना खाने का न केवल गर्भवती महिला बल्कि उसके गर्भ में पल रहे बच्चे के स्वास्थ्य बुरा असर पड़ता है। पाचनतंत्र पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। व्रत के दौरान कुछ न खाने से शूगर लेवल कम हो सकता है।

**डायबिटीज रोगी ले सलाह :** फिजिशियन डॉ. योगेश गुप्ता ने कहा कि अगर डायबिटीज रोगी व्रत रखते हैं तो उन्हें कठिन और लंबे व्रत नहीं करने चाहिए। न ही पानी की मात्रा को कम होने देना चाहिए। पानी का सेवन करते रहने से डिहाइड्रेशन नहीं होती। नमकीन दही, छाछ, नारियल पानी व रसीले फलों का सेवन करें। ताकि शरीर में पानी की कमी की पूर्ति हो सके। डायबिटीज के रोगी को व्रत रखने से पहले डॉक्टर से जांच एवं सलाह जरूर लेनी चाहिए।

# अवैध गेस्ट हाउस में चले रहे देह व्यापार के अड्डे का किया भंडाफोड़

## पुलिस ने गेस्ट हाउस से सात युवतियों और गेस्ट हाउस संचालक को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शहर के रिहायशी इलाकों अवैध से चल रहे गेस्ट हाउस और ओयो होटलों की आड़ में अनैतिक धंधे चलाए जा रहे हैं। पुलिस इन गेस्ट हाउसों में छापेमारी कर कई बार देह व्यापार और जुए के अड्डों का पर्दाफाश कर चुकी है, लेकिन इसके बावजूद इन गेस्ट हाउसों में अनैतिक कारोबार बेरोकटोक के चल रहा है। पायनियर द्वारा अवैध हाउसों में चल रहे अनैतिक धंधों का मुद्दा कई बार उठाया जा चुका है।

इस बार भी थाना एनआईटी की टीम ने सेक्टर 21डी स्थित एक कोठी में अवैध रूप से चल रहे देह व्यापार के अड्डे का पर्दाफाश किया है। पुलिस की टीम ने गेस्ट हाउस के संचालक के साथ-साथ सात युवतियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।


गेस्ट हाउस से पकड़ी लड़कियों को मेडिकल चैक अप करवाने ले जाती महिला पुलिस।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर 21डी में एक कोठी में बने अवैध गेस्ट हाउस में पिछले काफी समय से देह व्यापार का अड्डा चलाया जा रहा था। जिसके कारण गेस्ट हाउस में असामाजिक तत्वों का आवागमन लगा रहता था। जिससे आस-पास रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गेस्ट हाउस के सामने से गुजरने वाली महिलाओं को काफी परेशानी हो रही थी। इसी दौरान गतिविध किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। एससीपी विनोद कुमार के मुताबिक देह व्यापार के अड्डे का पता चलने पर उन्होंने आला अधिकारियों से अनुमति लेने के बाद छापेमारी के लिए एक टीम गठित कर दी। जिसके बाद एक पुलिस के सिपाही को बोगस ग्राहक बनाकर गेस्ट हाउस संचालक से सम्पर्क करने को कहा गया। सिपाही द्वारा व्हटसेप पर सम्पर्क करने पर गेस्ट हाउस संचालक पांच हजार रुपये में दो युवतियां उपलब्ध करवाने को तैयार हो गया। सौदा तय हो जाने पर संचालक ने गेस्ट हाउस की लोकेशन भेज कर बोगस ग्राहक को बुला लिया। जहां गेस्ट हाउस के संचालक ने बोगस ग्राहक से रुपये लेने के बाद वहां मौजूद युवतियों को दिखाना शुरू कर दिया।

उसी दौरान बोगस ग्राहक बने सिपाही ने बाहर खड़ी टीम को चुपचाप इशारा कर दिया। जिसके बाद पुलिस की टीम ने तुरंत गेस्ट हाउस संचालक और मौके पर मौजूद सात युवतियों को अपनी हिरासत में ले लिया। पकड़े गए गेस्ट हाउस संचालक की पहचान जितेंद्र उर्फ जीतू के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि गेस्ट हाउस सुरेंद्र और निखिल नामक व्यक्तियों के हैं। उन्होंने जितेंद्र को गेस्ट हाउस लीज पर दिया हुआ है। वहीं युवतियों ने बताया कि आरोपी जितेंद्र उनसे देह व्यापार करवाता है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहा एतिहासिक जन समर्थन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राज्यसभा** सांसद दीपेन्द्र सिंह हुडडा के नेतृत्व में केरल के त्रिशूर व वडक्कन चेरी शहरों में 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान रविवार को बड़खल विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ चुके विजय प्रताप सिंह, एनआईटी विधानसभा से विधायक नीरज शर्मा, वर्धन यादव, विजय पाल सरपंच, राजेश वर्मा सहित अनेक कांग्रेस के नेताओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम इन नेताओं ने राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुडडा सहित कांग्रेसी नेताओं ने पैदल यात्रा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मिले।

विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से देश भर में कांग्रेस की लहर बन रही है। जिससे भाजपा सरकार जड़े खोखली हो रही हैं। यात्रा में लोगों का ऐतिहासिक समर्थन मिल रहा है। जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा की देश में क्या हालत है। इस दौरान उन्होंने रसोई गैस की कीमत में वृद्धि के खिलाफ गैस सिलेंडर के आकार के कटआउट और बैनर के साथ प्रदर्शन किया।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए, हिंसा और नफरत फैला रहे हैं। कांग्रेस विजय प्रताप ने कहा कि, ''जब संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार थी, तब गैस सिलेंडर की कीमत 400 रुपये थी। उस समय प्रधानमंत्री गैस सिलेंडर की कीमत 400 रुपये होने की शिकायत करते थे, लेकिन आज गैस सिलेंडर एक हजार रुपये का होने पर वह एक शब्द भी नहीं बोलते।'' विजय प्रताप सिंह ने लोगों से अपील की कि वे इस ''ऐतिहासिक आंदोलन में शामिल हों, जो मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के पुन: निर्माण के लिए है।''

# चाइल्डहुड कैंसर जागरुकता को वॉक का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सितंबर** को बच्चों में होने वाले कैंसर के प्रति जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। बच्चों में यदि समय पर जांच हो जाए, तो ज्यादातर कैंसर का इलाज संभव है। देश के सबसे बड़े एवं स्पेशलाइज्ड पीडियाट्रिक कैंसर केयर सेंटर में शुमार दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) इस संबंध में जागरूकता लाने की दिशा में प्रयासरत है। लोगों में जागरूकता के उद्देश्य से आरजीसीआईआरसी ने फिटाथॉन के नाम से वॉक का आयोजन किया। 5 किमी लम्बी इस वॉक में 400 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें चाइल्डहुड कैंसर विजेता और उनका परिवार सहित डॉक्टर्स एवं स्वास्थ्यकर्मियों शामिल थे।

आरजीसीआईआरसी की डायरेक्टर पीडियाट्रिक हैमेटोलॉजी एंड ओंकोलॉजी डॉ. गौरी कपूर ने कहा, 'यदि जल्द पता लग जाए और स्पेशलाइज्ड हॉस्पिटल में इलाज मिले, तो बच्चों में कैंसर के ज्यादातर मामलों का इलाज हो सकता है। इस संबंध में




जागरूकता के लिए कैंसर वॉक का आयोजन किया गया। बच्चों में कैंसर के 70 प्रतिशत मामलों में इलाज संभव है।'

वॉक में हिस्सा लेने वाले ज्यादातर युवाओं ने स्क्वैट, प्लैंक और क्रंच जैसे कई अन्य व्यायाम भी किए। डॉ. सुधीर रावल, मेडिकल डायरेक्टर, आरजीसीआईआरसी ने कहा, 'बच्चों में होने वाले कैंसर के प्रति जागरूकता लाने के साथ ही हम वॉक एवं अन्य शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को लेकर भी व्यापक संदेश देना चाहते थे। वैसे तो बच्चों में 90 प्रतिशत से ज्यादा कैंसर के मामलों में कारण ज्ञात नहीं है, लेकिन बचपन से ही स्वस्थ जीवनशैली की आदत भविष्य में कैंसर के खतरे को काफी कम कर सकती है।'

बच्चों और वयस्कों में होने वाले कैंसर एक जैसे नहीं होते हैं और बच्चों में कैंसर के ज्यादातर मामलों में इलाज संभव होता है। बच्चों में कैंसर दुर्लभ है, लेकिन इसके संकेतों को समझना और पर्याप्त जांच के लिए स्पेशलाइज्ड हॉस्पिटल में रेफर करना बहुत जरूरी है। दुर्भाग्य से बच्चों में कैंसर के ज्यादातर लक्षण बहुत अलग नहीं होते हैं और अन्य सामान्य बीमारियों जैसे ही लगते हैं। भारत में इलाज की दर कम है, क्योंकि जब तक मरीज को किसी स्पेशलाइज्ड सेंटर तक लाया जाता है, तब तक बीमारी एडवांस्ड स्टेज पर पहुंच चुकी होती है।

# मोमनीन ने एकत्रित हो निकाला अलम जुलूस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सामाजिक** सेवा को समर्पित संस्था तंजीमुल मोमनीन ने रविवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब, उनके नवासे इमाम हसन और इमाम हुसैन की याद में अलम जुलूस का आयोजन किया। अलम जुलूस मरकज अल खिजरा से निकलकर नीलम चौक होते हुए अपने परंपरागत मार्ग से पैदल चल कर वापस एसी नगर के इमामबाड़े में समाप्त हुआ। इस अलम जुलूस में फरीदाबाद के मोमनीन अच्छी तादाद में शामिल हुए।

जुलूस के दौरान अंजुमन हैदरी और अंजुमन मेंहदी आर्मी ने नौहे पढ़े और मातम किया। यह जुलूस फरीदाबाद में विगत 30 वर्षों से 28 सफर के मौके पर आयोजित किया जा रहा है। इसे सबसे पहले तत्कालीन बीजेपी विधायक स्व. कुंदन लाल भाटिया, पूर्व मंत्री दीपचंद भाटिया और एसी चौधरी, समाजसेवी और उर्दू शायर केके बहल संबोधित कर चुके हैं। हाल ही में संस्था द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप का उद्घाटन बीजेपी विधायक सीमा त्रिखा ने किया था। पूरी दुनिया में जब मानवता पर तमाम तरह का खतरा मंडरा रहा है। समाज का नैतिक पतन हो रहा है, ऐसे में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब और उनके परिवार के हजरत इमाम अली अलैहिस्सलाम, इमाम हसन, इमाम हुसैन द्वारा दी गई शिक्षा के मद्देनजर लोगों को जागरूक करना जरूरी है। पैगंबर मोहम्मद साहब ही वो शख्सियत थे, जिनके अहिंसा के आंदोलन को इमाम हसन और इमाम हुसैन ने आगे बढ़ाया। समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए आज से 1400 साल पहले करबला में इमाम हुसैन ने 6 महीने के बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक की कुर्बानी भूखे-प्यासे रहकर पेश की। इमाम हुसैन के अहिंसा के आंदोलन की सराहना महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला, जॉर्ज बर्नार्ड शॉ, बाबा गुरुनानक, स्वामी विवेकानंद और पोप जॉन पॉल तक ने की है। जुलूस से पूर्व तंजीमुल मोमनीन द्वारा आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद इरफान रजा रिजवी साहब ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब और उनके परिवार के सदस्यों की कुर्बानी पर रोशनी डाली।

## आज से शहर में होगा रामलीलाओं का मंचन

**फरीदाबाद।** शहरभर में मौजूद विभिन्न रामलीला कमेटियों के द्वारा 26 सितम्बर की शाम से रामलीलाओं का मंचन शुरू कर दिया जाएगा। जिसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है।

ग्रीनफिल्ड सीनियर सिटीजन फोरम के तत्वाधान में पहली बार ग्रीनफिल्ड में एलईडी पर स्क्रीन पर श्रीरामलीला दशहरा समिति, ग्रीनफल्ड में शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक 26 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक रामलीला दिखाई जाएगी। वहीं एनएच-पांच श्रीधार्मिक लीला कमेटी, सेक्टर-15 में श्रद्धा रामलीला, एनएच-एक में विजय रामलीला अलावा एनआईटी दशहरा ग्राउंड जनता रामलीला कमेटी में भी रामलीला का दृश्य दिखाये जाएंगे। वहीं फरीदाबाद दशहरा कमिटी की ओर से एलईडी स्क्रीन पर रामलीला का आयोजन सोमवार से शुरू हो जाएगा, लेकिन इससे पहले कमिटी की ओर से सेक्टर-30 दशहरा ग्राउंड में भूमि पूजन रविवार को हो गया। इसके साथ ही रामलीला मंच का उद्घाटन निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर देवेंद्र चौधरी ने किया। इसके बाद आजादी अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में क्रांति फिल्म का लोगों ने लुत्फ उठाया।

# कुछ नेताओं की राजनीति देश हित में नहीं : करतार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**रविवार** को सूरजकुंड रोड स्थित अनंगपुर कार्यालय पर पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि आज के समय में नेता, ऐसी राजनीति करने लगे हैं, जो देश और समाज के हित में नहीं है।

उन्होंने कहा कि अन्ना आंदोलन से पूरा देश जुड़ा था, लोगों को उम्मीद थी की लोकपाल आएगा और देश के लोगों का भला होगा और उन्हें न्याय मिलेगा। परन्तु अन्ना आंदोलन का लाभ उठाते हुए कुछ लोगों ने दिल्ली में सरकार बना ली, लेकिन आज तक न लोकपाल आया और न ही भ्रष्टाचार गया। दो राज्यों में सरकार बना ली और अब हरियाणा में सरकार बनाने के ख्वाब देख रहे हैं। जबकि एसवाईएल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी हरियाणा के हिस्से का पानी नहीं दे रहे हैं। केवल हरियाणा की जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। जब हरियाणा के हिस्से का पानी देने की बात आती है, तो प्रधानमंत्री के साथ चाय पीने की बात करते हैं। लोगों को ध्यान रखना चाहिए की अन्ना

## न लोकपाल आया, न ही भ्रष्टाचार गया : करतार

## अन्ना आंदोलन का एक भी वादा नहीं हुआ पूरा

आंदोलन के दौरान किया गया एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है। विकास के नाम पर दिल्ली के मुख्यमंत्री कुछ नहीं कर सके। लोगों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर दो राज्यों में सरकार बना ली और जब काम की बात आती है, तो एलजी से विवाद का हवाला दे देते हैं। अब यही रवैया पंजाब के राज्यपाल के साथ कर के हमेशा के लिए विवाद बनाए रखना चाहते हैं। जैसे दिल्ली के ऑटो चालकों का केजरीवाल ने भरपूर लाभ उठाया। वैसे ही अब गुजरात में कलाकारी कर रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के आदेश पर पंजाब सरकार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की फोटो हटाकर डॉ. अम्बेडकर की लगा दी।


पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना।

अब क्या गुजरात में भी ऐसा ही करेंगे। करतार सिंह भड़ाना ने कहा कि टीवी पर मीडिया की डिबेट देख उनका वजन घट गया है। चूंकि जो मीडिया अपने आप को निष्पक्ष बन बोलता है और जो सर्वे दिखाता है, उसे देख कर बहुत दुख होता है। सर्वे दिखाया जाता है की हिन्दुस्तान के दावेदार कौन? मोदी जैसे प्रधानमंत्री जिन्हें विदेश में भी मान-सम्मान मिलता है। उनके मुकाबले केजरीवाल को दिखाया जाता है। क्या यह सही है ? सर्वे कराने वाले संस्थानों से आग्रह है की वह अपने सर्वे में आम लोगों को शामिल करें। यदि वास्तव में ऐसा सर्वे होगा, तो मोदी के सामने केजरीवाल 2 फीसदी भी नहीं टिक पाएंगे। दिल्ली में ग्रीन टैक्स के नाम पर ट्रकों से 3200 रुपये लिए जाते हैं। जबकि हरियाली क्षेत्र के नाम पर केजरीवाल कुछ नहीं कर सके। दिल्ली के आस-पास जो क्रेशर कानूनी तौर पर लगी हैं। उसे प्रदूषण के नाम पर कभी-भी बंद कर देते हैं। जबकि दिल्ली में राजस्थान से रोडी और डस्ट सरिता विहार व कालकाजी में उतारा जाता है। जिससे कोई टैक्स नहीं लिया जा रहा है। फरीदाबाद में आप के लोग कहते हैं टैक्स की चोरी, प्रदूषण, ओवरलोडिंग। जबकि फरीदाबाद में रोडी, डस्ट सहित सभी काम कानूनी तौर पर सही से किए जाते हैं। फरीदाबाद के डीसी और पुलिस कमिश्नर सभी कामों को सख्ती से लागू करवाते हैं। वहीं, दिल्ली में कानूनों को ताक पर रख कर सभी काम हो रहे हैं। पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने कहा कि चड्डा से जिस तरह एंकर बात करते हैं, उसे देख कर लगता है की उनसे बात नहीं, बल्कि उनका प्रचार किया जा रहा है। गुजरात की राजनीति पर करतार ने कहा कि गुजरात में आम आदमी पार्टी, भाजपा को कभी नहीं हरा सकती।

# एसएसबी अस्पताल में नि:शुल्क हृदय जांच शिविर


विश्व हृदय दिवस पर एसएसबी अस्पताल में लगे शिविर में रोगी की जांच करते डाक्टर।

**फरीदाबाद।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर एसएसबी अस्पताल में नि:शुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अस्पताल के निदेशक एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एसएस बंसल सहित डा. चेतन स्वरूप, डा. नीलेश अग्रवाल, डा. एस.एस. सिद्धू, डा. सिद्धांत बंसल, डा. विनय पाण्डेय, डा. नवीन शर्मा अन्य डाक्टरों ने शिविर में आए मरीजों की जांच की और उन्हें निशुल्क परामर्श दिए। शिविर में आए मरीजों की निशुल्क ईसीजी, आरबीएस आदि टेस्ट किए गए वहीं ईको तथा टीएमटी टेस्ट 40 प्रतिशत छूट पर किए गए। शिविर में करीब 140 मरीजों की जांच की गई। इस अवसर डा. एस.एस. बंसल ने कहा कि हृदय रोग से प्रतिवर्ष हजारों मौत भारत में होती है और इसका मुख्य कारण गलत खानपान और दिनचर्या होती है इसलिए हमें समय-समय पर अपने हृदय की जांच करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एसएसबी अस्पताल नि:शुल्क जांच शिविर लगाया।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों ने फिल्म इंस्टीट्यूट का भ्रमण किया



**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी कॉलेज के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग ने छात्रों के लिए गुलशन कुमार टेलीविजन और फिल्म इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का भ्रमण आयोजित किया। लगभग 50 छात्रों को हिंदी फिल्म धोखा: राउंड द कॉर्नर के प्रचार में भाग लेने का मौका मिला। छात्रों ने स्टार कास्ट- खुशाली कुमार, आर माधवन, दर्शन कुमार और निर्देशक कूकी गुलाटी से भी बातचीत की। इसके साथ ही छात्रों ने उनके न्यूज स्टूडियो का भी दौरा किया। राजीव और अमनदीप कौर ने बताया कि वे अपने छात्रों को भविष्य के लिए कैसे तैयार करते हैं और साथ ही उन्होंने न्यूजरूम और पीसीआर की कार्य संस्कृति के बारे में विस्तार से बताया। विभागाध्यक्ष रचना कसाना प्रिंसिपल डॉ सविता भगत के मार्गदर्शन में छात्रों की बेहतरी के लिए साल भर इस तरह के शैक्षिक दौरे आयोजित करती रहती हैं।

### फर्नीचर मार्केट के दो शोरूमों में लगी आग

**फरीदाबाद।** शनिवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास एनआईटी 2 नंबर की पंचकुईया रोड स्थित फर्नीचर मार्केट में स्थित दुकान लखानी फर्निशिंग में अचानक आग लग गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दे दी। उसने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान वहां साथ ही मौजूद एक अन्य शोरूम के ऊपरी हिस्से में भी आग लग गई। आनन फानन में रात्रि करीब तीन बजे तक किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। सूत्रों से जानकारी के मुताबिक आग लगने के कारण उपरी मंजिल पर हुए शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि इतनी भीषण थी की मौके पर दो दमकल गाड़ियों द्वारा डेढ़ घंटे के लिए प्रयास के बाद आग पर मुश्किल से काबू पाया गया।

### संजय शुक्ला बने सेक्टर-21डी आरडब्ल्यूए के प्रधान

**फरीदाबाद।** सेक्टर 21डी आरडब्ल्यूए के संपन्न हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना समर्थित उम्मीदवार संजय शुक्ला एक वोट से विजयी हुए। जबकि पूर्व प्रधान विधायक समर्थित उम्मीदवार जयप्रकाश शर्मा की हार हुई। संजय शुक्ला को 131 वोट जबकि जय प्रकाश शर्मा को 130 वोट मिले। इलेक्शन कमिटी मेंबर डीपी शर्मा, गुरशरण सिंह, रणधीर सिंह रहे, जिन्होंने चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। प्रेसिडेंट के लिए संजय शुक्ला, जबकि जनरल सेक्रेटरी लोकेश खर्जाची बनाए गए। इस मौके पर स्थानीय लोगों में त्रिलोकचंद रोहिल्ला, बीएन शर्मा, पंकज श्रीवास्तव, अशरफ तिवारी, ओम निरंकार, आत्माराम छाबड़ा, सुधीर गुप्ता, चंद्र सेठी, उमेश बंसल, जयप्रकाश मावी, जीत सिंह बिधूड़ी, एचपी सेट असलम, अहलावत जी, सुशील कौशिक, एमके सिंह, कुणाल शर्मा, जितेंद्र सेठी, धर्मवीर भड़ाना जी ने नवनियुक्त प्रधान संजय शुक्ला का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि आरडब्ल्यूए सेक्टर 21डी के चुनाव में सच्चाई की जीत हुई है।

### श्रद्धाभाव से मनाया गुरु बल्लभ स्मृति महोत्सव



**बल्लभगढ़।** पंजाब केसरी जैन आचार्य विजय बल्लभ सूरिश्वर महाराज के ससंघ गुजरांवाला पाकिस्तान से भारत आगमन के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को गुरु वल्लभ स्मृति महोत्सव बेहद ही श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। आत्मानन्द जैन सभा फरीदाबाद के तत्वावधान में आयोजन श्रीआत्म वल्लभ जैन भवन सेक्टर-16 फरीदाबाद में किया गया। जिसमें गुरुदेव के यशोगाथा का गुणगान चेन्नई के सुश्रावक मेहुल जैन ने किया। महोत्सव जैन साध्वी प्रीति रत्ना, प्रीति सुधा व प्रीति यशा की प्रेरणा व निश्रा में आयोजित किया गया। महोत्सव का शुभारम्भ श्रीआत्मानन्द जैन सभा के अध्यक्ष राजकुमार जैन ओसवाल, रोहिणी श्रीसंघ के प्रधान अशोक जैन, सहित अन्य पदाधिकारी व समाज के अन्य लोगों ने गुरुदेव की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें माल्यार्पण करके किया। इस दौरान बड़खल विधायिका सीमा त्रिखा व फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता सहित सभा के महासचिव सुशील जैन, सचिव विनीत जैन, चातुर्मास संयोजक पंकज जैन, एमएल गुप्ता सेवानिवृत आईएएस, एसपी चौहान, एलसी मेहता, विवेक जैन,सुमित जैन सहित जैन समाज के अन्य लोग जैन सहित फरीदाबाद सहित दिल्ली व लुधियाना जैन समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### बिजली कर्मचारियों का 25वां प्रतिनिधि महासम्मेलन

**फरीदाबाद।** एनआईटी फरीदाबाद की खान दौलतराम धर्मशाला में हरियाणा कर्मचारी महसंघ से सम्बंधित हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्करज यूनियन का राज्यस्तरीय प्रदेश के हजारों कर्मचारियों का 25वां प्रतिनिधि महासम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन शान्तिपूर्ण तरीके से प्रदेश प्रधान बिजेन्दर बेनीवाल व प्रदेश महासचिव सुनील खटाना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी के रूप में मुख्य वक्ता पूर्व प्रधान राज सिंह दहिया, पूर्व महासचिव वीरसिंह, सुन्दर सिंह, ईश्वर सिंगज बाबा, रामकिशन मालिक पूर्व संपादक, बालकुमार शर्मा, सुखवीर सिंह राठी, ओम कंवर, सूरज मान दहिया, राजबीर रोहिला, बलवीर सिंह, नरेश छेलावत, विरेंदर चौहान, भगत सिंह आदि सहित समस्त पूर्व की सम्मानित राज्य कमेटी के प्रधान व सचिव उपस्थित रहे। फरीदाबाद सर्कल कमेटी की ओर से कर्मचारी नेता सतीश छाबड़ी, पूर्व सर्कल सचिव सतराम लाम्बा, वर्तमान सर्कल सचिव कर्मवीर यादव सहित चारों प्रधान विनोद शर्मा, मदनगोपाल शर्मा, सुनील चौहान, पुष्पेन्द्र व सचिवों में लेखराज चौधरी, सुरेन्द्र, रविदत्त शर्मा, बृजपाल तँवर ने प्रदेश के भिन्न भिन्न सर्कलों से कर्मचारियों का अभिनंदन करते हुए जोरदार स्वागत किया।

### 28 मुकदमों में शामिल वांछित अपराधी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने 28 वारदातों में शामिल वांछित चल रहे एक बहुत ही शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम आजाद उर्फ टिमानी है जो नूंह जिले के बीबीपुर गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को देसी कट्टे व जिंदा कारतूस सहित काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर अपराधी है जिसके खिलाफ फरीदाबाद, मेवात, गुरुग्राम, यूपी, राजस्थान इत्यादि इलाकों में हत्या का प्रयास, डकैती, गोकशी, चोरी, अवैध हथियार के 28 मुकदमे दर्ज हैं जिसमें से 21 मुकदमे अकेले फरीदाबाद के शामिल हैं।

### डीएवी में चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फरीदाबाद।** दक्ष फाउंडेशन की ख्याल अपने बुजुर्गों का पहल के अंतर्गत बीते दिवस डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आशीर्वाद शीर्षक के नाम से चित्रकला प्रतियोगिता से आयोजित की। जिसमें 75 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने अपने पोता-पोती, नाती-नातिन के साथ भाग लिया। सुकीर्ति गोयल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सुषमा गुप्ता वाइस चेयरमैन हरियाणा रेडक्रॉस मुख्य के रूप में और प्रधानाचार्य निदेशक डॉ सतीश आहूजा एवं निरीक्षक सविता विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा कार्यक्रम प्रायोजक डॉ पुष्पेंद्र प्रताप सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। दक्ष फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का पौधे देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम प्रायोजक तथा वरिष्ठ नागरिकों ने मिलकर दीप प्रज्वलन से किया। सर्वोदय हॉस्पिटल सेक्टर-8, फरीदाबाद के विशेषज्ञों ने उपस्थित सभी का हेल्थ चेकअप किया। जिसमें जनरल हेल्थ चेकअप, ब्लड प्रेशर, शुगर महिलाओं का यूरिक एसिड, ईसीजी आदि की व्यवस्था की गई ताकि इस कार्यक्रम में आने वाले बुजुर्ग अपना फ्री चेकअप करा सके। इसमें मुख्य प्रायोजक डॉ पुष्पेंद्र प्रताप सिंह (मुख्य सलाहकार बोर्ड-कॉर्पोरेट मामले, दक्ष फाउंडेशन) ने अपने संबोधन में दक्ष फाउंडेशन की पहल ख्याल अपने बुजुर्गों का सराहना करते हुए कहा कि अब समाज में जरूरत है कि हम सब को मिलकर आगे आना होगा। कॉर्पोरेट जगत को दक्ष फाउंडेशन जैसी सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता बढ़ाकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करना होगा।

## कांग्रेस अध्यक्ष

### जिम्मेदारी का बोझ

**कहा** जाता है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। यदि वे जीत जाते हैं तो उन पर पार्टी को पुनर्जीवित करने की जिम्मेदारी का भारी बोझ होगा। वे पार्टी के वरिष्ठ नेता होने के बजाय इस कारण अध्यक्ष बनेंगे कि उनको गांधी परिवार का आर्शीवाद प्राप्त है। इस प्रकार दशकों बाद गैर-परिवार का सदस्य 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' का नेतृत्व संभालेगा। वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने साफ कर दिया है कि परिवार के किसी सदस्य को पार्टी का प्रमुख नहीं बनना चाहिए। अत: प्रभावी रूप से गहलौत परिवार के उम्मीदवार हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री शशि थरूर को परिवार का नजदीकी माना जाता था, पर बाद में वे विद्रोही जी-23 में शामिल हो गए थे। समझा जा रहा है कि वे गहलौत का मुकाबला करेंगे। कुछ अन्य नेता भी दौड़ में शामिल हो सकते हैं। लेकिन केरल के सांसद अनेक नेताओं को उत्साहित करने में विफल रहे हैं। कहा जाता है कि उनके गृह राज्य समेत 10 राज्यों की कांग्रेस इकाइयों ने उनका विरोध किया है। केरल में थरूर की पार्टी के कुछ साथियों ने कहा था कि वे केवल उस व्यक्ति का समर्थन करेंगे जिसे नेहरू परिवार का समर्थन प्राप्त होगा। गहलौत को निश्चित रूप से यह समर्थन प्राप्त है। लेकिन 71 वर्षीय वरिष्ठ कांग्रेस नेता बहुत प्रसन्न नहीं हैं क्योंकि कांग्रेस अध्यक्ष का पद एक शर्त के साथ मिलेगा। उनको राजस्थान में मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ेगा। यह उनके लिए कड़वा घूंट होगा क्योंकि राज्य में उनके धुर-विरोधी सचिन पायलेट के मुख्यमंत्री बनने की उम्मीद है। मीडिया की खबरों के अनुसार वे अपनी पसंद से अगला मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे, लेकिन लगता है कि उनकी यह मांग नहीं मानी गई है। सर्वोच्च कांग्रेस नेतृत्व के लिए अंतर-पार्टी चुनाव 'एक तीर से दो शिकार' की तरह होगा। एक गैर-गांधी परिवार का अध्यक्ष बनने पर देश की सबसे पुरानी पार्टी के खिलाफ भाजपा के हमलों की धार कुंद होगी तथा गहलौत-पायलेट टकराव का भी अंत हो जाएगा।



कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गहलौत से मुलाकात के पहले पायलेअ से एक घंटा बातचीत की थी। पार्टी के सर्वोच्च नेतृत्व की नजर में नई प्रस्तावित व्यवस्था यह है कि गहलौत कांग्रेस अध्यक्ष तथा पायलेट राजस्थान के मुख्यमंत्री बनें, लेकिन इससे गहलौत बहुत प्रसन्न नहीं हैं। वे देश की सबसे पुरानी पार्टी का अध्यक्ष बनने को तैयार हैं, जबकि पायलेट मुख्यमंत्री बन जाएंगे। इससे वरिष्ठ कांग्रेस नेता का अपने राज्य में कोई वर्चस्व नहीं रहेगा। इसके कारण स्पष्ट हैं। गहलौत तथा पूर्व उप-मुख्यमंत्री पायलेट के बीच भयानक टकराव हुआ था। कांग्रेस को उम्मीद है कि निर्वाचित होने के बाद गहलौत पुराना पद खोने के कारण दु:खी होने के बजाय नए काम पर ध्यान देंगे। हालांकि, बड़ा मुद्दा पार्टी संचालन में परिवार का हस्तक्षेप होगा। यदि यह जारी रहा तथा हस्तक्षेप का पुराना तरीका जारी रहा तो पार्टी के पुनर्जीवन की संभावनायें काफी धूमिल हो जाएंगी। राहुल गांधी लगातार नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना और निन्दा में लगे हैं तथा उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' को भी काफी समर्थन मिला है, लेकिन निष्पक्ष दृष्टिकोण से देखा जाए तो उनकी व उनके परिवारी सदस्यों का प्रदर्शन बहुत प्रभावी नहीं रहा है। गांधी परिवार के कुछ निर्णय पूरी तरह अतार्किक रहे हैं। ऐसे में यदि गहलौत को कांग्रेस अध्यक्ष चुन लिया जाता है तो उन पर भारी बोझ होगा। पार्टी को पुनर्जीवित करना एक बहुत कठिन काम होगा।

# दीनदयाल उपाध्याय का वैश्विक दर्शन

दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन में गरीबों में सबसे गरीब को राजनीति के केन्द्र में रखा गया है। यह भारत का वैचारिक दर्शन बन गया है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)



दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन में गरीब को राजनीति के केन्द्र में रखा गया है। इस प्रकार यह विचारधारा अब मृत हो चुके साम्यवाद व पूंजीवाद का स्थान लेती है। दीन दयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद न केवल जीवित है, बल्कि वह भारत का वैचारिक दर्शन बन गया है। स्वतंत्रता के पश्चात भारतीय राजनीति को दीन दयाल उपाध्याय के विचारों में एक गहरा वैचारिक आधार मिला है। दीन दयाल उपाध्याय के दर्शन पर अकादमीशियनों में व्यापक बहस व चर्चा की आवश्यकता है क्योंकि इसमें मानव जीवन व प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें अधिवेशन में दुनिया भर के नेता अन्य चीजों के साथ जलवायु परिवर्तन तथा गहराती सामाजिक असमानता से चिन्तित हैं। पूंजीवाद व साम्यवाद से संचालित विकसित देशों ने प्राकृतिक संसाधनों के बेलगाम दोहन से पर्यावरण का विनाश कर दिया है। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने विकसित दुनिया की आत्मकेन्द्रीयता स्पष्ट कर दी है।

उन्होंने अपने लिए वैक्सीनों का भंडार बनाया, जबकि गरीब व कम विकसित देश जीवनरक्षक दवाओं व वैक्सीनों की प्रतीक्षा करते रहे। संकट के ऐसे समय ही किसी विचारधारा की कठोर परीक्षा होती है। दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद ने विश्व स्तर पर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध कर दी है क्योंकि भारत ने छोटे व बड़े देशों को समान रूप से वैक्सीनें, दवायें, भोजन व कोविड-19 किटें पहुंचाईं। इससे अंतर स्पष्ट दिखाई दिया। इससे एकात्म मानववाद की विचारधारा की महानता सिद्ध हुई जिसके अनुसार हर जीवन को बचाना और उसका पालन-पोषण महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को राजनीति में सर्वोत्तम अभिव्यक्ति मिली है। भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी के सर्वोच्च विचारकों के विचारों को कार्यरूप में परिणत करने के लिए सामाजिक लोकतंत्र का रास्ता चुना है। जब कोई बच्चा पैदा होता है तो वह सबसे पहले अपने बारे में जागरूक होता है तथा इसके बाद समय बीतने के साथ परिवार, समाज, राज्य व राष्ट्र के बारे में जानकारी प्राप्त करता है। मानव जीवन अपने आसपास से लेन-देन पर निर्भर रहता है जिसमें प्रकृति भी शामिल है। इस प्रकार मनुष्यों, जानवरों व वनस्पतियों के बीच सह-अस्तित्व का संतुलन बनता है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने इसे रेखांकित किया है। यदि कोई दूसरे की देखभाल किए बिना आगे बढ़ता है तो इससे असंतुलन पैदा होता है जिससे सभी प्रभावित होते हैं। जलवायु परिवर्तन इस प्रक्रिया का परिणाम है कि विकसित दुनिया ने सह-अस्तित्व की इस मूल अवधारणा का खंडन किया है।

लेकिन मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना के माध्यम से न केवल देश के गरीबों में सबसे गरीबों की बेहतरी का विचार किया है, बल्कि पर्यावरण की भी चिन्ता की है। धुंए में जीवन बिताने वाली महिलाओं का न केवल स्वास्थ्य खराब होता था, बल्कि वृद्धावस्था में वे अनेक बीमारियों का शिकार भी हो जाती थीं। इसके साथ ही रसोई में आग जलाने के लिए पेड़ों को काटा जाता था। उज्ज्वला योजना न केवल महिलाओं, बल्कि प्रकृति की बेहतरी की चिन्ता की जो पंडित दीन दयाल उपाध्याय के दर्शन का प्रमुख मंत्र है।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय के आदर्शों का सबसे बड़ा महत्व यह है कि वे जीवन सिद्धान्तों को प्रमुखता देते हैं। इनको प्रत्येक व्यक्ति की अपने, परिवार, समाज, राज्य व राष्ट्र के प्रति निश्चित दायित्व से जोड़ा जाना चाहिए। एक बार पंडित दीन दयाल उपाध्याय बस से यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपने पास बैठे एक व्यक्ति से खबरें सुनने के लिए ट्रांजिस्टर आन करने को कहा। लेकिन उस व्यक्ति ने देखा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय के पास भी एक ट्रांजिस्टर था। इसलिए उसने पूछा कि क्या उनका ट्रांजिस्टर खराब है। इस पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने जवाब दिया कि उन्होंने अपने रेडियो के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया है। देश के कानूनों के प्रति ऐसी प्रतिबद्धता जीवन व्यवहार में शामिल होनी चाहिए क्योंकि यही राज्य तथा जनता के बीच परस्पर संबंधों का आधार है।

राजपथ का नाम बदल कर कर्तव्य पथ करना हम सबको याद दिलाता है कि हमारा राष्ट्र, समाज और नागरिकों के प्रति क्या कर्तव्य है और इसे सिद्धान्तों में शामिल किया जाना चाहिए। इनमें सभी लोग, राजनेता, अधिकारी व मंत्री शामिल हैं। अनेक अवसरों पर भाषण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने हमें इसी बात की याद दिलाई है। इनमें हाल ही में इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिया भाषण भी शामिल है। जीवन में ईमानदारी एक स्वस्थ समाज व महान राष्ट्र के लिए न्यूनतम आवश्यकता है। यदि ईमानदारी न हो तो कोई समाज अपने लोगों की चिन्ता नहीं कर सकता है। लोगों को ईमानदार होना चाहिए और अक्सर उनको ईमानदार दिखना भी चाहिए। ईमानदारी कोई छिपा हुआ हीरा नहीं है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय अपने आदर्शों पर जीवन भर चलते रहे। उनके बारे में पढ़ने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं तथा अन्य लोगों को उनके जीवन में ईमानदारी के सर्वोच्च स्तर से प्रेरणा मिलती है।

एक बार पंडित दीन दयाल उपाध्याय ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। उनको पता चला कि गरुजी-एम.एस. गोलवलकर भी ट्रेन के प्रथम श्रेणी के डिब्बे में बैठे हैं। पंडित दीन दयाल उपाध्याय इसके बाद उस डिब्बे में पहुंचे और अपने गंतव्य स्टेशन पर उतर गए। इसके बाद वे सीधे स्टेशन मास्टर के कार्यालय में गए तथा अपनी यात्रा के एक हिस्से के लिए जुर्माना अदा किया क्योंकि उनके पास दूसरे दर्जे का टिकट था। समाज में व्यापक स्तर पर ऐसे व्यक्तिगत आचरणों का साझा करने से एक महान राष्ट्र का चरित्र बनाने में सहायता मिलती है। अपने व्यक्तिगत व सार्वजनिक जीवन में राजनेता वर्ग, अधिकारियों, न्यायपालिका तथा सिविल सोसाइटी के अन्य हिस्सों को ईमानदारी के विश्वसनीय उदाहरण प्रस्तुत करने चाहिए। पंडित दीन दयाल उपाध्याय का इतना महत्व था कि जब उनका देहान्त हुआ तब स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, 'हमारे जीवन का सूर्य चला गया है, अब हमें दिशानिर्देश के लिए मिट्टी के दियों से काम चलाना होगा।' पंडित दीन दयाल उपाध्याय के बाद अटल बिहारी वाजपेयी जनसंघ के अध्यक्ष बने। अटल जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-पीएमजीएसवाई की अवधारणा बनाई जिसका उद्देश्य देश के ग्रामीण हिस्सों को शहरी सुविधाओं तक पहुंचाना था। वाजपेयी ने अपनी राजनीति में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के दर्शन को शामिल करते हुए इतने बड़े पैमाने पर संचार सुविधाओं का विस्तार किया जितना देश ने पहले कभी नहीं देखा था। इनमें सड़कें, दूरसंचार, ढांचागत संरचनायें, सुविधायें व सेवायें सभी शामिल थीं। इसके साथ ही देश को अपनी देखभाल के लिए आत्मविश्वास से भरा होना चाहिए ताकि वह दूसरों से भयभीत न हो। वाजपेयी सरकार ने पोखरन-2 नाभिकीय परीक्षण तथा मोदी सरकार ने पुलवामा आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकी ढांचे पर बालाकोट व सर्जिकल स्ट्राइक से गहरा धक्का पहुंचा कर यही आदर्श प्रस्तुत किया।

25 सितंबर को हम सबने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती मनाई तथा अपना जीवन उनके आदर्शों को समर्पित करने की शपथ ली। हम एकात्म मानववाद का के दर्शन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि देश के गरीबों में सबसे गरीब का कल्याण हो और उनकी देखभाल की जाए जो अपने पैरों पर खड़े नहीं हो सकते हैं। जेएएम त्रयी के माध्यम से मोदी सरकार ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के राजनीतिक दर्शन को मूर्त रूप प्रदान किया है। इससे पिछले कुछ वर्षों में समाज के गरीब वर्गों का वित्तीय समावेशन अभूतपूर्व स्तर पर हुआ है। यह भी वाजपेयी सरकार के कामों का विस्तार है जब भारत को संचार के लिए सस्ते मोबाइल फोनों की सुविधा मिली थी। मुद्रा, सुरक्षा बीमा, सुकन्या योजना व अन्य का उद्देश्य पंडित दीन दयाल उपाध्याय की राजनीतिक विचारधारा का लक्ष्य पूरा करना है। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना समेत सभी योजनाओं को शत-प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

# वक्फ अधिनियम का पुनरीक्षण आवश्यक

"आम आदमी की दुर्दशा को समझा जा सकता है जब उसकी संपत्ति को उसकी जानकारी के बिना वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया जाता है।"

**शशांक सौरव**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



तमिलनाडु में वक्फ बोर्ड ने एक पूरे गांव के स्वामित्व का दावा किया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि इस क्षेत्र में मुस्लिमों का पुनर्वास 1927-28 में हुआ और वक्फ बोर्ड ने गांव के मंदिर की संपत्ति पर भी अपनी हिस्सेदारी का दावा किया है। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां संपत्ति में रहने वाले लोग इस तथ्य से अनजान थे कि बोर्ड द्वारा इसे वक्फ संपत्ति के रूप में दावा किया गया है। वक्फ अधिनियम शुरू में 1954 में संसद द्वारा पारित किया गया था और बाद में वक्फ अधिनियम, 1995 को औकाफ के बेहतर प्रशासन (यानी, धार्मिक या धर्मार्थ कारणों के लिए दान की गई संपत्ति) के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। हालांकि, यह कानून संपत्ति हड़पने का एक साधन बन गया है और इसके कठोर प्रावधानों के कारण निर्दोष लोगों को परेशान किया जाता है। अधिनियम वक्फ बोर्ड को अपनी टीम द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने का अधिकार देता है। यदि यह पर्याप्त नहीं है, तो धारा 6 निर्दिष्ट करती है कि पीड़ित पक्ष को अधिनियम के तहत गठित ट्रिब्यूनल में अपील करनी होगी और विवाद को उठाने के लिए एक वर्ष की सीमा अवधि है।

यह कानून इस तरह से तैयार किया गया है कि बोर्ड के लिए उस व्यक्ति को नोटिस देना जरूरी नहीं है जिसकी संपत्ति वक्फ संपत्ति घोषित करने की मांग की गई है और यदि पीड़ित पक्ष ने एक वर्ष की अवधि के भीतर मुकदमा नहीं किया है, तो वह कोई कानूनी सहारा नहीं है!



अधिनियम की धारा 40 वक्फ बोर्ड की इस शक्ति को दोहराती है और ट्रिब्यूनल द्वारा रद्द किए जाने तक कोई भी संपत्ति उसके पास निहित रहेगी। 85 के साथ पठित धारा 83 ट्रिब्यूनल को विशेष अधिकार देती है और ट्रिब्यूनल के निर्णय से पीड़ित पक्ष उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं। आम आदमी की दुर्दशा को समझा जा सकता है जब उसकी संपत्ति को उसकी जानकारी के बिना वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया जाता है और फिर उससे एक वर्ष की अवधि के भीतर उस पर मुकदमा चलाने की उम्मीद की जाती है, अन्यथा यह हमेशा के लिए चली जाती है। यहां तक कि अगर वह ट्रिब्यूनल के साथ मुकदमा दायर करता है तो अगला सहारा उच्च न्यायालय के स्तर पर है, जो कि अधिकांश भारतीयों के लिए पहुंच से बाहर है। यह ध्यान देने योग्य है कि वक्फ अधिनियम, 1954 से संबंधित एक मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया था कि मुकदमेबाजी शुरू करने के लिए एक वर्ष की सीमा गैर-मुस्लिमों (मुस्लिम वक्फ बोर्ड, राजस्थान बनाम राधा किशन और अन्य) के लिए लागू नहीं है। लेकिन मुसलमानों को खुश करने के लिए, 2013 में धारा 6 में संशोधन किया गया था और अब सभी पीड़ित पक्षों के लिए एक वर्ष की एक समान समय सीमा है।

सच्चर समिति के अध्यक्ष राजिंदर सच्चर ने अपनी 2006 की रिपोर्ट में वक्फ संपत्ति का मूल्य 1.2 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया था। वक्फ बोर्ड के पास करीब छह लाख एकड़ जमीन है। सच्चर ने वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण और वक्फ अधिनियम में संशोधन का सुझाव दिया, जिसे 2013 में संशोधन के माध्यम से कानून में विधिवत शामिल किया गया था।

भारतीय इतिहास हिंदुओं के प्रति पक्षपात से भरा है और आजादी के बाद भी कुछ भी नहीं बदला। जवाहरलाल नेहरू ने हिंदू कोड बिल संसद से पारित करवाए, लेकिन उन्होंने अन्य धर्मों की प्रथाओं को छूने की हिम्मत नहीं की। डॉ. बीआर अंबेडकर समान नागरिक संहिता के पक्ष में थे, लेकिन नेहरू ने केवल हिंदू कानूनों को बदलने पर जोर दिया और दूसरों को स्वतंत्रता दी।

1950 के दशक में राज्य सरकारों द्वारा हिंदू मंदिरों के प्रबंधन के लिए धर्मार्थ और बंदोबस्ती अधिनियम बनाए गए थे, लेकिन वक्फ संपत्तियों की रक्षा के लिए 1954 में एक केंद्रीय कानून पारित किया गया था।

केंद्र सरकार की कांग्रेस सरकार ने पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को लागू किया, जिसका उद्देश्य अन्य पवित्र मंदिरों पर हिंदुओं के दावों को रोकना है।

## आप की बात

### शिकार हो रही बेटियां

**चाहे** झारखंड की बेटी हो या उत्तराखंड की बेटी, चाहे उत्तर प्रदेश की बेटियां हो या अन्य राज्यों की बेटियों के साथ ना तो दुष्कर्म रुक रहे है, ना उनकी हत्याओं का सिलसिला। ऐसा नहीं है कि सरकार चुप्पी साधे हुए हैं। इन दुष्कर्मियों के साथ सख्ती भी की जा रही है । इनके घरों पर बुलडोजर भी चलाये जा रहा है। दुष्कर्मियों को फांसी भी दी गई है। इसके बाद भी इन तामसी प्रवृत्ति के किटाणुओं में भय व खौंफ पैदा नहीं हो रहा है! रूह कांपने की बनिस्बत, बल्कि दुस्साहस बढ़ता ही जा रहा हैं? बहन, बेटी, महिला किसी भी धर्म या जाति की हो, आखिर है तो हमारे देश की बेटी, यह ध्यान में रखते हुए केंद्र में सत्तासीन सरकार तथा राज्यों की सरकारें, किसी भी दल की हो, अब अपना पराया, राजनीतिक लाभ हानि व छवि/ प्रतिष्ठा को देखने की बजाय अपराधी को अपराधी की नजर से देखते हुए ओर सख्त से सख्त सबक सिखाना होगा। भगवान के बाद कानून के लम्बे हाथ व पुलिस से हर इंसान खौफ खाता है। मगर अब वह खौंफ नहीं रह गया है, इसका प्रमाण है ये बढ़ती घटनाएं! आखिर कब तक बहन बेटीयां दुष्कर्मियों के हाथों शिकार होती रहेगी? यह यक्ष प्रश्न भय पैदा करता है!

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### मीडिया की गलती

**यह** कहना गलत नहीं होगा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड के मामले में मीडिया ने बिना जांच का इंतज़ार किए मृत्तिका की फोटो और जानकारी साझा करने की बड़ी गलती की है। गौरतलब है कि, शुरुआत में यह मामला सिर्फ किडनैपिंग का था लेकिन पुलिस की छानबीन के बाद यह मामला हत्या का बन गया और आरोपियों से पूछताछ के बाद तो वैश्यावृत्ति का ऐंगल भी सामने आया है। मीडिया को समझदारी से काम लेते हुए पूरी जांच समाप्त होने तक मृतिका की फोटो साझा नहीं करनी चाहिए थी। हालांकि कुछ मीडिया चैनलों ने जिम्मेदारी दिखाते हुए मृतिका की तस्वीर को ब्लर करके या चेहरा आधा छुपा कर दिखाया जो काफ़ी सराहनीय है। जब से आरोपियों द्वारा मृतिका से सेक्सुअल फेवर मांगने की बात सामने आई है तब से यह डर बना हुआ है कि इस मामले में भी कुछ लोग स्त्रियों के कपड़े और स्वतंत्रता को ढ़ाल बनाकर सारा आरोप मृतिका पर ही ना ड़ाल दें। हालांकि कुछ मीडिया चैनलों ने पूरी जानकारी प्राप्त होने पर मृतिका की फोटो ब्लर कर दी है लेकिन कुछ चैनलों में अब भी मृतिका की पूरी फोटो दिखाई जा रही है। इन चुनिंदा मीडिया चैनलों को चाहिए कि मृतिका से जुड़ी जानकारी साझा न करें।

– **विट्ठल शुक्ला**, कानपुर

### कश्मीर में गूंजता संगीत

**आज** कश्मीर घाटी में अब एक के बाद एक लगातार शानदार रूप से मनोरंजन के लिए सिनेमा हॉल खुल रहे हैं यानी अब यहां का युवा अपने मनोरंजन के लिए एक से बढ़कर एक साधन ढूंढ रहे हैं एवं उन्हें अब इन सिनेमाहॉलों के सहारे वह मनोरंजन अब मिलने भी लगा है। अत: अब हम इसे एक अच्छी सुखद शुरुआत के रूप में लेना चाहिए, कारण एक जमाना था जब कश्मीर घाटी में बम धमाकों एवं एके-47 की गोलियों की आवाज गूंजा करती थी। परंतु धारा 370 ने एक तरह से अब इन सब बातों का खात्मा कर दिया है। फिर हमारी सेना के द्वारा पिछले साल से लगातार चल रहे अलाउड प्रोग्राम की भी दिल से तारीफ की जाना चाहिए। जिसके द्वारा आतंकवादियों को लगातार दो गज जमीन के नीचे यानी दोजख भेजा जा रहा है। अत: कह सकते हैं कि अब आज के शांति के इस माहौल में आज का युवा मनोरंजन के साधन भी ढूंढने लगा है गीत संगीत के जोकि यहां के सूफी संतों की एक परंपरा भी रही है। अत: इसे उसी तरफ जाने की बात कह सकते हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**अर्बन** नक्सलों को भारत का विकास बाधित करने के लिए विभिन्न वैश्विक संगठनों द्वारा भारी मात्रा में धन मुहैया कराया जा रहा है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**नीतीश** कुमार और राजद अध्यक्ष लालू यादव की जोड़ी का 2024 के लोकसभा चुनावों में सफाया हो जाएगा और भाजपा अपने बल पर विधानसभा चुनावों में बहुमत हासिल करेगी।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**शशि** थरूर को चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। हम अनुरोध करते हैं कि राहुल गांधी ही कांग्रेस अध्यक्ष बनें।

– **के सुरेश**
कांग्रेस के लोकसभा चीफ व्हिप

# अन्त्योदय की प्रेरणा ही है बीजेपी सरकार के सुशासन की मार्गदर्शिका: योगी

- सीएम ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि
- समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के सपने को साकार कर रही सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की 106वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित जी ने एकात्म मानववाद के माध्यम से स्वतंत्र भारत में जीवन की वास्तविकताओं की ओर शासन का ध्यान आकर्षित किया था। आज उनका जन्मदिन है। इस अवसर पर यूपी शासन और जनता की ओर से भारत माता के इस महान सपूत को नमन करते हुए में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश अन्त्योदय के प्रणेता पं दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के कार्यक्रम के साथ उनका स्मरण करते हुए उस महामानव को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। हम सब जानते हैं कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के लिए पंडित जी ने आजादी के बाद के पहले दशक में जो दर्शन दिया वह आने वाले समय में सरकार की मार्गदर्शिका बन पायी। पंडित जी का स्पष्ट कहना था कि प्रगति का माप आर्थिक रूप से संपन्न या आगे की पंक्ति में बैठे व्यक्ति के आधार पर नहीं बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के माध्यम से की जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने अन्त्योदय की बात कही। पंडित जी के सपने को पहली बार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने साकार करना शुरू किया। उस वक्त हर गरीब को राशन उपलब्ध कराने के लिए अन्त्योदय अन्नपूर्णा और बीपीएल स्कीम के माध्यम से राशन की श्रृंखला हर गरीब तक पहुंचाने के लिए वृहद कार्यक्रम प्रारंभ हुए। गांव-गांव में विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी परियोजनाओं को भारत ने अपने सामने साकार होते देखा। इसके बाद नरेन्द्र मोदी सरकार ने पंडित जी और अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को साकार करने का कार्य किया। उन्होंने सबका साथ सबका विकास के समग्र विकास की अवधारणा को प्रस्तुत किया जिसमें हर जरूरतमंद को सिर ढंकने के लिए छत मिल रही है। आजादी के बाद पहली बार चार करोड़ परिवारों को बिजली का कनेक्शन मिल पाया। पहली बार ढाई करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला। पहली बार 10 करोड़ गरीबों को शौचालय का लाभ मिला। इसके अलावा कोरोना जैसी आपदा के समय 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिला। अब गरीब उपचार के आभाव में नहीं मरेगा, इसके लिए देश के 50 लाख लोगों को पांच लाख का सालाना स्वास्थ्य बीमा मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने ही मिला। ये सब इसलिए साकार हुआ क्योंकि हमारे प्रणेता पंडित जी ने हमें इस प्रकार की प्रेरणा दी है। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के प्रति सरकार की संवेदनाओं को झकझोरने का जो कार्य उन्होंने पांचवें.छठवें दशक में किया था उसे साकार करने का कार्य अगर किसी ने किया किया है तो वह आज नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार ही है।

# दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर सरकार व संगठन ने सुनी पीएम के मन की बात



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा कर श्रद्धासुमन अर्पित किये

**बीजेपी** कार्यकर्ताओं ने रविवार को पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर अंत्योदय के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय जी की 106वीं जयन्ती पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना। दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह कानपुर देहात, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह प्रयागराज, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य चित्रकूट, ब्रजेश पाठक सिद्धार्थनगर और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रिगण, पार्टी पदाधिकारी, निगम, आयोग, बोर्डो के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य प्रमुख नेता प्रदेश में अलग-अलग बूथों पर दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

भूपेन्द्र सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि दीनदयाल उपाध्याय के एकात्ममानववाद व अंत्योदय का विचार हमें सदैव समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। दीनदयाल उपाध्याय ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। मोदी-योगी के नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के हित में लगातार काम करते हुए अंत्योदय के सपने को पूरा करने का कार्य कर रही है। आज भाजपा सरकार मे समाज के अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुंच रही है। गांवो का विकास हो रहा है। समाज के विभिन्न वर्गों को बिना-भेदभाव बिजली, पानी, सड़क, आवास, शौचालय व सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार लोककल्याण के संकल्प के साथ काम करते हुए दीनदयाल उपाध्याय जी के सपनों को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित है। धर्मपाल सिंह ने बक्शी का तालाब में बूथ सं 265 पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय समाज को नई दिशा देने वाले एकात्म मानववाद के प्रणेता थे। दीनदयाल उपाध्याय जी सदैव कहते थे कि राष्ट्र सर्वोपरि है वे चाहते थे कि देश में कोई भूखा न सोए, किसी की भी दवा और इलाज के अभाव में मौत न हो, वे चाहते थे समाज के अन्तिम व्यक्ति का विकास हो। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार एकात्ममानववाद और अंत्योदय की कल्पना को साकार करने का काम कर रही है। प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभारी संदीप सिंह ने इसी क्रम में निशात गंज स्थित चंद्रभालेश्वर मंदिर परिसर की बारादरी में मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम को भी संबोधित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद प्रमोद सिंह राजन, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र डब्बू, मदन शुक्ला, निखिल दीक्षित, संतोष सिंह, कमल त्रिपाठी, प्रह्लाद यादव, अश्वनी शुक्ला समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।

# 10 लाख करोड़ के निवेश का खाका तैयार, 17 देशों और सात बड़े शहरों में होंगे रोड शो

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- अपग्रेड हो रहीं दो दर्जन से अधिक नीतियां
- जल्द आएगी नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी, वेयर हाउसिंग और लॉजिस्टिक पॉलिसी और इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल पॉलिसी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए औद्योगिक और अवस्थापना विभाग ने खाका तैयार कर लिया है। जनवरी में होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर समिट-23 जीआईएस से पहले दो दर्जन से अधिक नीतियों को अपग्रेड किया जा रहा है और नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी, वेयर हाउसिंग और लॉजिस्टिक पॉलिसी और इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल पॉलिसी जल्द आने वाली है। जीआईएस-23 के लिए 17 देशों सहित देश के सात बड़े शहरों में रोड शो भी होगा।

सीएम योगी की प्रभावी नीतियों के कारण प्रदेश में पिछले छह माह में 55 कंपनियों ने 45 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इसमें 20 कंपनियों ने जल्द भूमि आवंटन के लिए आवेदन किया था और 5000 करोड़ की लागत से लगने वाली सात कंपनियों को भूमि आवंटित भी कर दी गई है। शेष कंपनियों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। जीआईएस 23 को लेकर औद्योगिक और अवस्थापना विभाग ने अब तक नीदरलैंड, कनाडा, इजराइल, यूएसए, जापान के उच्चायुक्तों से बैठक कर ली है और सितंबर के अंत तक मारिशस से भी बैठक हो जाएगी। इसके अलावा दुबई चेंबर ऑफ कॉमर्स, अमेरिकन चेंबर्स ऑफकामर्स इन इंडिया और यूएस इंडिया स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप फोरम से द्विपक्षीय वार्ता भी हो चुकी है। प्रदेश में परंपरागत उद्योगों के साथ राइजिंग सेक्टर्स में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा निवेश आईटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में 94632 करोड़ रुपए का हुआ है। ऐसे ही 19970 करोड़ रुपए के डेटा सेंटर सात निवेश प्रस्ताव मिले हैं जिनमें छह डेटा सेंटर पार्क बनेंगे और एक डेटा सेंटर यूनिट स्थापित होगी। सीएम योगी के निर्देश पर अवस्थापना और औद्योगिक विकास विभाग ने उत्तर प्रदेश आईटी और स्टार्टअप नीति 2017, उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति 2017, उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति 2020, उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति 2020 और उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति 2021 बनाई थी। इन नीतियों का परिणाम यह हुआ कि अब तक कुल सात में से पांच प्रस्तावों को मंजूरी दी जा चुकी है और एनओसी जारी कर दी गई है। जल्द ही दो अन्य डेटा सेंटर पर कैबिनेट में मुहर लगेगी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत इस साल 21 अगस्त तक 205 रिफॉर्म्स लागू किए गए हैं और अन्य 142 रिफॉर्म्स 31 अक्तूबर तक लागू होंगे। मिनिमाइज़िंग रेगुलेटरी कंप्लायंस बर्डन के तहत इंवेस्ट यूपी ने अब तक 3373 अनुपालनों को कम किया है जिनमें से 568 अनुपालनों को डीक्रिमिनिलाइज कर दिया गया है और 907 से अधिक अधिनियमों, नियमों और विनियमों को समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा करीब 2298 शिकायतों का सरलीकरण, डिजिटलीकरण और युक्तिकरण किया गया है। आईटी सेक्टर में निवेशकों की रूचि को देखते हुए सीएम योगी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित नोएडाए ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे क्षेत्र को इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग जोन घोषित किया है। इससे देश के दिग्गज औद्योगिक घरानों समेत चीन, ताइवान और कोरिया की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए आगे आई हैं।

# राज्यपाल, सीएम व स्पीकर ने दीं शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माँ दुर्गा की उपासना का अत्यधिक महत्व है। माँ दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनके अनन्त रूप हैं, लेकिन प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर आदिशक्ति सम्पूर्ण जगत के सभी प्राणियों का कल्याण करती हैं। एक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माँ दुर्गा की उपासना का अत्यधिक महत्व है। माँ दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनके अनन्त रूप हैं लेकिन प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर आदिशक्ति सम्पूर्ण पृथ्वीलोक पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। माँ भगवती भक्तों और साधकों में अपनी ही शक्ति का संचार करते हुए, करुणा एवं परोपकार के द्वारा संसार के प्राणियों का हित करती हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए नवरात्रि तथा दुर्गा पूजा के अवसर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने की अपील की। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नवरात्रि के आगमन पर प्रदेशवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख.समृद्धि की कामना की है। श्री महाना ने अपने संदेश में कहा है कि इस ऋतु में प्रकृति की छटा दर्शनीय होती है और यह शक्ति उपासना सर्वोत्तम समय होता है। नवरात्रि का पर्व नौ शक्तियों की अराधना का पर्व है। नवरात्र में की जाने वाली पूजा, अर्चना एवं साधना का उद्देश्य अदृश्य ऊर्जा, दैवीय शक्ति को प्रकट करना है।

# भाजपा राज की सबसे बड़ी देन भ्रष्टाचार और महंगाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की दूसरी सरकार के छह माह भी वैसे ही बिना कोई काम किए बीत गए जैसे पिछले पांच साल बीते थे। इस सरकार के मंत्री आरोप-प्रत्यारोप में जूझते रहे। भ्रष्टाचार पर कहीं अंकुश नहीं लगा। भाजपा सरकार ने दुबारा सत्र तो बुला लिया लेकिन उसी कार्यकुशलता का नमूना यह है कि अभी जिलो में बजट ही नहीं गया है।

विकास कार्य रुके पड़े हैं। अखिलेश ने कहा कि यह बात तो अभी सदन में स्वीकार की गई है कि किसानों को मुफ्त बिजली देने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। चुनाव के समय किसानों के वोट लेने के लिए मुफ्त बिजली का जो वादा किया गया था अब उसे जुमला मान लिया गया है। यही हाल प्रधानमंत्री के किसानों की आय दुगनी करने का है। सन् 2022 तक के लिए किए गए वादे का अभी कोई नाम भी नहीं लेता है। गन्ना किसानों के बकाया भुगतान में सरकार की रुचि नहीं है। खाद, बीज, सिंचाई का इंतजाम नहीं है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की छह महीने की दूसरी सरकार में मुख्यमंत्री खुद ही असहाय दिखे हैं। उनके तमाम सख्त आदेशों-निर्देशों के बावजूद अपराध कम नहीं हुए हैं। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब लूट, हत्या, अपहरण की घटनाएं न होती हो। महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामलों में उत्तर प्रदेश की देश भर में बदनामी हो रही है। हालत इतने बिगड़े हुए है कि अब थाना परिवार में भी कोई महिला सुरक्षित नहीं। अखिलेश ने कहा कि सत्ता के नशे में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता खुद को ही सरकार समझ बैठे हैं। कहीं अधिकारियों को धमकाते नज़र आते है तो कहीं विधायक अपनी ही सरकार को कोसते दिखते हैं। अवैध कार्यवाहियों में भी भाजपा नेताओं के नाम आ रहे हैं। सरकार उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दे रही है। थानों और तहसीलों में भाजपा नेताओं की दलाली कायम है। ऐसी अराजकता और ध्वस्त कानून व्यवस्था पहले कभी नहीं देखी गई।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज की सबसे बड़ी देन भ्रष्टाचार और महंगाई है। पीडब्लूडी और कई अन्य विभागों में भाजपा सरकार द्वारा ट्रांसफर पोस्टिंग में खुलकर लूट की गई। जांच के नतीजे में सिर्फलीपापोती हुई। रोजगार के लम्बे चौड़े वादे जरूर हुए पर नौजवानों को रोजगार नहीं मिला। पूंजीनिवेश की चर्चाएं खूब हुई लेकिन पूंजीनिवेश धेलाभर भी नहीं हुआ। न कहीं उद्योग लगे, न रोजगार सृजित हुआ। शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में गिरावट जारी है। बच्चों की पढ़ाई के साथ दवा-इलाज की व्यवस्था चौपट है। हर विभाग में घोटाला है। महंगाई बेलगाम है। जीएसटी की मार से बच्चे-बूढ़े सभी कराह रहे हैं। व्यापार बर्बाद हो गया।

# अकेले उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न और रेप की घटनाएं सामने आईं: कांग्रेस

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार में अकेले उत्तर प्रदेश में ही आजादी के बाद, सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न और रेप की घटनाएं सामने आई है। मुख्यमंत्री योगी अपने दूसरे कार्यकाल के बीते 180 दिन को युगांतरकारी और सुशासन के उत्कृष्ट मानक बता रहे हैं। जबकि उनका पूरा कार्यकाल महिला उत्पीड़न के मामले में सभी भाजपा शासित राज्यों में सबसे बड़े कुशासन के उत्कृष्ट मानक के रूप में उभर कर सामने आया है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने दीनदयाल उपाध्याय जयंती के दौरान प्रदेश की महिला सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी के दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समूचे भारत देश और खासतौर से उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ उत्पीड़न व जघन्य अपराध की घटनाएं सबसे ज्यादा सामने आ रही हैं। आज यह बहुत बड़ी चिंता का विषय बन चुका है कि भाजपा शासनकाल में वैश्विक स्तर पर भारत देश महिला विरोधी, अपनी घृणित पहचान बनने के रास्ते की तरफ जा रहा है। कांग्रेस वक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि पहले तो गुजरात, बिलकिस बानो रेप कांड में बच्चियों के क़ातिलो, रेप के 11 अपराधियों को गुजरात की भाजपा सरकार ने कानूनी दांव पेंच खेल कर जेल से छुड़वा दिया। इससे बड़ा अनैतिक कार्य नहीं हो सकता, बीजेपी सरकार में। इसके साथ ही बीजेपी नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा अपराधियों को हार पहनाना, मिठाई खिलाना और पैरो को छू कर स्वागत करते समूचे देशवासियों ने सोशल मीडिया पर देखा। अभी जल्द ही घटी उत्तराखंड में अंकिता भंडारी के साथ घटी घटना दिल दहलाने वाली है। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में दलित लड़की के साथ सामुहिक बलात्कार हुआ, दरिंदों ने उसे नग्न हालत में ही सड़कों पर छोड़ दिया। सोशल मीडिया में लड़की का दर्दनाक वीडियो वायरल है।

# 36 माफियाओं को आजीवन कारावास, दो को फांसी, 2200 करोड़ की संपत्ति जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- अपराधियों पर यूपी सरकार ने कसा मजबूत शिकंजा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल के बीते छह माह में कानून का शिकंजा और कसा है। मुख्तार सहित 36 माफिया और उनके शागिर्दों को आजीवन कारावास और दो को फांसी की सजा हुई है। साथ ही पिछले छह माह में प्रदेश स्तर पर चिह्नित 62 माफिया की अवैध रूप से कमाई गई 22 सौ करोड़ से अधिक की संपत्ति को जब्त और ध्वस्त किया गया है। यूपी पुलिस ने माफिया के गैंग के 860 सहयोगियों के खिलाफ396 मुकदमे दर्ज कर चार सौ से अधिक को आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 174 पर गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर में 355 और 13 आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की है और 310 शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त किए हैं। अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने के लिए एंटी नारकोटिक्स फोर्स गठन किया गया।

पहले चरण में दो थानों गाजीपुर और बाराबंकी में एएनटीएफ थाना खोला गया और तीन क्षेत्रीय शाखा मेरठ, लखनऊ और गोरखपुर जोन की स्थापना की गई है। ड्रग माफिया के खिलाफ 24 अगस्त से आठ सितंबर तक चले अभियान में पुलिस ने 2833 संदिग्ध आरोपियों को चिह्नित कर 2479 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की और 2277 मुकदमे दर्ज किए। इन आरोपियों से पुलिस ने 39 करोड़ 68 लाख रुपए की बरामदगी की। गैंगेस्टर अधिनियम के तहत 358 आरोपियों के खिलाफ 110 मुकदमे दर्ज किए गए और 35 करोड़ 14 लाख की संपत्ति जब्त की। साथ ही कोर्ट में पैरवी कर 188 आरोपियों को सजा दिलाई। पुलिस ने अवैध शराब और जहरीली शराब के खिलाफ चले अभियान में 11157 आरोपियों के खिलाफ 10821 मुकदमे दर्ज किए हैं और 11 करोड़ 16 लाख रुपए से अधिक की बरामदगी की है। इसके अलावा गैंगेस्टर अधिनियम के तहत 319 आरोपियों के खिलाफ101 मुकदमे दर्ज किए हैं। साथ ही कोर्ट में पैरवी कर 164 आरोपियों को सजा दिलाई गई है। गैंगेस्टर अधिनियम के तहत करीब 20 करोड़ रुपए की अवैध सम्पत्ति जब्त की गई है। आबकारी अधिनियम के तहत 406 आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। यूपी पुलिस के बजट में दुगुने की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में 16115 करोड़ रुपए बजट था, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 में दुगुना बढ़कर 30203 करोड़ रुपए हो गया है। इससे प्रदेश में 244 थानों और 133 चौकियों की स्थापना की गई है। इसके अलावा नए बने सात जिलों हापुड़, चंदौली, औरैया, संभल, शामली, अमरोहा और अमेठी में पुलिस लाइन की स्थापना की प्रक्रिया शुरू की गई है। पिछले साढ़े पांच साल में यूपी पुलिस में विभिन्न पदों पर 153869 भर्तियां हुई हैं। इसमें वर्ष 2017 से इस साल मार्च तक सिपाही, दरोगा, लिपिक, कंप्यूटर आपरेटर और जेल वार्डेन के विभिन्न पदों पर 144194 भर्ती की गई है। इसके अलावा इस साल मार्च से सितंबर तक विभिन्न पदों पर 9675 भर्ती की गई है।

# समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण से ही देश का विकास संभव: स्वतंत्र देव

- जलशक्ति मंत्री ने सिंचाई विभाग की चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मियों को सम्मानित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पंडित** दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर रविवार को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रायबरेली रोड स्थित एसजीपीजीआई कैम्पस में पं. दीनदयाल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जलशक्ति मंत्री ने विभाग में कार्य करने वाली चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से पंडित जी की विचारधारा और उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में कर्मियों को सम्बोधित करते हुए जल शक्ति मंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण से ही देश का विकास संभव है। इसी विचारधारा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। एकात्म मानववाद, एकात्म मानव दर्शन, अंत्योदय के प्रणेता और महान राष्ट्रवादी पं. दीन दयाल उपाध्याय को आज पूरा देश याद कर रहा है। सम्मानित होने वाली चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मियों में रेखा रानी शुक्ला, सुभाषनी देवी, गुड्डी देवी और काजल सिंह रहीं।

कर्मठ कर्मचारी के रूप में जल शक्ति मंत्री ने जूनियर इंजीनियर मो. यूनुस को भी सम्मानित किया। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष मुश्ताक अहमद, विभाग के प्रमुख सचिव परियोजना अनिल कुमार, मुख्य अभियंता शारदा सहायक एके सिंह समेत कई अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# रुपये के अवमूल्यन को हल्के में न ले केन्द्र: मायावती



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को केन्द्र सरकार को रुपये के अवमूल्यन पर चेताया है। उन्होंने कहा कि भारतीय रुपये की विश्व बाज़ार में लगातार गिरावट भले ही सरकार के प्रतिष्ठा से सीधे तौर पर न जुड़ी हो तथा लोगों को भी इसकी ख़ास चिन्ता न हो, किन्तु इससे देश की अर्थव्यवस्था चरमराती है व मनोबल भी टूटता है। सरकार महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी की तरह रुपये के अवमूल्यन को हल्के में न ले। अपने अगले ट्वीट में बसपा प्रमुख ने कहा कि विदेशी मुद्रा भण्डार के भी घटकर दो साल के निचले स्तर पर आ जाने की ख़बर सुर्ख़ियों में है व रिज़र्व बैंक व अन्य सभी चिन्तित व व्याकुल। इसलिए सरकार की गलत आर्थिक नीतियों व प्राथमिकताओं का इसे दोष मानने के आरोप-प्रत्यारोप में न उलझ कर इस ओर त्वरित प्रभावी कदम उठाने की ज़रूरत।

# दीनदयाल के सपनों को साकार कर रहे मोदी-योगी: राजेश्वर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- सरोजनीनगर विधायक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया नमन

**जनसंघ** की नींव डालने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पूरे देश में उनकी स्मृति में जगह जगह कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी व मन की बात में उनके जीवन के बारे में व्याख्या की तो वहीं लखनऊ जिले की सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के बेंती ग्राम के अंतर्गत बूथ संख्या 302 पर भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीय जनता के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा भी की।

इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा पर चलते हुए आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा को आगे बढाने का कार्य कर रहे हैं। यही कारण है कि आज केंद्र में मजबूत सरकार है और उत्तर प्रदेश में 37 साल बाद दोबारा भाजपा ने दूसरे कार्यकाल के लिए ऐतिहासिक बहुमत प्राप्त किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए राजेश्वर सिंह ने कहा कि कभी पद के लिए लालायित नहीं रहते थे, उनका मानना था कि एक स्वयं सेवक को हमेशा सेवा करनी चाहिए, उसे राजनीतिक पद की लालसा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अपने अनूठे नेतृत्व और परिश्रम से भारतीय जनसंघ को खड़ा किया और उन्होंने एकात्म मानववाद की विचारधारा दी। उनका मानना था कि जब तक मानवता नहीं होगी तब तक राजनीति में प्रगति नहीं हो सकती। उन्होंने लगातार अपने विचारों का प्रचार प्रसार किया, जिसके कारण आज देश इतना मजबूत है, देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत है और हर व्यक्ति देश के प्रति समर्पित है।उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि था। उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को आगे बढ़ाया। उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से प्रेरणा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भव्य राम मंदिर का निर्माण करवा रहे हैं। काशी कॉरिडोर देखिए कितना अच्छा बन गया है। नैमिषारण्य धाम खूबसूरत हो गया है, विंध्यावासिनी देवी का कायाकल्प हो चुका है, मथुरा का कायाकल्प हो रहा है, ये सब पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की सोच का ही परिणाम है। विधायक ने अपने संबोधन में आगे बताया कि हमें देश की संस्कृति की रक्षा करनी है, युवाओं को अधिक प्रोत्साहित करना है, उन्हें ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हैं। इसी दिशा में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, चाहे मुद्रा लोन हो या स्टार्टअप इंडिया होए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार.स्वरोजगार से जोड़ने के लिए ही केंद्र व राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। मेरा भी यही प्रयास रहता है कि युवाओं को प्रेरित करूं, युवाओं को सभी संसाधन उपलब्ध कराऊं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता संजीव कुमार, मुकेश शर्मा, राजेश सिंह, जितेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, राजू शुक्ला, भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 26 सितंबर, 2022



# अग्रसेन जयंती पर साइकिल रेस में बच्चों ने लिया हिस्सा

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर अग्रवाल** सभा सीतापुर द्वारा अग्रसेन जयंती का शुभारंभ बहुत धूमधाम से किया गया। जयंती के उपलक्ष में आयोजित साइकिल रेस में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसका उद्घाटन बहुगुणा चौराहा पर अग्रवाल सभा के संरक्षक रामपति अग्रवाल व जयप्रकाश भरतिया ने साइकिल रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल व महामंत्री नवीन अग्रवाल ने मुख्य अतिथि श्री पंकज प्रताप राठौर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।दो ग्रुप में होने वाली साइकिल रेस में ग्रुप ए में दिव्यांश लाठ प्रथम,केशव लाठ दूतीय, वेदांत अग्रवाल तृतीय, व ग्रुप बी में राघव अग्रवाल प्रथम, देवांश कनोडिया द्वितीय, कनिष्का लाठ तृतीय ने अपनी अहम भूमिका निभाई तत्पश्चात लखनऊ के अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप का शुभारंभ माननीय संरक्षक बाबूलाल मोदी व महेश अग्रवाल द्वारा किया गया कैंप में अपोलो मेडिक्स से आये डॉ0 स्नेहा राय,डॉ0 एम एस आलम, डॉ0 अंकित, डॉ0 साक्षी,डॉ0 सीमा पाल, अमित श्रीवास्तव,शुभम जयसवाल, पलक व लक्ष्मी ने सैकड़ों की संख्या में मरीजों का निरूशुल्क प्रशिक्षण किया अग्रवाल समाज के सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर संरक्षक प्रेमचंद्र अग्रवाल, संरक्षक प्रहलाद राय अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, शिव कुमार, नरेश अग्रवाल, हनुमान प्रसाद, अशोक अग्रवाल, विकाश, अंकित, आकाश बजरंगी, नवीन अग्रवाल (बंटू), राहुल अग्रवाल, संदीप भारतीय, सुनील अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, डॉ प्रवीण गुप्ता, अंकित अग्रवाल, प्रतीक गोयल, वैभव बंसल, दीपक अग्रवाल, रोहन, साकेत, प्रतीक, कन्हैया, उत्कर्ष, रजनीश आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय मोटर बाइक एसोसिएशन ने निकाली बाइक रैली

- मुरादाबाद से चलकर सीतापुर पहुंचने पर हुआ स्वागत

संवाददाता। सीतापुर

**मुरादाबाद से** चलकर बाइक रैली रविवार को सीतापुर पहुंची, बाइक रैली का सीतापुर में टोलटैक्स पर जिलाक्रीडाधिकारी संजीव कुमार सिंह, खेल प्रषिक्षक सुरेन्द्र लाल ने स्वागत किया। यह बाइक रैली फिट इंडिया को लेकर आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में निकली है जो प्रदेष के विभिन्न जनपदों से होकर लखनऊ पहुंचकर समाप्त होगी। अखिल भारतीय मोटर बाइक एसोसिएशन द्वारा फिट इंडिया के तहत लोगो को जागरूकता का संदेष देते हुए निकाली जा रही है। मोटर बाइक काफिले के समन्वयक हर्षल मोदी जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव सिंह का अभिवादन करते हुए फिर लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

# विश्व फार्मेसी दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर




संवाददाता। सीतापुर

**विश्व फार्मेसी** दिवस 25 सितम्बर के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान षिविर का आयोजन के पी सिंह मेमोरियल फार्मेसी कॉलेज पारा सीतापुर में रेडक्रास सीतापुर के सहयोग से आयोजित किया गया। षिविर का उदघाटन संसथान के चौयरमैन एस पी सिंह द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि रक्तदान पुनीत कार्य है रक्तदान कर आप दूसरो के जीवन को बचाते है। संस्थान की डायरेक्टर डॉ शिवानी ने बताया कि इस षिविर में विद्यालय के छात्र एव स्टाफ के सहयोग से 25 लोगो ने रक्तदान किया। रेडक्रास चेयरमैंन संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री में नही बनता है रक्त की पूर्ति रक्तदान करके ही पूरी की जा सकती है। इस अवसर पर रेडक्रास चौयरमैन संजीव मेहरोत्रा, रेडक्रास उपसभापति फरहत बेग, सचिव रियाज अहमद रेडक्रास सदस्य, फ़िरोज अख़्तर, सत्यम कुमार आदि लोग मौजूद रहे। ब्लड बैंक टीम में रक्तकोश प्रभारी डा0 पूजा यादव लैब टैक्नीषियन दिवाकर, राजाराम आदि लोगो का योगदान सराहनीय रहा। संस्थान की और से चौयरमैन एस पी सिंह , डायरेक्टर डॉ शिवानी सिंह, ऐच ओ डी डॉ ह्रदेश दिव्या शर्मा,रेनू पांडेय,वैशाली, अमिता चौधरी आदि लोगो का विशेष योगदान।

# अब समझदार हो रहे लोग खुलकर कर रहे गर्भनिरोधक का इस्तेमाल

**लखीमपुरखीरी।** लोग छोटे और सुखी परिवार की अहमियत को भलीभांति समझने लगे हैं। अनचाहे गर्भ के जोखिम से महिलाओं को बचाने की हरसम्भव कोशिश में स्वास्थ्य विभाग जुटा है। परिवार नियोजन के स्थायी और अस्थायी साधन मौजूद होने के बाद भी महिलाएं अनचाहा गर्भ धारण कर लेती हैं जो उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा है क्योंकि अनचाहे गर्भ से छुटाकारा पाने के लिए महिलाएं असुरक्षित गर्भपात का रास्ता चुनती हैं। महिलाओं को इन्हीं खतरों से बचाने और जागरूकता लाने के उद्देश्य से हर साल 26 सितंबर को विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया जाता है।उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य समुदाय को यौन जागरूकता प्रदान करना है। गर्भनिरोधक साधनों को अपनाकर जहां महिला के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। वहीं मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को भी कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता समुदाय को निरंतर गर्भनिरोधक साधनों को अपनाने के बारे में जागरूक कर रहे हैं।गर्भनिरोधक साधनों को अपनाने के आंकड़ों में भी वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण एनएफएचएस.5 2019.21 के आंकड़ों के अनुसार 15 से 49 वर्ष की लगभग 55 फीसद महिलाओं ने किसी भी प्रकार के गर्भनिरोधक साधन का उपयोग किया है जबकि एनएफएचएस. 4 ;2015.16 में यह आंकड़ा लगभग 31 प्रतिशत था। एनएफएचएस.5 के अनुसार 15 से 49 वर्ष की लगभग 38 फीसद महिलाओं ने परिवार नियोजन के आधुनिक साधन अपनाए हैं जबकि एनएफएचएस.4 में यह आंकड़ा 24.4 प्रतिशत था।परिवार नियोजन के साधन नि:शुल्क मुहैया कराए जाते हैं। इसके साथ ही लाभार्थी को प्रोत्साहन राशि दिए जाने का भी प्रावधान है। सीएमओ डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विवाह के दो साल बाद ही बच्चे की योजना बनाने और दो बच्चों के जन्म के बीच तीन साल का अंतर रखने का संदेश देते हुए लाभार्थी को परिवार नियोजन के अस्थायी साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। परिवार नियोजन के लाभार्थियों की काउंसलिंग करते समय उनकी जरूरत को ध्यान में रखते हुए उन्हें परिवार नियोजन के साधन को चुनने में सहयोग किया जाता है।इसलिए सरकार ने बास्केट ऑफ च्वाइस की सुविधा प्रदान की है।

# ओटीएस योजना के लाभ का अन्तिम दिन आज

**सीतापुर।** शासन द्वारा चलायी जा रही अति महत्वपूर्ण ओटीएस योजना लाभ वाहन स्वामियों को मिल रहा है। एआरटीओ (प्रवर्तन) डॉ0 उदित नारायण ने बताया कि सिर्फ1 दिन का समय ही बचा है। 26 सितम्बर तक ओटीएस योजना में रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। उन्होने योजना में अब तक की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि सीतापुर जनपद में अब तक 634 वाहन स्वामियों ने ओटीएस योजना मेंरजिस्टशन कराया है। योजना के तहत 494 वाहन स्वामियों की 68 लाख से अधिक की पेनाल्टी माफ की जा चुकी है। 26 सितम्बर 2022 के बाद ओटीएस योजना में कोई भी रजिस्ट्रेन नही किया जायेगा। उन्होने बताया कि योजना के तहत 1000 रूपये का शुल्क जमा कर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है रजिस्ट्रेशन के बाद 30 दिनो के भीतर टैक्स जमा करना होगा। योजना के तहत वाहन के मार्गकर पर लगायी गयी पूरी पेनाल्टी माफ की जा रही है। उन्होने बताया कि 1 अप्रैल 2020 तक पंजीकृत सभी वाहन स्वामी इस योजना का लाभ उठा सकते है। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण फाइनेंसर द्वारा खीचे गये वाहनों, वसूली पत्र जारी हो चुके वाहनों को भी इस योजना के तहत लाभ दिया जायेगा। जनपद में ओटीएस योजना के तहत 1 करोड़ 13 लाख 83 हजार का राजस्व प्राप्त किया गया है।

# आपराधिक कृत्यों में लिप्त गैंगेस्टर की 54 लाख की सम्पत्ति हुई जब्त

- रामपुरमथुरा के रंजीतपुर गांव का निवासी है गैंगेस्टर सुरेश
- क्षेत्र में गिरोह बनाकर चोरी/नकबजनी की घटनाओं को देता था अंजाम
- डीएम के निर्देष पर तहसीलदार व पुलिस ने की कार्रवाई

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** फिर एक बार अपराधिक कृत्यों में लिप्त एक गैंगेस्टर पर 54 लाख की सम्पत्ति जब्त करने की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर दी है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देष पर थाना रामपुर मथुरा पुलिस ने की है। यह गैंगेस्टर अपना एक संगठित गिरोह बनाकर अपने गैंग के सदस्यों के साथ चोरी/नकबजनी आदि घटनाएं करता था जो कि अभ्यस्त अपराधी हैं जिसके खिलाफ सदरपुर थाने में कई मुकदमें दर्ज थे। गैंगेस्टर सुरेश पुत्र सेमरी व अभियुक्ता रामादेवी पत्नी सुरेश निवासी रंजीतपुर थाना रामपुर मथुरा सीतापुर का निवासी है जो अपराध से अर्जित संपत्ति का उपयोग परिवारीजन द्वारा किया जा रहा था। जिसको लेकर पुलिस की रिपोर्ट पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गैंगेस्टर सुरेश व रामादेवी उपरोक्त द्वारा अपराध से अर्जित की गयी संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया गया। जिनका रामपुर मथुरा में मकान जिसकी कीमत 28 लाख व ढखवा में पत्नी के नाम पर जमीन जो 25 लाख 90 हजार बताई जा रही है जिसे पुलिस ने बोर्ड चस्पा कर जब्त कर लिया है। और भी अपराध से अर्जित की गई जमीनों का चिन्हांकन कर पुलिस कार्रवाई करने की बात कह रही है। जब्तीकरण के दौरान तहसीलदार मनीष कुमार के साथ पुलिस बल मुस्तैद रहा।

# खुदरा कृषि व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन ने की बैठक

- बैठक में खाद विक्रेताओं से होने वाली अवैध वसूली को लेकर सौंपेगे ज्ञापन
- कृषि विभाग के अधिकारियों पर धन उगाही का लगाया आरोप

संवाददाता। सीतापुर

**कृषि विभाग** के फर्टिलाइजर बाबू को रिष्वत लेने पर विजिलेंस की टीम द्वारा पकड़े जाने के बाद अब मामला तूल पकड़ने लगा है। खाद विक्रेताओं के सामने दिक्कतें आने लगी है जिसको लेकर खुदरा कृषि व्यापारी वेलफेयर एसोसिएषन ने एक बैठक षहर के पंजाबी धर्मषाला में की। बैठक में व्यापारियों ने कहा कि खाद विक्रेताओं को तमाम नियम बताए जा रहे है जो कोई भी दुकानदार उन्हें पूरा नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि हर व्यापारी से धनउगाही की जाती है अगर व्यापारी अधिकारी की न सुने उसका लाइसेंस निरस्त करने की धमकी भी दी जाती है। संगठन के जिलाध्यक्ष आर.के. कनौजिया ने कहा कि धमकी भी दी जाती है। संगठन के जिलाध्यक्ष आर.के. कनौजिया ने कहा कि खाद व्यापारी किसानों के लिए हर तरह से तैयार रहते है लेकिन अधिकारी उन्हें परेषान किया करते है जिससे वह आहत है। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान उपाध्यक्ष देष दीपक, महासचिव अमित गुप्ता, संगठन मंत्री अवनीष सिंह, कोषाध्यक्ष अमित प्रजापति, संयुक्त सचिव अजय पाल, सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# चार गायें मृत मिलीं



**ढखेरवा निघासन.खीरी।** कोतवाली के खरवहिया नंबर दो गांव के एक खेत में चार गाय संदिग्ध हालत में मरी पाई गईं। एक साथ चार गायों की मौत की सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना के बाद पुलिस व पशु चिकित्सा विभाग के लोग मौके पर पहुंच मामले की छानबीन की। गौरिया निवासी रामभरोसे मौर्य का खेत खरवहिया नंबर दो ग्राम पंचायत में है। शनिवार सुबह इस खेत में चार गायें संदिग्ध हालत में मरी हुई पाई गईं। लोगों में तरह तरह की चर्चाएं होने लगीं। कोई आकाशीय बिजली गिरने से मौत होने की बात करने लगा तो कोई जहर खाने से मौत की बात कर रहा। गौ रक्षक दल के रिंकू पाण्डेय ने आरोप लगाया कि गायों को जहर देकर मारा गया है। आज लोग गायों का दूध निकालकर फिर गायों को छोड़ देते है आज गायों की वह कहानी है सड़को पर खेतो में गाये मरी हुई मिलती है और तहरीर देने पर कोई कार्यवाही नहीं होती है। सूचना के बाद कोतवाल चंद्रभान सिंहए तहसीलदार भीमचन्द्र ढखेरवा चौकी इंचार्ज बाबूराम एसआई ओमप्रकाश सरोज पंचायत सचिव हर्षित पांडेय प्रियंका सिंह प्रमोद प्रधान गौरिया खरवहिया प्रधान समेत पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे। मरी हुई गांवों का पोस्टमार्टम कराया गया साथ ही आसपास लगी घास व फसल का हिस्सा परीक्षण के लिए सुरक्षित रख लिया। मरी हुई गायों को जेसीबी से खुदाई कर मिट्टी में दफन कर दिया गया। इस दौरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लगी रही।

# सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रवक्ता का हुआ भव्य स्वागत



**मोहम्मदी.खीरी।** समाजवादी पार्टी की महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रवक्ता जूही सिंह के मोहम्मदी प्रथम आगमन पर पुवायां रोड पर स्थित एक मैरिज लान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित व स्वागत किया। कार्यक्रम में गोला विधायक की आकस्मिक निधन का दो मिनट का सभी ने मौन रख उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए जूही सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी एक विचारधारा की पार्टी है। अखिलेश यादव की लगातार जनता की आवाज को उठाने का काम कर रहे हैं। प्रदेश में नौजवान बेरोजगार घूम रहा है। महंगाई चरम सीमा पर है। महिलाओं के साथ घटनाएं प्रतिदिन घट रही हैं। लखीमपुर मे लगातार बालिकाओं के साथ में जो घटनाएं घटित हुई है। वो शर्मनाक है जिसने लखीमपुर की छवि को धूमिल करने का काम किया है। महिला अपराध पर नियंत्रण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में समाजवादी सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं नेताओं पर फर्जी मुकदमा ला दे जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एमएलसी शशांक यादवए जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव शाहजहांपुर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना वर्मा लखनऊ पूर्व प्रत्याशी पूजा शुक्ला आजमगढ़ से आई डॉक्टर सरोजिनी यादवआरती यादव और वैशाली अली ने भी संबोधित किया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पल्लवी पांडे गुंजन गुप्ता डाली वर्मा नेहा गुप्ता शिवा दुबे ने आ हुए सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्तिक तिवारी सभासद व कार्यक्रम आयोजक अभिषेक पांडे रूपेश गुप्ता राम कैलाश यादव नगर अध्यक्ष इकरार खान लक्ष्मण गुप्ता पंकज यादव मोहम्मद मोवीन खा अजय सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महिला सभा के अध्यक्ष तृप्ति अवस्थी ने किया।

# अपर मुख्यसचिव ने निरीक्षण कर परखी जमीनी हकीकत

**संडीला (हरदोई)।** अपर मुख्यसचिव डिंपल वर्मा ने दो विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्र तथा औद्योगित क्षेत्र का निरीक्षण कर जमीनी हकीकत को देखा। अपर मुख्यसचिव श्रीमती डिंपल वर्मा ने आईपीएल फैक्ट्री के निकट स्थित जूनियर हाईस्कूल सोम तथा कंपोज़िट विद्यालय जमसारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंनें विद्यालय में होने वाली मूलभूत सुविधाओं तथा कायाकल्प योजना के अंतर्गत मल्टिपल हैंड वॉश, रनिंग वॉटर सप्लाई का निरीक्षण किया। श्रीमती वर्मा ने कक्षा में जाकर छात्र छात्राओं से संवाद कर उनके बौद्धिक स्तर और शिक्षा की गुणवत्ता को देखा। छात्र छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति से वे संतुष्ट नजर आईं। इसके बाद उन्होंनें पास आंगनवाड़ी केन्द्र जाकर उसकी निरीक्षण किया। केन्द्र पर पंजीकृत 53 बच्चों के सापेक्ष 17 बच्चों की उपस्थिति को लेकर उन्होंनें आंगनवाड़ी कार्यकत्री से कई प्रश्न किए तथा पुष्टाहार वितरण के संबंध में जानकारी ली। श्रीमती वर्मा को बच्चों ने फैक्ट्री के दुषप्रभाव के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि शाम के समय हवा में बहुत भारीपन आ जाता है जिससे काफी परेशानी होती है। श्रीमती डिंपल वर्मा ने आईपीएल फैक्ट्री जाकर उसका गहन निरीक्षण किया। उन्होंनें विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण, अग्नि शवन तथा रिसर्च एवं डेवेलप्मेंट पर फैक्ट्री के संबंधित अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली। वे विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण को लेकर असंतुष्ट नजर आईं। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डीपी सिंह, खण्ड शिक्षाधिकारी सीमी निगार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



निरीक्षण करती डिंपल वर्मा

# पेज एक का शेष

## भाजपा को...

नाता तोड़ अब विपक्ष को एकजुट करने की कवायद में जुटे नीतीश ने कहा कि तीसरे मोर्चे का कोई सवाल नहीं उठता। कांग्रेस को मिलाकार एक ही मोर्चा होना चाहिए, केवल तभी हम 2024 में भाजपा को हरा पाएंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि हिंदुओं और मुसलमानों के बीच कोई लड़ाई नहीं है, लेकिन कुछ शरारत करने वाले हर जगह हैं। हालांकि रैली स्थल से रवाना होते समय कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार नहीं हैं। इनेलो अध्यक्ष ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि वे विपक्षी दलों का संयुक्त मोर्चा गठित करने के लिए कांग्रेस समेत सभी दलों से बातचीत करेंगे। लंबे समय तक कांग्रेस विरोधी होने का इतिहास रखने वाले दो नेता, इनेलो के ओम प्रकाश चौटाला व शिरोमणि अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल समेत राकांपा के शरद पवार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के सीताराम येचुरी व शिवसेना के अरविंद सावंत जैसे अन्य वरिष्ठ नेता एक साथ एक मंच पर मौजूद थे। इनेलो की कट्टर विरोधी कांग्रेस की ओर से किसी नेता ने रैली में शिरकत नहीं की। अक्सर गैर-कांग्रेसी गठबंधन के प्रति झुकाव दिखाने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव जैसे कद्दावर क्षेत्रीय नेता भी रैली से दूर रहे। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव भी इसमें नहीं पहुंचे। रैली में मौजूद विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए हिंदू-मुस्लिम तनाव पैदा करने की कोशिश कर रही है और झूठे दावे तथा वादे कर जनता को बरगला रही है। पवार ने कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों और युवाओं का आत्महत्या करना कोई समाधान नहीं है, बल्कि वास्तविक समाधान बदलाव लाना है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड), शिरोमणि अकाली दल और शिवसेना ने संविधान तथा लोकतंत्र को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का साथ छोड़ा है। उन्होंने पूछा कि अब राजग कहां रह गया है।

## सोनिया से...

के बाद से कुमार की सोनिया गांधी से यह पहली मुलाकात है। लंबे समय के बाद, लालू प्रसाद की भी सक्रिय रूप से यह पहली राजनीतिक बैठक थी। वह कुछ समय से बीमार थे। बैठक के बाद, उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हमें भाजपा को शिकस्त देने के लिए सभी विपक्षी दलों को एकजुट करना होगा। कांग्रेस अपना नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया में जुटी हुई है और सोनिया गांधी ने हमसे कहा है कि हम (कांग्रेस अध्यक्ष पद के) चुनाव के बाद फिर मिलेंगे। कुमार ने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए सभी विपक्षी दलों के हाथ मिलाने और साथ मिल कर काम करने की जरूरत है। बैठक के बाद बिहार के मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा का मुकाबला करने के लिए सभी विपक्षी दल सहमत हैं और कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के बाद हम एक ठोस कार्य योजना पर चर्चा करेंगे।

## विरोध के...

फांसी की सजा दिलाने का प्रयास करने का आश्वासन देने पर वे अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। श्रीनगर में एनआइटी घाट पर अंकिता के भाई अजय ने उसके शव को मुखाग्नि दी। पौड़ी जिले के यमकेश्वर स्थित गंगा भोगपुर में वनतारा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करने वाली 19 वर्षीय अंकिता का शव शनिवार को ऋषिकेश के समीप चीला नहर से बरामद किया गया था। इससे पहले, अंकिता की गुमशुदगी के मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार तीनों आरोपियों-रिजॉर्ट संचालक पुलकित आर्य, प्रबंधक सौरभ भास्कर और सहायक प्रबंधक अंकित गुप्ता ने उसे नहर में धकेलकर हत्या करने की बात स्वीकार की थी। मुख्य आरोपी पुलकित हरिद्वार के पूर्व भाजपा नेता विनोद आर्य का पुत्र है, जो पूर्व में दर्जाधारी राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। हालांकि, घटना के सामने आने के बाद भाजपा ने आर्य को तत्काल पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। अंकिता की प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी हत्या से पहले उसे चोट पहुंचाए जाने की बात कही गई है। हांलाकि, रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण पानी में डूबना बताया गया है। अंकिता हत्याकांड के विरोध में श्रीनगर में दुकानें और बाजार बंद रहे। अंकिता के गांव श्रीकोट से करीब 23 किलोमीटर की दूरी पर स्थित श्रीनगर में दिन में लोगों की भीड़ ने ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई घंटे जाम लगाया। लोगों ने सरकार से अंकिता के परिवार को मुआवजा दिए जाने तथा परिवार के एक सदस्य के लिए नौकरी की मांग की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फिर दोहराया कि राज्य सरकार जघन्य हत्याकांड के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएगी।

## आतंकियों को...

रहा भारत जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण की दृढ़ता से वकालत करता है। हमारे विचार में आतंकवाद के किसी भी कृत्य को कतई जायज नहीं ठहराया जा सकता है। विदेशमंत्री का यह पाकिस्तान और उसके सदाबहार सहयोगी चीन के खिलाफ परोक्ष रूप से जोरदार हमला था, जिसने कई मौकों पर भारत और उसके सहयोगियों द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के 1267 प्रतिबंध के दायरे में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को लाए जाने के प्रस्तावों और कोशिशों को अवरुद्ध किया। इस महीने, चीन ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के लिए अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र में पेश किए गए और भारत द्वारा सह-समर्थित एक प्रस्ताव पर रोक लगा दी। मीर 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले मामले में वांछित है। चीन, सुरक्षा परिषद का वीटो-धारक स्थायी सदस्य है। वह परिषद के 1267 अल कायदा प्रतिबंध व्यवस्था के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को ब्लैकलिस्ट करने के लिए भारत, अमेरिका और अन्य सहयोगियों द्वारा सूचीबद्ध प्रस्तावों पर बार-बार रोक लगा देता है। पिछले महीने, चीन ने जैश-ए मोहम्मद (जेईएम) प्रमुख मसूद अजहर के भाई और पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन के वरिष्ठ नेता अब्दुल रऊफ अजहर को ब्लैकलिस्ट करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका और भारत के प्रस्ताव पर रोक लगा दी थी। वर्ष 1974 में पाकिस्तान में पैदा हुए अब्दुल रऊफ अजहर को दिसंबर 2010 में अमेरिका ने मंजूरी दी थी। इस साल जून में, चीन ने भारत और अमेरिका के संयुक्त प्रस्ताव पर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध व्यवस्थ के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को सूचीबद्ध करने के संयुक्त प्रस्ताव पर भी रोक लगा दी थी। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए और बिना कारण बताए किसी चीज को अवरुद्ध कर देने की बात कभी हजम नहीं होती।

## चंडीगढ़ हवाईअड्डे...

यह भारत का प्रकृति प्रेम ही है कि 130 करोड़ भारतवासी खुश हैं और गर्व महसूस कर रहे हैं। मोदी ने कहा, एक कार्यबल बनाया गया है। यह कार्यबल चीतों की निगरानी करेगा। यह देखा जाएगा कि यहां के माहौल में ए चीते कितने घुल-मिल पाए हैं। इसी के आधार पर कुछ महीने बाद कोई निर्णय लिया जाएगा और तब आप चीतों को देख पाएंगे। प्रधानमंत्री ने चीतों के लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान और चीतों के नाम को लेकर भी देशवासियों से सुझाव मांगे। मोदी ने भारत के तटीय क्षेत्रों में पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों पर चिंता जताई और कहा कि जलवायु परिवर्तन समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है तो दूसरी ओर समुद्री तटों पर फैली गंदगी परेशान करने वाली है। उन्होंने कहा, हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम इन चुनौतियों के लिए गंभीर और निरंतर प्रयास करें। इस क्रम में प्रधानमंत्री ने उन प्रयासों का भी उल्लेख किया जिनके जरिए देश के तटीय क्षेत्रों को स्वच्छ बनाया जा रहा है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि पिछले कुछ सालों में यह त्योहारों के साथ देश का एक नया संकल्प बन गया है। उन्होंने कहा कि यही वजह ही त्योहारों की खुशी में अपने स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और व्यापारियों को भी देशवासी शामिल करते हैं। उन्होंने दो अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर इस अभियान को और तेज करने का संकल्प लेने का आह्वान किया तथा देशवासियों से खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प जैसे उत्पादों के साथ स्थानीय सामान जरूर खरीदने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, आखिर इस त्योहार का सही आनंद भी तब है, जब हर कोई इस त्योहार का हिस्सा बने। इसलिए, स्थानीय उत्पाद के काम से जुड़े लोगों को हमें सहयोग भी करना है। एक अच्छा तरीका ए है कि त्योहार के समय हम जो भी उपहार भेंट करें, उसमें इस प्रकार के उत्पादों को शामिल करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय यह अभियान इसलिए भी ट्ट393ास है, क्योंकि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य लेकर देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने देशवासियों से पॉलीथिन की जगह जूट, सूत और केले से बने पारंपरिक थैलों को बढ़ावा देने का अनुरोध किया और कहा कि इस दौरान वे स्वच्छता के साथ अपने और पर्यावरण के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें।

# दलित को जबरन बनाया मुसलमान, खतना किया, बीफ खिलाया

**भाषा।** हुबली (कर्नाटक)

**हुबली में** एक दलित व्यक्ति को कथित रूप से जबरन धर्मांतरण करा कर उसे इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया गया। इसके साथ ही उसका खतना कर दिया गया और उसे उसकी इच्छा के विरुद्ध उसे बीफ खाने के लिए बाध्य किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मामले में श्रीधर गंगाधर (26) की शिकायत के आधार पर कहा कि उसने 12 लोगों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है हालांकि, अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रदेश के मांड्या निवासी गंगाधर ने अपनी शिकायत में कहा कि उसका नाम भी बदलकर मोहम्मद सलमान कर दिया गया। उसके अनुसार मई में वह मांड्या के मड्डूर तालुक के कोप्पा के अत्तावर रहमान के संपर्क में आया।

पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया कि रहमान उसे बेंगलुरु में कथित रूप से बनाशंकरी मस्जिद ले गया और वहां अजीज साब नामक एक अन्य आरोपी उसे इस्लाम की पाठ पढ़ाने लगा। पुलिस ने कहा कि बेंगलुरु में उसे कई मस्जिदों में ले जाया गया और बाद में उसका खतना कर दिया गया और उसे बीफ खाने को बाध्य किया गया। शिकायत के अनुसार जब गंगाधर ने बीफ खाने से मना किया तब उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी उसे तिरुपति और उसके असपास की मस्जिदों में भी ले गए जहां उन्होंने उसे कुरान सीखने और इस्लामिक तरीके से नमाज पढ़ने का तौर तरीका बतलाया। पुलिस का कहना है कि एक दिन आरोपियों ने उसे कम से कम तीन हिंदुओं को मुसलमान बनाने का लक्ष्य दिया, उन्होंने उन्हें पिस्तौल दिया और उसका फोटो खींच लिया। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने उसे धमकी दी कि यदि उसने तीन हिंदुओं का धर्मातरण नहीं किया तो वे यह फोटो पुलिस को दे देंगे और उसे फंसा देंगे। पुलिस के अनुसार हुबली लौटने पर गंगाधर ने नौ सितंबर को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार मामले की जांच चल रही है और शिकायत में किए गए दावों का सत्यापन करने की कोशिश की जा रही है।

## आरएसएस कार्यकर्ता के घर पर केरोसिन से भरी बोतल फेंकी गई

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के सलेम के अम्मापेट में रविवार तड़के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता के घर पर अज्ञात व्यक्तियों ने केरोसिन से भरी बोतल फेंकी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह बोतल घर के दरवाजे के निकट गिरी और टूट गई, लेकिन उसमें आग नहीं लगी। पीएफआई और एसडीपीआई के छह लोगों को थाने में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। थाने में सलेम के पुलिस आयुक्त नजमुल होडा और उपायुक्त एम मादासामी मौजूद रहे। इस बीच, वीसीके, एसडीपीआई और अन्य मुस्लिम संगठनों के 100 से अधिक कार्यकर्ता थाने के समीप पहुंचकर इन छह लोगों का हिरासत में लेने के विरोध में प्रदर्शन करने लगे। किसी भी आकस्मिक स्थिति को रोकने के लिए थाने और उसके आसपास सशस्त्र बल समेत पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।पुलिस के अनुसार, परमाकुडी नन्नुसामी मार्ग पर संघ कार्यकर्ता के घर के समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में दो व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में जाते हुए तथा अचानक बोतल फेंककर वहां से भागते हुए नजर आ रहे हैं। आरएसएस कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के लिए बोतल ले ली। पुलिस के अनुसार, सुरक्षा के लिए आरएसएस कार्यकर्ता के घर के आसपास पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

## अफगानिस्तान से 55 सिख एवं हिंदू शरणार्थी दिल्ली पहुंचे : आप सांसद

**चंडीगढ़।** अफगानिस्तान से 55 सिखों एवं हिंदू शरणार्थियों का अंतिम जत्था रविवार की शाम को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचा। आम आदमी पार्टी के सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने यह जानकारी दी। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि विदेश मंत्रालय ने इससे पहले शरणार्थियों के इस अंतिम जत्थे का ई-वीजा मंजूर किया था। उनके यहां आगमन को भारत और अफगानिस्तान दोनों सरकारों ने सुगम बनाया है। साहनी ने इससे पहले यहां एक बयान में कहा था कि 38 वयस्कों और तीन शिशुओं समेत 17 बच्चों को लाने के लिए अमृतसर स्थित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने एक विशेष विमान की व्यवस्था की है। साहनी ने ट्वीट किया, भगवान की कृपा से 55 सिखों एवं हिंदुओं का आखिरी जत्था अफगानिस्तान से सुरक्षित नई दिल्ली पहुंच गया। विदेश मंत्रालय को धन्यवाद जिसने ई-वीजा जारी कर उन्हें वहां से यहां लाने में मदद की। एसजीपीसी को भी धन्यवाद।

# जंतुओं के लिए घातक साबित हुआ चिपकाकर फंसाने वाला उपकरण, प्रतिबंध की मांग

**भाषा।** मुंबई

**चिपचिपे पदार्थ** से जंतुओं को फंसाने वाला उपकरण (ग्लू ट्रैप) आम तौर पर चूहों और कीटों को पकड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन मुंबई और आसपास के जिलों में इससे जंगली जंतुओं के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है।

मुंबई के एक वन्यजीव संगठन ने महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि इस तरह के उपकरण का उल्लेख पशु क्रूरता निषेध अधिनियम और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन है। संगठन ने सरकार से इस तरह के उपकरण के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस उपकरण में बक्से होते हैं, जिसमें चिपचिपे पदार्थ से बनी एक पट्टी होती है। इस पट्टी के संपर्क में आने के बाद चूहे और अन्य जंतु उससे चिपक जाते हैं और भाग नहीं पाते। जैसे ही चूहा, कीट या कोई अन्य जंतु इस उपकरण में रखी खाद्य सामग्री को खाने के लिए बक्से में कूदता है, वह उसमें लगी पट्टी से चिपक जाता है। इससे जंतुओं की धीमी और कष्टदायक मौत होती है। रेसकिंक एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेल्फेयर (आरएडब्ल्यूडब्ल्यू) ने राज्य के वन विभाग के मुख्य वन्यजीव वार्डन और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ), वन्यजीव को पत्र लिखकर इस उपकरण के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की अपील की है। आरएडब्ल्यूडब्ल्यू के संस्थापक और मानद वन्यजीव वार्डन पवन शर्मा ने पत्र में लिखा कि इस उपकरण का इस्तेमाल कीटों से निपटने का ना केवल अमानवीय तरीका है, बल्कि कई संरक्षित प्रजातियां भी इसका शिकार बनी हैं। उन्होंने कहा कि आरएडब्ल्यूडब्ल्यू ने वन्य जीवों, पक्षियों और सरीसृपों की कई प्रजातियों, जैसे कि गिलहरी, चमगादड़, उल्लू, अजगर, मॉनिटर छिपकली आदि को ऐसे उपकरणों से बचाया है। शर्मा ने कहा, जंगली जीव-जंतुओं के मारे जाने या घायल होने के कई मामले जागरुकता की कमी के कारण दर्ज नहीं होते और ज्यादातर मामलों में लोग कानूनी अड़चनों से बचने के लिए आगे नहीं आते हैं।

यह उपकरण शहरी क्षेत्रों में चिंता का एक प्रमुख कारण है, जहां कारखानों, कंपनियों, आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में कीट नियंत्रण एजेंसियों द्वारा इस नियमित रूप से इस्तेमाल किया जाता है। शर्मा ने कहा कि मुंबई, ठाणे और आसपास के क्षेत्रों में एक अनुपम जैव विविधता है जिसे बचाने और संरक्षित करने की आवश्यकता है।

# तेलंगाना पर पांच लाख करोड़ रुपए का कर्ज, केसीआर ने और कर्ज के लिए केंद्र को ब्लैकमेल किया : रेड्डी

● **राज्य विभिन्न योजनाओं और विभागों को भुगतान करने की स्थिति में नही है**

**भाषा।** हैदराबाद



**केंद्रीय पर्यटन** मंत्री जी किशन रेड्डी ने रविवार को कहा कि तेलंगाना पांच लाख करोड़ रुपए के कर्ज में डूब गया है और राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं और विभागों के लिए नियमित खर्च करने में विफल रही है।

रेड्डी ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए तेलंगाना की सरकार पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव अपनी गलतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते रहे हैं। केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने कहा, "तेलंगाना की आर्थिक प्रणाली पूरी तरह से बदहाली का शिकार है। राज्य का कर्ज पांच लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसके बावजूद और ऋण के लिए केसीआर केंद्र को ब्लैकमेल कर रहे हैं। राज्य विभिन्न योजनाओं और विभागों को भुगतान करने की स्थिति में नहीं है। कर्ज लिए बिना राज्य सरकार वेतन भी देने की स्थिति में नहीं है। मंत्री ने केसीआर पर काल्पनिक दुनिया में रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री यहां विपक्षी नेताओं और सामाजिक संगठनों से मिलने के लिए अनिच्छुक हैं, लेकिन विशेष उड़ानों के जरिए बाहर जाएंगे और विभिन्न नेताओं से मिलेंगे जैसे कि वह एकमात्र व्यक्ति हैं जो राष्ट्र का उत्थान कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि राव लोगों को यह कहते हुए धोखा दे रहे हैं कि राज्य ने प्रगति की है। रेड्डी ने देश के विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं के साथ केसीआर की बैठकों का मजाक उड़ाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने जिन नेताओं से मुलाकात की, वे इस बात से इनकार कर रहे हैं कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा जैसा केसीआर ने दावा किया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र द्वारा दिए गए मुफ्त चावल समय पर वितरित करने में विफल रही है। केंद्र के हस्तक्षेप के बाद ही राज्य कोविड-19 महामारी से संबंधित मुफ्त चावल वितरित करने में सक्षम हो सका था।



कोलकाता भाजपा कार्यालय में परक पूजा के दौरान भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती

## क्विक न्यूज

### बदला लेने में विश्वास नहीं करती : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि वह बदले की राजनीति मे विश्वास नही करती, अन्यथा राज्य की सत्ता संभालने के बाद मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कुछ नेताओं को जेल भेजने के लिए उनके पास पर्याप्त आधार थे। तृणमूल कांग्रेस के मुखपत्र जागो बांग्ला के त्योहारी संस्करण का विमोचन करते हुए बनर्जी ने सोशल मीडिया के जरिए ट्रोलिंग किए जाने का भी जिक्र किया और आरोप लगाया कि प्रदेश के बारे में दुष्प्रचार फैलाने के लिए बाहरी लोगों को इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा, जब मैं दिल्ली जाती हूं तो कई बार मुझे शर्मिंदगी महसूस होती है जब यह पता चलता है कि कैसे कुछ लोग बंगाल को बदनाम करने के लिए झूठ फैला रहे है और कैसे वे राज्य को बदनाम करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ए लोग उनकी सरकार को मिली मान्यता और उसकी उपलब्धियों को पचा नही पा रहे है। विपक्षी माकपा पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा कि वह बदले की राजनीति मे विश्वास नही करती है। उन्होंने कहा, तृणमूल में सभी बुरे है और आपकी पार्टी (माकपा) के सभी लोग अच्छे हैं? आंखों पर इतनी भी पट्टी बांध कर मत रखिए।

### गोवा में अवैध रूप से रहने के आरोप में बांग्लादेश के 20 नागरिक गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा मे बिना किसी वैध दस्तावेज के गैर-कानूनी तरीके से रहने वाले बांग्लादेश के 20 नागरिको को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओ से कहा कि पिछले एक सप्ताह तटीय राज्य के विभिन्न हिस्सो मे इस मामले के संबंध मे कई लोगो के गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि बिना किसी वैध दस्तावेज के पकड़े गए, इन नागरिको को जल्द बांग्लादेश वापस भेज दिया जाएगा। सावंत ने कहा, पुलिस ने राज्य मे अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 20 नागरिको को गिरफ्तार किया है और ऐसे अन्य लोगो की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को निर्वासन प्रक्रिया शुरू करने के लिए सूचित किया गया है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने लोगो से यह भी अपील की कि वह बिना पूर्ववृत्त जांच के या फिर किराएदार सत्यापन फॉर्म भरवाए अपने परिसर को किराए पर न दें। इस बीच, सावंत ने गोवा में स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अभियान के दौरान किए गए प्रयासो की सराहना करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि केंद्र और राज्य सरकार समुद्र तटों को साफ रखने के मकसद से एकजुट हो कर काम कर रही है।

### फडणवीस ने श्रमिकों से जबरन वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को माथाडी (सामान ढोने वाले श्रमिक) से जबरन वसूली करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। नवी मुंबई मे सामान ढुलाई करने वाले श्रमिको की एक रैली को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि वसूली करने वाले श्रमिको से जबरन पैसा वसूल रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द पुलिस के माध्यम से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। माथाडी या सामान ढोने वाले श्रमिक वाशी के एपीएमसी बाजार के साथ-साथ नवी मुंबई और ठाणे जिले के अन्य विभिन्न औद्योगिक इलाको का अभिन्न हिस्सा है और उनके बीच अशांति से अक्सर इस क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होती है।

### अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत को प्रेरणादाई स्थान के रूप में देख रही है दुनिया : इसरो प्रमुख

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने रविवार को कहा कि पिछले 60 वर्षों मे देश ने अंतरिक्ष क्षेत्र मे जो हासिल किया है, उससे दुनिया भारत को इस क्षेत्र मे एक प्रेरणादायक स्थान के रूप मे देख रही है। सोमनाथ ने कहा कि वह अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे स्टार्टअप्स को लाकर तथा उनका इस्तेमाल महान अनुप्रयोगों के जरिए रॉकेट और उपग्रहो को विकसित करने मे कर इस क्षेत्र मे एक महान परिवर्तन देख रहे हैं। इसरो प्रमुख ने यहां कट्टनकुलाथुर मे एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के 18वे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, "पूरी दुनिया भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक स्थान के रूप मे देख रही है और यह देखना अद्भुत है कि भारत मे विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप के अनुकूल माहौल तैयार हो रहा है। एस सोमनाथ को विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए इस अवसर पर डॉक्टरेट ऑफ साइंस (मानद कारण) की मानद उपाधि से भी सम्मानित किया गया। हम हमेशा से ही दूसरो की क्षमताओ पर विश्वास करते थे लेकिन दूसरो ने कभी नही माना कि इस देश मे हम स्वयं रॉकेट और उपग्रह बनाने जैसे काम कर सकते है। बीते कई वर्षो मे हमने अपनी क्षमता का इस्तेमाल कर उपग्रहो का निर्माण किया है और उन्हें स्वदेशी तकनीक से विकसित रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष मे प्रक्षेपित करके भी दिखाया है।

# गोवा के मजदूर ने अपनी दिव्यांग बेटी के लिए रोबोट तैयार किया

**भाषा।** पणजी

**अपनी बीमार** पत्नी के दिव्यांग बेटी को खाना खिलाने में सक्षम नहीं होने से परेशान गोवा के एक दिहाड़ी मजदूर ने बेटी की मदद के मकसद से एक रोबोट तैयार किया है।गोवा स्टेट इनोवेशन काउंसिल ने मजदूर बिपिन कदम के इस नवाचार की सराहना की है, जिसका नाम उसने मां रोबोट रखा है। स्टेट इनोवेशन काउंसिल बिपिन को इस रोबोट पर आगे काम करने और इसकी व्यावसायिक व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए वित्तीय सहायता मुहैया करवा रहा है। रोबोट के शरीर में बनी एक प्लेट में खाना रख दिया जाता है, इसके बाद दिव्यांग लड़की रोबोट को वॉयस कमांड यानी निर्देश देती है कि वह क्या खाना चाहती है। 40-वर्षीय बिपिन कदम पेशे से दिहाड़ी मजदूर है और दक्षिण गोवा के पोंडा तालुका के बेथोरा गांव का निवासी है।उसने कहा, मेरी 14 साल की बेटी दिव्यांग है और वह खुद भोजन नहीं कर सकती। इसके लिए वह पूरी तरह से अपनी मां पर निर्भर थी। उसने कहा, लगभग दो साल से मेरी पत्नी बीमारी के कारण बिस्तर पर है। वह हमारी बेटी को खाना नहीं खिला सकती, इसीलिए उदास थी। मुझे अपनी बेटी को खिलाने के लिए काम से घर लौटना पड़ता था।

उसने कहा, मेरी पत्नी के कहने पर मैंने लगभग एक साल पहले एक रोबोट की खोज शुरू की, जो बेटी को भोजन में मदद कर सके। उसने कहा, हालांकि, ऐसा कोई रोबोट कहीं भी उपलब्ध नहीं था। इसलिए, मैंने इसे खुद तैयार करने का फैसला किया। उसने कहा, मैं बिना आराम किए लगातार 12 घंटे काम करता था और बाकी समय शोध करने और रोबोट बनाने का तरीका सीखने में लगाता था। मैंने चार महीने तक लगातार शोध किया और फिर इस रोबोट का निर्माण किया। जब मैं काम से वापस आता हूं और अपनी बेटी को मुस्कुराते हुए देखता हूं तो मेरा दिल गदगद हो उठता है। उसने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक आत्मानिर्भर भारत को बढ़ावा दे रहे हैं। उसी तरह, मैं अपने बच्चे को आत्मनिर्भर बनाना चाहता था और किसी पर निर्भर नहीं होना चाहता था। कदम ने कहा, मैं दुनिया भर के बच्चों के लिए भी इसी तरह के रोबोट बनाना चाहता हूं।

## बेंगलुरु में वायु सेना के छह अधिकारियों पर प्रशिक्षु कैडेट की हत्या का मामला दर्ज

**बेंगलुरु ।** बेंगलुरु में वायु सेना के एक प्रशिक्षु कैडेट की हत्या के आरोप में उसके (वायु सेना के) छह अधिकारियों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, अंकित झा (27) का शव वायु सेना तकनीकी कॉलेज (एएफटीसी) के एक कमरे में फंदे से लटका मिला था। अंकित के खिलाफ हाल ही में कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू की गई थी। पुलिस ने संदेह जताया है कि अंकित की मौत चार-पांच दिन पहले हुई थी।अंकित के भाई अमन झा की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार को गंगम्मना गुड़ी पुलिस थाने में वायु सेना के छह अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अमन ने अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया गया क्योंकि एएफटीसी के लोग एक सबूत के साथ शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे थाने में मौजूद थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "अंकित की मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। हमारी जांच जारी है। अंकित झा एक प्रशिक्षु कैडेट थे और वह एएफटीसी के एक कमरे में फंदे से लटके मिले थे। पुलिस अधिकारी ने कहा, "जिन अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी, उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन वायु सेना ने हमें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

# भारत वैज्ञानिक क्रांति की दहलीज पर : सूद

**चेन्नई,( भाषा )।** भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद ने रविवार को कहा कि भारत क्वांटम प्रौद्योगिकी, डिजिटल प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सहित कई क्षेत्रों में वैज्ञानिक क्रांति की दहलीज पर है।

अजय कुमार सूद ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी की चुनौती से निपटने के लिए देश के प्रयासों ने लोगों को यह सिखाया है कि सामूहिक कोशिशों के जरिए भारत वैज्ञानिक क्षेत्र में असाधारण प्रगति हासिल कर सकता है। एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के 18वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को डिग्री प्रदान करने के बाद देश के शीर्ष वैज्ञानिक सूद ने कहा, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय ने सरकार के विभागों और मंत्रालयों में एक स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत पर चर्चा शुरू की है, जो मनुष्यों, पशुधन और वन्यजीवों के दायरे से परे बीमारियों की निगरानी और नियंत्रण को एकीकृत करेगा। दुनिया आज भारत की ओर प्रशंसा और उम्मीद से देख रही है कि वह स्वच्छ ऊर्जा, जल उपचार, स्वच्छ पर्यावरण और सतत विकास जैसे वैश्विक मुद्दों को सुलझाने में योगदान देगा। उन्होंने नए स्नातकों को संबोधित करते हुए कहा, यह निश्चित रूप से हमारी पहुंच के भीतर है और हमारे शोध को अभियांत्रिकी और मानविकी विषयों में बुनियादी विज्ञान से लेकर सभी विषयों में दुनिया में सबसे बेहतर से तुलनीय होना चाहिए। मैं आपसे ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने और इस ज्ञान का सामाजिक विकास के लिए इस्तेमाल करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि एक मजबूत देश की ताकत को शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में उसकी उपलब्धियों के संदर्भ में मापा जाता है। अजय कुमार सूद ने कहा, हालांकि हमने व्यक्तिगत रूप से सभी चार क्षेत्रों में काफी प्रगति की है, मैं यह बताना चाहता हूं कि हमने इन चार क्षेत्रों का बहुत लंबे समय के लिए नेतृत्व भी किया है।



कोलकाता में पितृपक्ष के आखिरी दिन गंगा नदी के किनारे पिंडदान करते श्रद्धालु

# रोजाना 10 लाख आयुष्मान कार्ड वितरित करना सरकार का लक्ष्य : मांडविया

**भाषा।** नई दिल्ली



● **मांडविया ने कहा कि पीएम-जेएवाई देश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच के मामले में अमीर और गरीब के बीच की खाई को पाटने में सफल रहा है**


**केंद्रीय स्वास्थ्य** मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबीपीएम-जेएवाई) के तहत रोजाना 10 लाख आयुष्मान कार्ड वितरित करना सरकार का लक्ष्य है।उन्होंने बताया कि अबतक योजना के तहत 3.95 करोड़ मरीजों के इलाज पर करीब 45,294 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू करने के चार साल पूरे होने और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन शुरू होने के एक साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित आरोग्य मंथन-2022 का उद्घाटन करते हुए मंत्री ने बताया कि अबतक 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 19 करोड़ आयुष्मान लाभार्थियों को कार्ड आवंटित किया गया है। मांडविया ने कहा, पहले रोजाना एक से डेढ़ लाख आयुष्मान कार्ड बनते थे, अब चार से पांच लाख कार्ड रोजाना बनते हैं। मेरा लक्ष्य रोजाना 10 लाख कार्ड बनाने का है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत प्रत्एक जिले में 100 करोड़ रुपए का निवेश देश के स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। मंत्री ने ट्वीट किया, मंच से संबोधित करते हुए स्वास्थ्य को अधिक किफायती और सुलभ बनाने पर जोर दिया और एबीपीएम-जन आरोग्य योजना एवं आयुष्मान भारत डिजिटल योजना को राज्यों और निजी साझेदारों के साथ मिलकर नई ऊंचाई पर ले जाने का आह्वान किया।

मांडविया ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत 24 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) नंबर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा, यह देश में स्वास्थ्य रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत देश में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हर जिले में करीब 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान स्वास्थ्य सेवाओं को प्रौद्योगिकी के जरिए अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर है। मांडविया ने कहा कि पीएम-जेएवाई देश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच के मामले में अमीर और गरीब के बीच की खाई को पाटने में सफल रहा है। मंत्री ने ट्वीट करके कहा, (मैंने) सभा को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य सेवा को और अधिक किफायती और सुगम बनाने पर जोर दिया। साथ ही, एबी पीएम जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन योजनाओं को राज्यों और निजी क्षेत्र के साथ मिलकर काम करके अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने पर जोर दिया। इस योजना के तहत अब तक 28,300 से अधिक अस्पताल को सूचीबद्ध किया गया है, जिनमें से 46 प्रतिशत निजी अस्पताल हैं। इस योजना के तहत कुल 3.8 करोड़ लोग अस्पताल में भर्ती हुए, जिनमें से 46 प्रतिशत सरकारी अस्पतालों में थे। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अस्पतालों में भर्ती होने वाले कुल मरीजों में से 27 फीसदी की उम्र 45 से 59 साल के बीच थी, जबकि 24 फीसदी की उम्र तीन से 44 साल थी। सभा को संबोधित करते हुए रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा के बीच परस्पर तालमेल देश में सभी के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को पूरा कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में देश के हर गांव को हाई-स्पीड ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जाएगा, जिससे सभी तक कनेक्टिविटी और निरंतर स्वास्थ्य पहुंच सुनिश्चित होगी। वैष्णव ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि सरकार स्वास्थ्य लाभार्थियों के डेटा की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कानूनी ढांचा बना रही है।

सीपीसी अधिवेशन

# प्रतिनिधियों का निर्वाचन चिनफिंग के निर्देशों के अनुरूप

**भाषा।** बीजिंग



**चीन** की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) ने रविवार को घोषणा की कि पार्टी की पांच साल में एक बार आयोजित होने वाली महत्वपूर्ण कांग्रेस (अधिवेशन) के लिए करीब 2300 प्रतिनिधियों का निर्वाचन कर लिया गया है। इसके साथ ही अगले माह आयोजित होने वाले पार्टी कांग्रेस की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इस कांग्रेस में राष्ट्रपति शी चिनफिंग को रिकॉर्ड तीसरे कार्यकाल के लिए व्यापक समर्थन मिलने की उम्मीद है। आधिकारिक मीडिया ने यहां पार्टी के एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि 16 अक्टूबर को होने वाली सीपीसी की आगामी 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस में भाग लेने के लिए कुल 2,296 प्रतिनिधियों को निर्वाचित किया गया है। अभूतपूर्व तीसरे कार्यकाल के लिए चिनफिंग के निर्वाचन को लेकर सत्तारूढ़ सीपीसी के भीतर तनाव की अफवाहों और अटकलों को खारिज करते हुए बयान में कहा गया है कि प्रतिनिधियों का चयन नए युग के लिए चीनी विशेषताओं वाले समाजवाद को लेकर चिनफिंग के विचारों के तहत तथा पार्टी के संविधान के अनुसार किया गया है। बयान के अनुसार, इसके लिए सीपीसी की केंद्रीय समिति की ओर से आवश्यक तौर-तरीकों का पालन किया गया है। पार्टी की पहले की घोषणा के अनुसार, चिनफिंग (69) खुद भी इस साल अप्रैल में कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित हुए थे। बयान में कहा गया है कि इस प्रक्रिया ने पार्टी की प्रकृति और उद्देश्य को बरकरार रखा है और पार्टी के समग्र नेतृत्व को बढ़ावा तथा आंतरिक लोकतंत्र को मूर्त रूप दिया है। इस कांग्रेस में चिनफिंग को अभूतपूर्व तीसरे कार्यकाल के लिए समर्थन मिलने की उम्मीद है। इसका आयोजन शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्वाई के बीच किया जा रहा है, जिन्हें चीनी राष्ट्रपति के विरोध में एक राजनीतिक गुट का हिस्सा कहा जाता था। भ्रष्टाचार के आरोप के तहत इस सप्ताह तीन सुरक्षा अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई गई है, लेकिन यह सजा दो साल तक फिलहाल स्थगित रहेगी। कांग्रेस के आयोजन से पहले मृत्युदंड की घोषणा में अचानक वृद्धि को लेकर भौंहें तननी शुरू हो गई हैं। सार्वजनिक सुरक्षा के पूर्व उप मंत्री सन लिजुन को रिश्वत लेने, शेयर बाजार में हेरफेर करने और अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने के लिए शुक्रवार को उत्तर-पूर्व चीन के जिलिन प्रांत में इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट ऑफ चांगचुन द्वारा दो साल की छूट के साथ मौत की सजा सुनाई गई थी। इससे एक दिन पहले इसी अदालत ने पूर्व न्याय मंत्री और चीन के सबसे शक्तिशाली पुलिस प्रमुखों में से एक फू झेंगहुआ को 1.73 करोड़ अमेरिकी डॉलर के भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग में लिप्त होने के लिए मौत की सजा सुनाई थी। फिलहाल यह सजा दो साल तक स्थगित रहेगी। चंद घंटों बाद, उसी अदालत ने जिआंगसू के पूर्व अधिकारी वांग लाइक को भी इसी तरह की सजा दी। आधिकारिक मीडिया ने यहां बताया कि उन्हें रिश्वतखोरी, आपराधिक गिरोहों से साठगांठ और फर्जी पहचान पत्र के लिए दो साल के विलंब के साथ मौत की सजा सुनाई गई थी। वर्ष 2012 में सत्ता में आने के बाद से, चिनफिंग ने एक चौंकाने वाला भ्रष्टाचार विरोधी अभियान चलाया है, जिसमें दर्जनों शीर्ष सैन्य अधिकारियों सहित 10 लाख से अधिक अधिकारियों को दंडित किया गया है। सीपीसी हर पांच साल में एक कांग्रेस का आयोजन करती है, लेकिन इस साल की कांग्रेस को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह सदी पुरानी पार्टी के लिए नेतृत्व परिवर्तन का वर्ष है।



यूनाइटेड नेशन्स की जनरल एसम्बली को संबोधित करते रशिया के विदेश मंत्री लारओव

## दक्षिण अफ्रीका में भारतीयार पुरस्कार की दोबारा वापसी

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**दक्षिण** अफ्रीका के जोहानिसबर्ग के लेनेसिया स्थित धार्मिक संगठन शिव गण सभा द्वारा प्रसिद्ध तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सी. सुब्रमण्यम भारती के नाम पर दिया जाने वाला पुरस्कार इस साल प्रदान किया गया, जो दो साल से कोविड-19 महामारी की वजह से बंद था। संगठन वर्ष 2007 से ही यह पुरस्कार दे रहा है और इसे सितंबर महीने में प्रदान किया जाता है जब दक्षिण अफ्रीका विरासत महीना मनाता है। इस पुरस्कार की शुरुआत संगठन के संस्थापक सदस्यों में से एक गुरु मरिए पिल्लै ने की थी। इस साल के पुरस्कार की थीम कोविड महामारी के नायक रखी गई है क्योंकि इस साल 22 व्यक्तियों और समुदाय के संगठनों को महामारी के दौरान नागरिकों की मदद में भूमिका के लिए सम्मानित किया गया है।

सभा की मैगी गोविंदन ने कहा, हमें पुरस्कार के लिए बड़े पैमाने पर नामांकन प्राप्त हुए थे, इन सभी लोगों ने लॉकडाउन में अपनी जान खतरे में डालकर विभिन्न तरह से लोगों की मदद की। उन्होंने कहा कि कई अर्हता रखने वाले नामांकनों की वजह से उनमें से पुरस्कार के लिए चुनना मुश्किल कार्य था। इस साल हिंदू, मुस्लिम और ईसाई धार्मिक नेताओं के अलावा एंबुलेंस सेवा, डॉक्टर, फर्मासिस्ट, अस्पताल, दाह गृह और अन्य नागरिक संगठनों और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया है जिन्होंने खतरे के बावजूद प्रभावित लोगों की मदद की। कोविड-19 महामारी से मौत से पहले लोगों की मदद करने के लिए थिरु सीरालिन नायडू को मरणोपरांत पुरस्कार प्रदान किया गया है।

## रूस ने यूएनएससी में भारत और ब्राजील की स्थाई सदस्यता का समर्थन किया

**संयुक्त राष्ट्र।** रूस ने भारत और ब्राजील को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थाई सदस्यता के लिए योग्य उम्मीदवार बताते हुए उनका समर्थन किया है। रूस ने दोनों देशों को अहम अंतरराष्ट्रीय किरदार करार दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें वार्षिक सत्र में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शनिवार को सुरक्षा परिषद की सदस्यता के लिए भारत के नाम के प्रति समर्थन व्यक्त किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर के संबोधन से महज कुछ घंटे पहले महासभा को संबोधित करते हुए लावरोव ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद को मौजूदा वास्तविकताओं के अनुरूप होना चाहिए। इस दौरान रूस ने यूक्रेन से जारी संघर्ष को लेकर भी अपनी बात रखी और पड़ोसी देश और पश्चिम के बारे में शिकायत की। लावरोव ने कहा कि मॉस्को के पास सैन्य कार्वाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

## बांग्लादेश में संगीतकार सचिन देव बर्मन के घर को सांस्कृतिक परिसर में बदलने की तैयारी

● घर को एक सांस्कृतिक परिसर में तब्दील करने के मकसद से शेख हसीना सरकार ने 1.10 करोड़ टका (लगभग 86 लाख रुपए) मंजूर किए

**भाषा।** कोमिल्ला (बांग्लादेश)

**बांग्लादेश** के कोमिल्ला जिले में प्रसिद्ध संगीतकार सचिन देव बर्मन के महलनुमा घर को एक सांस्कृतिक परिसर में तब्दील करने के मकसद से शेख हसीना सरकार ने 1.10 करोड़ टका (लगभग 86 लाख रुपए) मंजूर किए हैं।

पेशे से वकील व लेखक गोलम फारुक ने कहा कि 1906 में जन्मे सचिव देव बर्मन ने अपने जीवन के पहले 18 साल कोमिल्ला जिले के इस दक्षिण चरथा गांव राजबारी (महल) में बिताए। फारुक ने संगीतकार पर लिखी 596-पृष्ठों की एक किताब का संपादन किया है।

फारुक ने कहा, देव को संगीत की शिक्षा उनके पिता की देखरेख में मिली, जो एक सितारवादक थे। बर्मन ने स्कूल की पढ़ाई कोमिल्ला जिला विद्यालय से पूरी की। इसके बाद 1924 में विक्टोरिया गवर्नमेंट कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की। बांग्लादेश के अधिकारियों के अनुसार, संगीत उस्ताद के जन्मस्थान (उनके महल) को 30 नवंबर, 2017 को संरक्षित स्मारक के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 2012 में त्रिपुरा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए अगरतला का दौरा किया था। वहां लेखकों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल को उन्होंने आश्वासन दिया था कि संगीतकार के घर को संरक्षित करने के साथ-साथ सरकार इसे एक सांस्कृतिक केंद्र और संग्रहालय में तब्दील करवाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि मई 2017 में, हसीना कवि काजी नजरूल इस्लाम की 116वीं जयंती में शामिल होने के लिए कोमिल्ला गईं थीं। वहां उन्होंने सात परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी, जिनमें से एक सचिन देव बर्मन सांस्कृतिक परिसर के लिए थी। फारुक ने बताया कि महल का निर्माण सात एकड़ जमीन पर है, लेकिन इसके एक बड़े हिस्से पर पिछले कुछ साल में कब्जा कर लिया गया था। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, हालांकि, कोमिल्ला के सांसद एके. एम. बहाउद्दीन बहार जिला प्रशासन की मदद से काफी हद तक जमीन खाली करवाने में सफल रहे हैं। सांसद ने बताया कि सरकार ने परिसर के निर्माण के लिए 1.10 करोड़ टका मंजूर किया है। कोमिल्ला के जिला अधिकारी, एमडी कमरुल हसन ने कहा कि प्रशासन पुरातत्व विभाग को घर सौंपने का इंतजार कर रहा था, सभी मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पाकिस्तान शासन के दौरान इस घर का इस्तेमाल सैन्य गोदाम के लिए किया जाता रहा था। उन्होंने कहा कि गोदाम के बाद, घर के एक हिस्से को पोल्ट्री फार्म में बदल दिया गया। तब से इस स्थान को कोमिल्ला पोल्ट्री फार्म के नाम से जाना जाता है। मुंबई में सचिन देव बर्मन को पहली बड़ी सफलता 1947 में आई फिल्म दो भाई से मिली। उन्होंने प्यासा , कागज़ के फूल , गाइड , अभिमान और मिली सहित कई हिंदी फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया। संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें 1969 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

## म्यांमा में सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**बैंकॉक।** म्यांमा के यंगून में सेना के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी की उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने पूर्व सैन्य अधिकारी को बचाने का प्रयास करने पर उनके दामाद की भी हत्या कर दी। एक शहरी गुरिल्ला समूह इन्या अर्बन फोर्स ने हमले की जिम्मेदारी ली है। पिछले साल फरवरी में आंग सान सू की के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार के सैन्य तख्तापलट के बाद से 72 वर्षीय ओहं थ्विन सेना के ऐसे मौजूदा या सेवानिवृत्त अधिकारियों में सबसे वरिष्ठ थे, जिनकी हत्या कर दी गई है। म्यांमा में सैन्य तख्तापलट के खिलाफ जनता का का भारी विरोध देखा गया है। थ्विन ने मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका में म्यांमा के राजदूत के रूप में भी काम किया था। सैन्य सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जे. मिन टुन ने शनिवार शाम को थ्विन और उनके दामाद की हत्या किए जाने की खबर की पुष्टि की है।

## रुपए में कमजोरी से बढ़ेगी मुद्राफीति, कच्चे तेल का आयात होगा महंगा

**भाषा।** नई दिल्ली




**अमेरिकी** डॉलर के मुकाबले रुपए के 81.09 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर जाने से कच्चे तेल और अन्य जिंसों का आयात महंगा हो जाएगा जिससे मुद्रास्फीति और बढ़ जाएगी।

मुद्रास्फीति पहले से ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकतम सुविधाजनक स्तर छह फीसदी से ऊपर बनी हुई है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को बार-बार बढ़ाने से भारतीय रुपए पर बना दबाव व्यापार घाटा बढ़ने और विदेशी पूंजी की निकासी की वजह से और बढ़ने की आशंका है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) इस सप्ताह के अंत में द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करने वाली है। इसमें मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने के लिए वह रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि का फैसला कर सकती है। भारत अपनी 85 फीसदी तेल जरूरतों और 50 फीसदी गैस जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है। ऐसी स्थिति में रुपए में कमजोरी का असर ईंधन की घरेलू कीमतों पर पड़ सकता है। मिल मालिकों के संगठन सॉलवेंट एक्सट्रेक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक बी वी मेहता ने कहा कि इससे आयातित खाद्य तेलों की लागत बढ़ जाएगी। इसका भार अंततः उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। अगस्त 2022 में वनस्पति तेल का आयात पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 41.55 फीसदी बढ़कर 1.89 अरब डॉलर रहा है। कच्चे तेल का आयात बढ़ने से अगस्त में भारत का व्यापार घाटा अगस्त में दोगुना से अधिक होकर 27.98 अरब डॉलर हो गया। इस वर्ष अगस्त में पेट्रोलियम, कच्चे तेल एवं उत्पादों का आयात सालाना आधार पर 87.44 फीसदी बढ़कर 17.7 अरब डॉलर हो गया।

इक्रा रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, जिंसों के दामों में कमी का मुद्रास्फीति पर जो अनुकूल असर पड़ना था वह रुपए में गिरावट की वजह से कुछ प्रभावित होगा। एसबीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कोई भी केंद्रीय बैंक अपनी मुद्रा के अवमूल्यन को फिलहाल रोक नहीं सकता है और आरबीआई भी सीमित अवधि के लिए रूपए में गिरावट होने देगा। इमसें कहा गया, यह भी सच है कि जब मुद्रा एक निचले स्तर पर स्थिर हो जाती है तो फिर उसमें नाटकीय ढंग से तेजी आती है और भारत की मजबूत बुनियाद को देखते हुए यह भी एक संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रुपए की कीमत में यह गिरावट डॉलर की मजबूती की वजह से आई है, घरेलू आर्थिक मूलभूत कारणों से नहीं।

### शिक्षा ऋण में एनपीए अधिक होने से बैंक मंजूरी देने में बरत रहे सावधानी

**नई दिल्ली।** शिक्षा ऋण पोर्टफोलियो में चूक की करीब आठ प्रतिशत की उंची दर को देखते हुए बैंक अब सतर्क हो गए हैं और इस तरह के कर्ज की मंजूरी में विशेष सावधानी बरत रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों समेत अन्य बैंकों की शिक्षा ऋण श्रेणी में गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही के अंत में 7.82 फीसदी थीं। जून महीने के अंत तक बकाया शिक्षा ऋण करीब 80,000 करोड़ रुपए था। सरकारी बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उच्च एनपीए की वजह से शिक्षा कर्ज की मंजूरी देने में शाखाओं के स्तर पर सतर्कता भरा रवैया अपनाया जा रहा है। इसकी वजह से वास्तविक मामले नजरंदाज हो जाते हैं और इनमें विलंब भी होता है। वित्त मंत्रालय ने शिक्षा ऋण पोर्टफोलियो का जायजा लेने के लिए हाल में सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों की बैठक बुलाई थी। आरबीआई के एक पत्र में कहा गया कि भारत में वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए गए शिक्षा कर्ज के एनपीए में हाल के वर्षों में तेज वृद्धि हुई है जो चिंता का विषय है और देश में उच्च शिक्षा के लिए बैंकों द्वारा दिए जाने वाले कर्ज में वृद्धि प्रभावित हो सकती है। जून 2022 में प्रकाशित इस पत्र में कहा गया कि भारत में करीब 90 फीसदी शिक्षा ऋण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक देते हैं। मार्च 2020 तक शिक्षा ऋण के कुल बकाया में निजी क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी करीब सात फीसदी और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की तीन फीसदी है। रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2020 तक सभी बैंकों का शिक्षा ऋण बकाया मिलाकर कुल 78,823 करोड़ रुपए था जो 25 मार्च 2022 तक बढ़कर 82,723 करोड़ रुपए हो गया। रिसर्जेंट इंडिया में प्रबंध निदेशक ज्योति प्रकाश गादिया ने बताया कि कॉलेजों से निकलने वाले स्नातकों की संख्या नए रोजगार सृजन की तुलना में कहीं अधिक है जिसकी वजह से शिक्षा ऋणों का समय पर भुगतान नहीं हो पा रहा है।

## केंद्र के कदमों से सहकारिता क्षेत्र काफी खुश : सीतारमण

**भाषा।** पुणे



**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि स्थानीय सहकारिता क्षेत्र के प्रतिनिधि केंद्र द्वारा उनके लाभ के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों से काफी खुश हैं। महाराष्ट्र के पुणे जिले में बारामती लोकसभा क्षेत्र के तीन दिन के दौरे के समापन के बाद सीतारमण ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि जिन लोगों ने सहकारिता क्षेत्र का इस्तेमाल अपने राजनीतिक लाभ के लिए किया था, उन्होंने कभी इसके लिए अलग मंत्रालय बनाने के बारे में नहीं सोचा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता मंत्रालय का गठन किया है। उल्लेखनीय है कि बारामती राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार का गृह क्षेत्र है। पूर्व कृषि मंत्री की पार्टी की सहकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय उपस्थिति है। पवार की पुत्री सुप्रिया सुले फिलहाल बारामती की सांसद हैं। सीतारमण ने कहा, मेरी विभिन्न सहकारी संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई, मसलन बैंक और चीनी मिलें। वे सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों से काफी खुश हैं। कराधान रियायत का विस्तार, एक सहकारिता के लंबे समय से लंबित बकाया को माफ करने जैसे कदमों की प्रतिनिधियों ने सराहना की। उनके दौर के बारे में पूछे जाने पर सीतारमण ने कहा कि उनकी कई बैठकें हुईं और उन्होंने विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

केंद्र सरकार के सामने
दिल्ली क्षेत्र
कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(6)(ए) और वेल कास्ट इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के पंजीकृत कार्यालय होने के मामले में A-36 आर्य नगर प्लॉटनं। 90 आईपी एक्सटेंशन नई दिल्ली-110092
आईएन, याचिकाकर्ता।
आम जनता को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है, जिसमें कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि के लिए विशेष प्रस्ताव पारित किया गया है। कंपनी को अपने पंजीकृत कार्यालय को "दिल्ली राज्य से" उत्तर प्रदेश राज्य" में बदलने में सक्षम बनाने के लिए 09 सितंबर 2022 को साधारण आम बैठक आयोजित की। कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित की प्रकृति बताते हुए एक हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियों को वितरित कर सकता है या भेज सकता है। पंजीकृत पते के विरोध का आधार A-36 आर्य नगर प्लॉट नं। 90 आईपी एक्सटेंशन नई दिल्ली -110092 में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिनों के भीतर आवेदक कंपनी की एक प्रति के साथ उसके पंजीकृत कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर:
आवेदक के लिए और उसकी ओर से
दिनांक: 26.09.2022
स्थान: नई दिल्ली
निदेशक :तेक बहादुर सिंह
डिन: 01136327

## एफपीआई का भारत में निवेश का प्रवाह सुस्त पड़ा

**भाषा।** नई दिल्ली

● सितंबर में अबतक शेयरों में 8,600 करोड़ रुपए डाले

**विदेशी** पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों में निवेश का प्रवाह इस महीने सुस्त पड़ा है। सितंबर में अबतक एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 8,600 करोड़ रुपए डाले हैं। इससे पिछले महीने एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 51,000 करोड़ रुपए डाले थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि डॉलर में मजबूती के बीच आगे चलकर एफपीआई आक्रामक तरीके से लिवाली नहीं करेंगे। बसंत माहेश्वरी वेल्थ एडवाइजर्स एलएलपी के सह-संस्थापक बसंत माहेश्वरी ने कहा कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और वृद्धि की संभावना, मंदी की आशंका, रुपए में गिरावट और रूस-यूक्रेन तनाव बढ़ने से एफपीआई का प्रवाह प्रभावित होगा। डपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले अगस्त में एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 51,200 करोड़ रुपए डाले थे। जुलाई में शेयरों में उनका निवेश करीब 5,000 करोड़ रुपए रहा था। लगातार नौ माह तक निकासी के बाद एफपीआई जुलाई में शुद्ध लिवाल बने थे। पिछले साल अक्टूबर से एफपीआई की निकासी का सिलसिला शुरू हुआ था। अक्टूबर, 2021 से जून, 2022 तक उन्होंने शुद्ध रूप से 2.46 लाख करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। आंकड़ों के अनुसार, एक से 23 सितंबर के बीच एफपीआई ने शुद्ध रूप से 8,638 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। हालांकि, इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों में एफपीआई के रुख में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इस महीने सात कारोबारी दिन उन्होंने बिकवाली की है। पिछले दो कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने शेयर बाजारों से 2,500 करोड़ रुपए की निकासी की है। विजयकुमार ने कहा कि डॉलर मजबूत होने तथा अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से हाल के दिनों में एफपीआई की बिकवाली बढ़ी है। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के आक्रामक रुख की वजह से निवेशक भारत जैसे उभरते बाजारों में जोखिम उठाने से बच रहे हैं। फेडरल रिजर्व ने संकेत दिया है कि वह अगली बैठक में चौथी बार ब्याज दरों में 0.75 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में भी 5,903 करोड़ रुपए डाले हैं।

## देश से रक्षा निर्यात बीते पांच साल में 334 फीसदी बढ़ा: सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** से रक्षा उत्पादों का निर्यात बीते पांच वर्षों में 334 फीसदी बढ़ गया है और समन्वित प्रयासों के बल पर देश अब 75 से अधिक देशों को रक्षा निर्यात कर रहा है। सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी।

पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने एक ट्वीट में कहा, दूसरे सबसे बड़े सशस्त्र बल वाले भारत का रक्षा क्षेत्र क्रांति के कगार पर है। बीते पांच वर्षों में भारत का रक्षा निर्यात 334 फीसदी बढ़ गया है। समन्वित प्रयासों के बल पर अब भारत 75 से अधिक देशों को निर्यात कर रहा है।

पीआईबी इंडिया के ट्विटर हैंडल पर इस ट्वीट के साथ एक पोस्टर भी साझा किया गया जिसमें कुछ आंकड़े प्रस्तुत किया गए हैं। इस पोस्टर में रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण एवं उत्पादन में वृद्धि की जानकारी दी गई है। इसमें यह भी बताया गया है कि भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को सेवा में उतारा गया है। रक्षा सचिव अजय कुमार ने कुछ दिनों पहले एक कार्यक्रम में कहा था कि मेक इन इंडिया पहल की ताकत का इस्तेमाल रक्षा क्षेत्र में करने के प्रयास किए जा रहे हैं और अमृत काल की कल्पना देश को रक्षा उत्पादन के मामले में वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच देशों के बीच देखने की है।

उन्होंने कहा था कि बीते 75 वर्ष में भारत दुनिया में रक्षा उत्पादों के सबसे बड़े आयातकों में से एक रहा है और सरकार इस स्थिति को बदलना चाहती है। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने एक ट्वीट में कहा, दूसरे सबसे बड़े सशस्त्र बल वाले भारत का रक्षा क्षेत्र क्रांति के कगार पर है।

PUBLIC NOTICE

The public at large is hereby informed that Ansal Properties & Infrastructure Ltd., a company incorporated under the companies act, 1956 and having its registered office at 115, Ansal Bhawan, 16 K.G. Marg, New Delhi – 110 001 has developed residential group housing projects under the name and style of **Ansal Sushant City** at Kundli, Sonepat, Haryana, India.

The following allottees of the project failed to comply with the terms and conditions of the allotment & shop buyer agreement as a result of which their allotment in the said project stands terminated. the details of the same are provided below:

| S.No | Customer Name | Project Name | Unit Code |
|---|---|---|---|
| 1. | NARENDER GUPTA | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-AT007 |
| 2. | URMILA KAK | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-AT029 |
| 3. | SANGEETA GARG | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-AT031 |
| 4. | AARTI GOGIA | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-AT033 |
| 5. | ANITA GUPTA | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-GF117 |
| 6. | RAJ PAL | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-GF125 |
| 7. | ARADHANA GUPTA | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-UG213 |
| 8. | MAHALAXMI ASSOCIATES | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-UG219 |
| 9. | AJAY SAREEN | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-UG223 |
| 10. | MAHALAXMI ASSOCIATES | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-UG227 |
| 11. | VIKRAM CHOPRA | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-UG227A |
| 12. | JYOTI SYNDICATE | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-UG227B |
| 13. | JYOTI SYNDICATE | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-UG227C |
| 14. | ALPHA ASSOCIATES | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-UG229 |
| 15. | M/S VARDHMAN ASSOCIATES (P) LTD. | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-UG230 |
| 16. | SNEH LATA | Ansal Highway Plaza Mall Sonipat | 0201-0-UG237 |

The public is hereby cautioned and put to notice that any person dealing with the allottee of the aforesaid units or claiming to acquire any interest / right of any nature in the property shall do so at its/their own risks, costs and consequences and the same would be deemed null and void.

the public is hereby further cautioned and put to notice that no person / entity has the right to sell, alienate or create third party rights over the aforesaid units other than Ansal Properties & Infrastructure Ltd.

Any person having queries may contact at below mentioned numbers with prior appointment on any working day in business hours i.e. from 10.00 am to 5.00 pm.

**Contact No-8800640038**

# पितृपक्ष की अमावस्या पर काशी के घाटों व पिशाचमोचन पर हुआ श्राद्ध और पिंडदान

**वाराणसी।** पितृपक्ष की अमावस्या पर रविवार को काशी के गंगा घाटों और पिशाचमोचन के कुंडों पर बड़ी संख्या में लोगों ने श्राद्ध और पिंडदान किया। पितरों को मोक्ष प्रदान करने के लिए सुबह से ही घाटों-कुंडों पर लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। श्रद्धा भाव के साथ स्नान करने के बाद मुंडन कराकर लोगों ने तर्पण और पिंडदान किया। अमावस्या होने के चलते आज पिंडदान करने वालों की संख्या रोज से अधिक थी। सबसे अधिक दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं ने पिशाच मोचन में पितरों के लिए पिंडदान कर मोक्ष की कामना की। श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान करने के बाद पूजन-अर्चन कर तर्पण किया। दोपहर बाद तक दूरदराज से आए श्रद्धालु तर्पण में जुटे रहे।सैलून की दुकानों में भी मुंडन कराने को लोगों की भीड़ लगी रही। गंगा तट पर भी लोगों ने मुंडन करवाया। पितरों की शांति के लिए लोगों ने मुंडन करवाने के बाद गंगा में स्नान कर पितरों को तर्पण किया। लोगों ने अपने पूर्वजों को पिंडदान करने के बाद घर पर बनें विविध प्रकार के व्यंजनों को चढ़ाकर प्रसाद ग्रहण किया। चंदौली के बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों का पिंडदान किया। पितरों को जौ के आटे से बना पिंड व तिल दान कर उन्हें तर्पण कर भिक्षुओं को दान दिया। गंगा नदी तट पर तड़के ही लोगों की भीड़ जुटनी आरंभ हो गई। अल सुबह सूरज की किरणों के धरती पर आने तक तट श्रद्धालुओं से पट गया।बलुआ बाजार में श्रद्धालुओं की भीड़ से मेले जैसा नजारा देखने को मिला। बाजार में पूजन की सामग्री व पिंडदान सामग्री फल, फूल, मिठाई, जलेबी, माला की खरीदारी कर लोग गंगा तट पर अपने पूर्वजों को पिंडदान करने पहुंचे। वहीं, टांडा कला घाट सोनबरसा, महमदपुर, सरौली, तीरगावा, हसनपुर, बढ़गावा, नादी निधौरा, सहेपुर, कांवर पकड़ी आदि गंगा तट, तालाबों व सरोवरों पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर अपने पूर्वजों को पिंडदान किया।

### परिवार की उन्नति के लिए पिंडदान आवश्यक

**वाराणसी**-अध्यात्म न्याय समिति द्वारा रविवार को डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद घाट पर निः शुल्क सामूहिक श्राद्ध सम्पन्न हुआ तथा शुद्ध श्राद्ध सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर एक संगोष्ठी आयोजित हुई जिसमें समिति के संस्थापक डॉ0 राजकुमार मिश्र ने कहा कि भारतीय पारिवारिक एवं सामाजिक ताना-बाना बहुत दृढ बनाया गया है। यहाँ पर लोग न केवल जीवन काल में अपितु मृत्यु के पश्चात् भी सम्बन्धों का निर्वहन करते हैं। प्राचीन समय में आवश्यकता पड़ने पर लोग पितरों को बुलाया करते थे और उनसे परामर्श लेते थे। आजकल इस विद्या की साधना न होने से आधुनिक लोग पितरों के अस्तित्व को नकारने लगे हैं। फिर भी जो लोग अपने पितरों को पिण्डदान आदि के द्वारा प्रसन्न रखते हैं वे विषम परिस्थितियों में भी प्रसन्न रहते हैं और उन पर कोई आपपरिवार ति नहीं आती है। जिस देश के निवासी अपने पितरों के लिए श्रद्धा पूर्वक पिंड दान आदि कर्म करते हैं उस देश में कभी आपसी कलह एवं वैमनष्य नहीं होता है तथा उस देश में कभी प्राकृतिक आपदा नहीं आती है। इस अवसर पर आर्य महिला इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं समिति के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण पांडेय ने कहा की पिंडदान बहुत ही पवित्र कार्य है इसे विशेष पर्व पर अवश्य करना चाहिए तर्पण करने से पितर तृप्त होते हैं और वे घर में सुख संपत्ति ले आते हैं संगोष्ठी का संचालन एवं आचार्यत्व बृजेश कुमार पांडेय ने किया।



वाराणसी में पितृ पक्ष के अंतिम दिन अपने पूर्वजों के लिए तर्पण अनुष्ठान करने के लिए गंगा घाट पर उमड़े लोग

# तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी

**लोकसभा चुनाव-2024 में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी भाजपा-केशव प्रसाद मौर्य**

**गरीब और किसान के चेहरे पर मुस्कान ला रही डबल इंजन की सरकार-उपमुख्यमंत्री**

**मोदी-योगी सरकार के प्रहार से भ्रष्टाचारियों में बौखलाहट-उपमुख्यमंत्री**

रतन पटेल। चित्रकूट



**भगवान** श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के एक दिवसीय दौरे पर आये उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राष्ट्रीय रामायण मेला प्रेक्षागृह में केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणाकारी योजनाओं से सम्बंधित प्रदर्शनी का उदघाटन एवं करोडों की लागत की 66 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य ने भगवान श्रीराम के पावन धाम चित्रकूट को प्रणाम करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार गरीबों,किसानों,बेरोजगारों के कल्याण के लिए समर्पित है। दोनों सरकारे गरीबों और किसानों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए कार्य कर रहीं है। रविवार को सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के उडन खटोले के पुलिस लाइन में उतरने के बाद बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल,मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी,जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,भाजपा के प्रदेश मंत्री देवेश कोरी,भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे,पूर्व सांसद रमेश चंद्र द्विवेदी,पूर्व विधायक आनंद शुक्ला,गौ सेवा आयोग के सदस्य कृष्ण कुमार उर्फ भोले सिंह,वरिष्ठ नेता पंकज अग्रवाल,अश्वनी अवस्थी,आलोक पांडेय,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी,रामबाबू गुप्ता,देव त्रिपाठी,शक्ति प्रताप सिंह आदि ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद डिप्टी सीएम ने वृंदावन गार्डेन पहुंचकर पीएम मोदी की मन की बात सुना।इसके पश्चात रामायण मेला परिसर पहुंच कर सरकार की योजनाओं से सम्बंधित प्रदर्शनी का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करने के बाद करोडों की विकास परियोजनाओं को लोकार्पण और शिलान्याय किया।इस मौके पर सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश की डबल इंजन की सरकार ने देश-प्रदेश से भ्रष्टाचार,गुंडाराज,माफिय़ाराज और जंगलराज का खात्मा किया है। मोदी-योगी सरकार देश के गरीब,किसान और बेरोजगारों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए काम कर रही है। उन्होने कहा कि आज देश के हर गरीब के पास अपना पक्का मकान,शौचालय,गैस सिलेंडर एवं बिजली का कनेक्शन है। यदि मोदी सरकार न होती तो गरीबों को पक्का मकान मिलने में सौ साल लग जाते। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस के प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहा करते थे कि सरकार केंद्र से सौ रूपये भेजती है तो लाभार्थी के पास मात्र पन्द्रह रूपये ही पहुंचते है। वहीं आज मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया में सरकार यदि सौ रूपये भेजती है तो लाभार्थी को पूरा का पूरा सौ रूपया ही मिलता है। सरकार की योजनाओं को दीमक की तरह चाट रहे दलालो और भ्रष्टाचारियों पर मोदी सरकार ने लगाम कस दी है।आज छापेमारी करा मोदी सरकार पहले की सरकारों में जनता से लूटा गया 85 प्रतिशत भ्रष्टाचारियों की तिजौरियों से निकाल कर जनता हित के कार्य कर रहीं है। सरकार द्वारा भष्ट्राचार मुक्त देश और प्रदेश बनाने के लिए चलाये जा रहे अभियान से जनता को लूटने वाले विपक्षी दलों में बेचैनी है। ईमानदार मोदी सरकार के सत्ता में आने से देश और प्रदेश में परिर्वतन नजर आने लगा है।उन्होने आज गंडों-माफिय़ाओं की जगह केवल जेल में है।पीएम मोदी ने पूरी दुनिया में भारत के तिरंगें का मान और सम्मान बढाया है। उपमुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि 2014 और 2019 में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सत्ता में आयी भाजपा 2024 में रिकार्ड सीटे जीतकर केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनायेगी।श्री मौर्या ने कहा कि योगी सरकार ने भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए संकल्पित है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के बाद अब चित्रकूट एयरपार्ट के शुरू होते की क्षेत्र में पर्यटन आधारित रोजगार विकसित होगा।चित्रकूट को सरकार ने पंचतीर्थ में शामिल कर विकास को नई रफ्तार देने का काम किया है।उन्होने कहा कि चित्रकूट और राजापुर बाईपास का जल्द निर्माण होगा। कार्यक्रम में मौजूद रहे जिलाधिकारी अभिषेक आंनद,पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने भी स्मृति चिंह देकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत किया।

# उप्र में प्रधानी चुनाव भी हार जाएंगे नीतीश कुमार : शर्मा



**एटा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने रविवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश में ग्राम प्रधान पद का चुनाव भी नहीं जीत पाएंगे। नीतीश के उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने की जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) की प्रदेश इकाई की ख्वाहिश के बीच शर्मा ने यह पलटवार किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर एटा पहुंचे शर्मा ने मतदाताओं से बातचीत में जदयू की प्रदेश इकाई द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने की गुजारिश किए जाने के बारे में एक सवाल पर कहा, "नीतीश कुमार को पहले उत्तर प्रदेश में प्रधानी का चुनाव लड़ना चाहिए। उसमें भी उनकी जमानत जब्त हो जाएगी" उन्होंने कहा "बिहार में अपना आधार खो चुके नीतीश कुमार अगर उत्तर प्रदेश में अपना आधार ढूंढ़ने आ रहे हैं तो उनका यह सपना निराधार है" गौरतलब है कि जनता दल यूनाइटेड की उत्तर प्रदेश इकाई ने हाल में पटना में हुए पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में नीतीश कुमार को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की फूलपुर, मिर्जापुर या अंबेडकरनगर में से किसी एक सीट से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि कुमार ने इस पेशकश को नकार दिया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना इन दिनों राष्ट्रीय जांच एजेंसी और प्रवर्तन दल के निशाने पर आए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से तुलना करने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पर भी निशाना साधा। उन्होंने सिंह का मानसिक संतुलन ठीक नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीएफआई और संघ की तुलना नहीं हो सकती, पीएफआई देश तोड़ने वाला संगठन है। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तुलना पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से की और कहा कि जो कोई भी नफरत फैलाता है वे एक थाली के चट्टे बट्टे (उसी तरह के) हैं।उन्होंने पीएफआई के खिलाफ सरकारी कार्वाई के बाद संघ और विश्व हिंदू परिषद के खिलाफ कार्वाई की मांग करते हुए कहा था, अगर उनके (पीएफआई) खिलाफ कार्वाई की जा रही है, संघ के खिलाफ कार्वाई क्यों नहीं की जा रही है, विहिप के खिलाफ क्यों नहीं, उनके खिलाफ कार्वाई होनी चाहिए। राष्ट्रीय जांच एजेंसी, प्रवर्तन निदेशालय और पुलिस की संयुक्त टीमों ने 22 सितंबर को पीएफआई के खिलाफ देश के 15 राज्यों में कई छापे मारे थे और 106 से अधिक सदस्यों को गिरफ्तार किया था।

**सिपाही आत्महत्या मामले में छह आरोपियों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी:**बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के कमासिन थाने में तैनात एक सिपाही के कथित तौर पर आत्महत्या कर लेने के मामले में थाने के तीन सिपाहियों सहित छह आरोपियों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। कमासिन थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) उमेश सिंह ने बताया कि थाने में तैनात सिपाही राघवेंद्र प्रताप (24) ने 30 जुलाई की सुबह किराए के कमरे में कथित रूप से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

## हाजी इकबाल और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी मारपीट का मामला

**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व विधान पार्षद (एमएलसी) और कथित खनन माफिया हाजी इकबाल के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज हुई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हाजी इकबाल ने अपनी ग्लोकल यूनिवर्सिटी का निर्माण करने वाले ठेकेदार का भुगतान नहीं किया था, इसलिए ठेकेदार ने इकबाल और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी, डकैती और मारपीट आदि की धाराओं के तहत मिर्जापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके पहले भी हाजी इकबाल के खिलाफ आपराधिक मामलों में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. विपिन टाडा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि हाजी इकबाल ने वर्ष 2015 में ग्लोकल यूनिवर्सिटी का निर्माण शुरू करवाया था और इसका ठेका हरियाणा के यमुनानगर निवासी करमजीत ने लिया था। टाडा के मुताबिक, शनिवार शाम करमजीत ने हाजी इकबाल के खिलाफ थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि पूर्व विधान पार्षद ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने बताया कि तहरीर में आरोप है कि 2017 में ग्लोकल यूनिवर्सिटी बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन हाजी इकबाल ने निर्माण कार्य का भुगतान नहीं किया और उल्टे करमजीत से ही पैसों की मांग की। टाडा के अनुसार, तहरीर के आधार पर हाजी इकबाल और उसके सहयोगियों सहित कुल 11 लोगों के खिलाफ मिर्जापुर थाने में धोखाधड़ी, मारपीट और डकैती की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# सड़क हादसे में चार लोगों की मौत, आठ घायल

**ललितपुर।** ललितपुर जिले के तालबेहट कोतवाली क्षेत्र में रविवार को ट्रैक्टर और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और अन्य आठ लोग घायल हो गए। ललितपुर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनिल कुमार ने बताया कि रविवार सुबह करीब नौ बजे बमोरी सर गांव में डिग्री कॉलेज के सामने एक ट्रैक्टर और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में ट्रैक्टर सवार पन्नालाल (42), बमोरी सर गांव की किरण (36), आरती (36) और नई बस्ती तालबेहट के रहने वाले निरपत (50) की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा अन्य आठ लोग घायल हो गए। एएसपी ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया और घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर हादसे की जांच आरंभ कर दी गई है।

## मुठभेड़ में घायल वांछित अपराधी गिरफ्तार, पुलिसकर्मी को भी लगी गोली

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले में पुलिस से मुठभेड़ में गोली लगने से घायल एक वांछित बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से एक पुलिसकर्मी भी जख्मी हुआ है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अंशु जैन ने रविवार को बताया कि 24-25 सितंबर की रात शाहबेरी इलाके में नियमित निरीक्षण के दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को रोकने की कोशिश की, मगर रुकने के बजाए उन दोनों ने भागने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने आस-पास मौजूद अन्य पुलिस टीम को संदेश भेजे। जैन ने बताया कि खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिस पर गोलियां चलाईं। जवाबी कार्वाई में पैर पर गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। वहीं, बदमाशों की गोली लगने से एक जवाबी कार्वाई में पैर पर गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। वहीं, बदमाशों की गोली लगने से एक पुलिसकर्मी भी जख्मी हो गया, उसके बाएं हाथ में गोली लगी है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बदमाश की पहचान राजा और खालिद के रूप में हुई है। उसका साथी रवि उर्फ अमित मौके से भाग गया। जैन ने बताया कि पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के कब्जे से 315 बोर की एक पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए हैं। खालिद गौतम बुद्ध नगर जिले के बिसरख थाने का वांछित अपराधी है।

# बारिश से दो दिनों में 18 लोगों की गई जान



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में भारी बारिश, बिजली गिरने, डूबने और बोरवेल में गिरने की विभिन्न घटनाओं में पिछले दो दिनों में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई है। शनिवार को जारी एक सरकारी बयान के मुताबिक, भारी बारिश के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। इसमें मुजफ्फरनगर में दो और फतेहपुर, अलीगढ़ तथा गोरखपुर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।राज्य में बिजली गिरने से प्रयागराज में तीन और चंदौली, सीतापुर, अलीगढ़ और हरदोई में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, फतेहपुर, आगरा और अमेठी में एक-एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई।बयान के मुताबिक, मथुरा में बोरवेल में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि सुल्तानपुर में सांप के काटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि दी गई है। इस बीच, बाढ़ के खतरे को देखते हुए राज्य के 44 जिलों में राहत एवं बचाव कार्य में 67 दलों को तैनात किया गया है।बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री की ओर से जरूरत के मुताबिक राहत और बचाव कार्य के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और प्रादेशिक आर्म्ड कॉन्स्टैबुलरी (पीएसी) के दलों को तैनात करने के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

**बलिया में किशोरी की हत्या के आरोप में युवक समेत चार को आजीवन कारावास की सजा**

बलिया। बलिया जिले की एक अदालत ने नौ वर्ष पहले हुई एक किशोरी की हत्या के मामले में एक युवक समेत चार लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। एक अभियोजन अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।अभियोजन विभाग के संयुक्त निदेशक सुरेश पाठक ने रविवार को बताया कि अपर जिला न्यायाधीश प्रशांत बिलगैयो की अदालत ने शनिवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपी उपेंद्र पाल, उसकी मां कौशल्या देवी, केदारनाथ व तेजनाथ को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 25 - 25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। घटना के बारे में उन्होंने बताया कि जिले के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कक्षा आठ की छात्रा (13) की 11 मई 2013 को दोपहर में जलाकर हत्या कर दी गई। इस मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर गांव के ही रहने वाले उपेंद्र पाल, उसकी मां कौशल्या देवी तथा उसके दो परिजन केदारनाथ व तेजनाथ के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धारा में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने विवेचना के उपरांत चारों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि शनिवार को अदालत ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

## नि:शुल्क वैक्सीनेशन कैंप और स्वास्थ्य शिविर लगा




**लखनऊ।** आजादी के अमृत महोत्सव काल में वैश्विक महामारी कोरोना से अपने देश को मुक्त कराने के अभियान के अंतर्गत सामाजिक संस्था श्री साईं दास सेवा समिति द्वारा पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड मेन रोड ई ब्लॉक मार्केट स्थित प्रेम स्टूडियो तिराहे पर 2 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के लिए नि:शुल्क वैक्सीनेशन कैंप तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 'भारी बारिश और खराब मौसम के बावजूद वैक्सीनेशन कैंप में सुबह से ही वैक्सीन लगवाने वाले लोग अपनी . अपनी बारी का इंतजार करते देखे गये। वैक्सीनेशन कैंप की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कैंप में तीनों ही डोज और ब्ट।ग्छछए ब्टप्ैभ्प्म्स्क् तथा 12 वर्ष से ऊपर के बच्चों के लिए ब्व्ठव्ट।ग् तीनों ही वैक्सीन उपलब्ध थीं। 'संस्था के संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा पश्चिम विधानसभा के आईटी प्रभाग के प्रभारी इंजीव अंकजीत सिन्हा ने बताया कि वैक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता और पश्चिम विधानसभा के उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। 'शिविर में 112 लोगों को वैक्सीन की डोज लगाई गई तथा डॉण् हर्ष लांबा द्वारा 39 लोगों की जाँच की गई। इस अवसर पर समिति के सचिव डॉ.अभिजीत सिन्हा, प्रसिद्ध भजन गायक विश्वजीत सिन्हा, कल्पजीत सिन्हा, कायस्थ महासभा के लखनऊ जिलाध्यक्ष संदीप सिंह समेत क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## विवाहिता को जबरन शराब पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी ।** बाराबंकी जिले के बदोसराय थाना इलाके के एक गांव मे एक विवाहित महिला को कथित तौर पर जबरन शराब पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने पीड़िति की तहरीर के हवाले से बताया कि बदोसराय थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता महिला को उसी गांव का एक व्यक्ति देवीदीन तालाब पर ले गया जहां तीन अन्य लोग पहले से मौजूद थेअ चारों ने महिला को जबरन शराब पिलाई और फिर बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिला आरोपियो के चंगुल से छूट कर डरी-सहमी हुई घर पहुंची। तहरीर के मुताबिक महिला ने आरोपियो के डर से पांच दिनों तक घटना के बारे में किसी को नही बताया। पुलिस के मुताबिक महिला का पति लखनऊ मे रहकर काम करता है। महिला ने इस बारे मे शनिवार को अपने पति को आपबीती सुनाई। घटना की जानकारी होते ही पति घर पहुंचा और पीड़िता के साथ कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्वाई की मांग की।अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) पूर्णेंदु सिंह ने रविवार को बताया कि बदोसराय थाने के एक गांव की महिला ने तहरीर दी कि गांव का ही व्यक्ति देवीदीन उसे बहलाया फुसलाया और एक मोबाइल फोन दिलाया, जिससे वो महिला से बात करने लगा। सिंह ने बताया कि देवीदीन ने कथित तौर पर महिला को बातो मे फंसाकर उसे एक दिन एकांत मे बुलाया और अपने अन्य साथियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसका बयान लिया गया है। सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# भारत ने आस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज जीती

● अंतिम टी-20 में कंगारू टीम को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की

भाषा। हैदराबाद

**सूर्यकुमार यादव** और विराट कोहली के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से भारत ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली। आस्ट्रेलिया के 187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सूर्यकुमार (36 गेंद में 69 रन, पांच छक्के, पांच चौके) और कोहली (48 गेंद में 63 रन, चार छक्के, तीन चौके) के बीच तीसरे विकेट की 104 रन की साझेदारी की मदद से एक गेंद शेष रहते चार विकेट पर 187 रन बनाकर जीत दर्ज की। हार्दिक पंड्या ने भी नाबाद 25 रन की पारी खेली। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले टिम डेविड (27 गेंद 54 रन, चार छक्के, दो चौके) और कैमरन ग्रीन (21 गेंद में 52 रन, सात चौके, तीन छक्के) के तूफानी अर्धशतकों से सात विकेट पर 186 रन बनाए। डेविड ने डेनियल सैम्स (20 गेंद में नाबाद 28, दो छक्के, एक चौका) के साथ सातवें विकेट के लिए 68 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत ने पहले ओवर में ही लोकेश राहुल (01) का विकेट गंवा जिनका सैम्स की गेंद पर विकेटकीपर मैथ्यू वेड ने अच्छा कैच लपका। कप्तान रोहित शर्मा (17) ने जोश हेजलवुड पर पारी का पहला छक्का जड़ा। उन्होंने विरोधी टीम के कप्तान पैट कमिंस का स्वागत चौके के साथ किया लेकिन इसी ओवर में छक्का जड़ने की कोशिश में सैम्स को कैच दे बैठे। कोहली और सूर्यकुमार ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। सूर्यकुमार ने कमिंस पर चौके से खाता खोला जबकि कोहली ने हेजलवुड की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। भारत ने पावर प्ले में दो विकेट पर 50 रन बनाए। सूर्यकुमार ने ग्लेन मैक्सवेल पर लगातार दो चौके मारे जबकि सैम्स पर छक्का भी जड़ा। कोहली ने भी एडम जंपा पर छक्का मारा। सूर्यकुमार ने कमिंस पर छक्के के साथ 11वें ओवर में भारत का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने जंपा पर लगातार दो छक्कों के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। सूर्यकुमार ने हेजलवुड पर चौका और छक्का मारा लेकिन इसी ओवर में बाउंड्री पर फिंच को कैच दे बैठे। भारत को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 44 रन की दरकार थी। कोहली ने ग्रीन की गेंद पर एक रन के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन इस ओवर में सिर्फ पांच रन बने। सैम्स के अगले ओवर में भी सात ही रन बने। हार्दिक पंड्या ने कमिंस पर चौके के साथ दबाव को कुछ कम किया। भारत को अंतिम दो ओवर में 21 रन की जरूरत थी। हार्दिक ने 19वें ओवर में हेजलवुड की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा। इस ओवर में 10 रन बने। कोहली ने अंतिम ओवर में सैम्स की पहली गेंद छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर फिंच को कैच दे बैठे। पंड्या ने हालांकि पांचवीं गेंद पर चौके के साथ भारत को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने शुरुआती चार और अंतिम पांच ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। टीम ने पहले चार ओवर में 56 तो अंतिम पांच ओवर में 63 रन जोड़े। भारत की ओर से स्पिनरों ने प्रभावित किया। अक्षर पटेल (33 रन पर तीन विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्हें युजवेंद्र चहल (22 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला। जसप्रीत बुमराह (चार ओवर में बिना विकेट के 50 रन) और भुवनेश्वर कुमार (तीन ओवर में 39 रन पर एक विकेट) काफी महंगे साबित हुए। रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद ग्रीन ने आस्ट्रेलिया को तूफानी शुरुआत दिलाई। उन्होंने कप्तान आरोन फिंच (07) के साथ पहले विकेट के लिए सिर्फ 3.3 ओवर में 44 रन जोड़े। ग्रीन ने भुवनेश्वर के पहले ही ओवर में लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ अपने तेवर दिखाए और फिर अगले ओवर में अक्षर पर भी दो चौके मारे।


●सूर्यकुमार-कोहली का अर्धशतक

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया:** ग्रीन का राहुल बो भुवनेश्वर 52, फिंच का पंड्या बो अक्षर 07, स्मिथ स्टं कार्तिक बो चहल 09, मैक्सवेल रन आउट 06, इंग्लिस का रोहित बो अक्षर 24, डेविड का रोहित बो हर्षल 54, वेड का एवं बो अक्षर 01, सैम्स नाबाद 28, कमिंस नाबाद 00, **अतिरिक्त:** 05,, **कुल:** 20 ओवर मे सात विकेट पर: 186 रन, **विकेट पतन:** 1-44, 2-62, 3-75, 4-84, 5-115, 6-117, 7-185, **गेंदबाजी:** भुवनेश्वर 3-0-39-1, अक्षर 4-0-33-3, बुमराह 4-0-50-0, पंड्या 3-0-23-0, चहल 4-0-22-1, हर्षल 2-0-18-1

**भारत:** राहुल का वेड बो सैम्स 01, रोहित का सैम्स बो कमिंस 17, कोहली का फिंच बो सैम्स 63, सूर्यकुमार का फिंच बो हेजलवुड 69, पंड्या नाबाद 25, कार्तिक नाबाद 01, **अतिरिक्त:** 11, **कुल:** 19.5 ओवर मे चार विकेट पर: 187 रन, **विकेट पतन:** 1-5, 2-30, 3-134, 4-182, **गेंदबाजी:** सैम्स 3.5-0-33-2, हेजलवुड 4-0-40-1, जंपा 4-0-44-0, कमिंस 4-0-40-1, ग्रीन 3-0-14-0, मैक्सवेल 1-0-11-0

# पश्चिम क्षेत्र की बड़ी जीत बना दलीप ट्रॉफी चैंपियन




भाषा। कोयंबटूर

**पश्चिम** क्षेत्र ने पहली पारी में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को यहां लंच से पहले ही दक्षिण क्षेत्र को 294 रन से करारी शिकस्त देकर दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। दक्षिण क्षेत्र ने 529 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 154 रन से आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 71.2 ओवर में 234 रन पर आउट हो गई। कल के अविजित बल्लेबाज रवि तेजा ने 53 रन बनाए लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर सके। पश्चिम क्षेत्र की तरफ से बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 51 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा जयदेव उनादकट और अतीत सेठ ने दो-दो विकेट हासिल किए। दक्षिण क्षेत्र के बल्लेबाज रवि तेजा और आर साईं किशोर ने लगभग दो घंटे तक पश्चिम क्षेत्र को सफलता नहीं मिलने दी। दक्षिण क्षेत्र के अधिकतर बल्लेबाज चौथे दिन सेठ और उनादकट की तेज गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पाए थे जिसके कारण उसकी बड़ी हार निश्चित हो गई थी। तेजा ने एक छोर से रन बनाए जबकि दूसरे छोर पर साईं किशोर ने उनका अच्छा साथ दिया। उन्होंने 82 गेंद का सामना किया और सात रन बनाए। इन दोनों ने 157 गेंदों पर 57 रन की साझेदारी की। तेजा ने जहां अपनी पारी में एक छक्का और तीन चौके लगाए वही किशोर ने विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी। मध्यम गति के गेंदबाज चिंतन गजा ने किशोर को प्रियांक पांचाल के हाथों आउट कराकर यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद के गौतम ने भी कुछ देर तक तेजा का अच्छा साथ दिया। मुलानी ने रवि तेजा को पगबाधा आउट किया जबकि बासिल थंपी (शून्य) आउट होने वाले अगले बल्लेबाज थे।

### किपचोगे ने बर्लिन मैराथन में विश्व रिकॉर्ड बनाया

**बर्लिन।** कीनिया के दो बार के ओलंपिक चैम्पियन इलियुड किपचोगे ने रविवार को यहां बर्लिन मैराथन में 2:01:09 का समय निकालकर अपने विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया। किपचोगे ने दो घंटे एक मिनट और नौ सेकेंड में मैराथन पूरी की और 2018 में इसी कोर्स पर अपने पिछले 2:01:39 सेकेंड के समय में 30 सेकेंड का सुधार किया। सैंतीस साल के इस एथलीट ने कहा, मेरी टांगे और मेरा शरीर अब भी युवा की तरह ही है।

### पंजाब, उप्र व तमिलनाडु में हॉकी को बढ़ावा देना चाहते हैं टिर्की

**गांधीनगर।** हाल में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष चुने गए दिलीप टिर्की ने रविवार को कहा कि पंजाब, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में और अधिक कृत्रिम टर्फ बिछाकर जमीनी स्तर पर हॉकी को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा। हालांकि अभी उनकी सबसे पहली प्राथमिकता अगले साल जनवरी में ओड़िशा में होने वाला पुरुष विश्व कप होगा। टिर्की ने कहा, राज्य जैसे पंजाब, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और शहर जैसे मुंबई और भोपाल काफी अहम है।

### आडवाणी, कोठारी, सीतवाला को सीधा प्रवेश

**नई दिल्ली।** भारत के चोटी के खिलाड़ियों पंकज आडवाणी, सौरव कोठारी और ध्रुव सीतवाला को कुआलालंपुर में चार से आठ अक्टूबर तक होने वाली आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में सीधा प्रवेश दिया गया है। भारत के जो अन्य खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे उनमें ध्वज हरिया, लौकिक पाथारे, एस श्रीकृष्णा और रोहन जंबुसरिया शामिल है।

### रैमसोनोवा ने झेंग को हराकर दो महीने में तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब जीता

**तोक्यो।** रूस की लियूडमिला सैमसोनोवा ने रविवार को यहां चीन की झेंग किनवेन को 7-5, 7-5 से हराकर दो महीने के अंदर अपना तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब हासिल किया। विश्व रैंकिंग में 30वीं रैंकिंग की सैमसोनोवा ने अगस्त में वाशिंगटन और क्लीवलैंड में ट्राफी जीती थी। वह अमेरिकी ओपन के भी चौथे दौर तक पहुंची थी।

### नेशंस लीग: पुर्तगाल ने चेक गणराज्य को हराया, स्विट्जरलैंड से हारा स्पेन

**बार्सिलोना।** डिओगो डलोट के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने चेक गणराज्य को 4-0 से करारी शिकस्त देकर नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। डलोट ने 33वें मिनट में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला गोल दागा और इसके बाद 52वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस बीच ब्रूनो फर्नांडिस ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में टीम के लिए दूसरा गोल किया था।

### जूलियस बेयर कप: कार्लसन ने एरिगैसी से फाइनल का पहला मैच जीता

**न्यूयॉर्क।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए जूलियस बेयर जेनरेशन कप रैपिड ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ फाइनल के दो मैचों में से पहले मैच की दो बाजियां जीतकर खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

# झूलन का संन्यास : एक युग का अंत हो गया

● बीसीसीआई ने कहा

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने झूलन गोस्वामी के दो दशक तक चले लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को यादगार करार देते हुए रविवार को कहा कि महिला क्रिकेट की सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के संन्यास के साथ ही एक युग का अंत हो गया। झूलन (39 वर्ष) ने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला समाप्त होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। भारतीय टीम ने इस श्रृंखला में क्लीनस्वीप करके इस दिग्गज तेज गेंदबाज को शानदार विदाई दी। झूलन ने 2002 में भारत की तरफ से पदार्पण किया था। उन्होंने अपने करियर में 12 टेस्ट, 204 एकदिवसीय और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले। इन सभी में मिलकर उन्होंने 355 विकेट लिए। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, झूलन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के साथ ही एक युग का अंत हो गया। उन्होंने बहुत गर्व के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया और हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने पूरी उत्कृष्टता के साथ भारतीय क्रिकेट की सेवा की। वह भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ थी और उनकी उपलब्धियां वर्तमान और भावी क्रिकेटरों को प्रेरित करती रहेंगी। खेल में उनका योगदान यादगार रहा। मैदान पर जहां उनकी प्रेरणादाई उपस्थिति की कमी खलेगी वहीं उनकी उपलब्धियां भावी क्रिकेटरों को प्रेरित करती रहेंगी। झूलन ने अपने करियर में पांच वनडे विश्वकप (2005, 2009, 2013, 2017 और 2022) में भाग लिया तथा वह महिला विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। वह महिला क्रिकेट में 250 से अधिक वनडे विकेट लेने वाली एकमात्र तेज गेंदबाज हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, झूलन गोस्वामी इस खेल को खेलने वाली सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने अपने बेजोड़ गेंदबाजी कौशल से कई वर्षों तक भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की तथा उनकी उपलब्धियां देश की तरफ से शीर्ष स्तर पर खेलने की इच्छा रखने वाली क्रिकेटरों के लिए मानदंड बनी रहेंगी। मैं उन्हें जिंदगी की नई पारी के लिए शुभकामनाएं देता हूं। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने भी अपने विदाई मैच में 30 रन देकर दो विकेट लेने वाली झूलन के क्रिकेट में योगदान को याद किया। धूमल ने कहा, भारत में महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने में झूलन और मिताली राज का अहम योगदान रहा। झूलन कभी अतिरिक्त प्रयास करने से पीछे नहीं हटी चाहे वह मैदान पर प्रदर्शन हो या फिर उत्कृष्टता हासिल करने के लिए की गई तैयारियां। उनकी शानदार उपलब्धियां और हमारे खेल में बेजोड़ योगदान उनकी साथियों और भावी क्रिकेटरों को प्रेरित करती रहेंगी।

### उम्मीद है कि भारत और दुनिया में महिला क्रिकेट के विकास में योगदान करने में सफल रही हूं: झूलन



**लंदन।** दो दशक लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाली महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने रविवार को उम्मीद जताई कि वह भारत और दुनिया मे अगली पीढ़ी की खिलाड़ियों को इस खूबसूरत खेल को खेलने के लिए प्रेरित करने में सफल रही है। झूलन (39 वर्ष) ने शनिवार को अपने करियर का समापन स्वप्निल तरीके से किया जिसमें भारतीय महिला टीम ने लार्ड्स पर तीसरे और अंतिम वनडे में इंग्लैंड को 16 रन से हराकर इंग्लैंड की सरजमी पर पहली बार श्रृंखला क्लीन स्वीप की। झूलन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए विदाई संदेश में लिखा, बतौर क्रिकेटर मैं हमेशा ईमानदार रही हूं और उम्मीद करती हूं कि मैं भारत और दुनिया में महिला क्रिकेट के विकास में योगदान करने में कामयाब रही हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अगली पीढ़ी की महिलाओं को इस खूबसूरत खेल को खेलने के लिए प्रेरित करने में सफल रही हूं। उन्होंने लिखा, जिस तरह से हर यात्रा का अंत होता है, 20 साल से ज्यादा वर्षों की मेरी क्रिकेट यात्रा भी आज मेरे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा के साथ खत्म हो गई। झूलन ने अपना क्रिकेट करियर 2002 में शुरू किया था और उन्होने अपने करियर का अंत महिला क्रिकेट की सर्वाधिक विकेट चटकने वाली गेंदबाज के तौर पर किया। उन्होने 12 टेस्ट मे 44 विकेट, 204 वनडे मे 255 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचो मे 56 विकेट हासिल किए। मेरे लिए यह यात्रा काफी संतोषजनक रही है। यह काफी उत्साहजनक और रोमांच से भरपूर रही है। मुझे दो दशक तक भारतीय जर्सी पहनने और अपनी सर्वश्रेष्ठ काबिलियत से देश की सेवा करने का सम्मान मिला। मैच से पहले जब भी राष्ट्रगान सुनती तो हर बार गर्व महसूस होता। झूलन ने लिखा, मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर अपने जीवन के 20 वर्षों मे टीम की अपनी साथी खिलाड़ियों के साथ और मैदान के बाहर प्रत्एक पल का आनंद लिया। मैने क्रिकेट को हमेशा प्यार किया है और अब जब पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर संन्यास ले रही हू तो मै तुमसे (क्रिकेट) ज्यादा दूर नही रहूंगी।

# भारत ए ने श्रृंखला जीती

● कुलदीप यादव की हैट्रिक, साव का तेज अर्धशतक



भाषा। चेन्नई

बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की हैट्रिक और पृथ्वी साव के तेज तर्रार अर्धशतक (77 रन) की बदौलत भारत ए ने रविवार को यहां दूसरे अनाधिकृत वनडे में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चार विकेट की जीत से तीन मैचों की श्रृंखला पर कब्जा कर लिया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ए की टीम 47 ओवर में 219 रन पर सिमट गई जिसमें कुलदीप ने हैट्रिक लेकर कुल चार विकेट अपने नाम किए। मेहमान टीम का स्कोर छह विकेट पर 210 रन था जिसके बाद वह 219 रन पर सिमट गई जिसमें कुलदीप ने अंतिम चारों विकेट झटके। सीन सोलिया के रूप में मैच का पहला विकेट लेने वाले कुलदीप ने लोगान वान बीक, जो वॉकर और जैकब डफी के विकेट झटककर यादगार हैट्रिक ली। इसके बाद भारत ने ए ने 34 ओवर में छह विकेट पर 222 रन बनाकर यह लक्ष्य 16 ओवर रहते हासिल कर लिया और श्रृंखला जीत ली। घरेलू टीम ने गुरूवार को पहले मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को खेला जाएगा। कुलदीप ने बाद में पत्रकारों से कहा, किसी भी स्तर पर हैट्रिक लेना विशेष है। यह काफी विशेष है। न्यूजीलैंड ए के लिए रचिन रविंद्र (65 गेंद में 61 रन) और जो कार्टर (80 गेंद में 72 रन) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। सलामी बल्लेबाज चाड बॉवेस (15 रन) और रविंद्र ने 32 रन की साझेदारी निभाई। फिर रविंद्र ने तीसरे नंबर के बल्लेबाज डेन क्लीवर (06) के साथ मिलकर 31 रन बनाए। रविंद्र ने कुछ अच्छे शॉट लगाए लेकिन ऋषि धवन की गेंदबाजी पर रूतुराज गायकवाड को कैच देकर आउट हुए। न्यूजीलैंड ए के कप्तान रोबर्ट ओ डोनेल शून्य पर आउट हुए। फिर भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य राज अंगद बावा ने टॉम ब्रुस (10 रन) को आउट किया जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 133 रन हो गया। टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे कार्टर लेग स्पिनर राहुल चाहर (50 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर आउट हुए। सोलिया 49 गेंद में 28 रन बनाकर कुलदीप का पहला शिकार बने। अपने अंतिम ओवर में कुलदीप ने बीक, वॉकर और डफी को आउट किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए साव ने तेज शुरूआत की जिससे टीम ने सातवें ओवर में 50 रन बना लिए थे। साव ने स्वीप शॉट से 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 48 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और तीन छक्के लगाए। गायकवाड़ 34 गेंद में 30 रन बनाकर आउट हुए। फॉर्म में चल रहे रजत पाटीदार 20 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन पहुंचे जिससे टीम का स्कोर दो विकेट पर 131 रन था। साव दो रन बाद वॉकर का शिकार हुए। कप्तान संजू सैमसन ने 35 गेंद में 37 रन की पारी खेली जिसमें चार चौके और दो छक्के जड़े थे। तिलक वर्मा और बावा शून्य पर आउट हो गए। इससे टीम थोड़ी मुश्किल में आ गई थी लेकिन धवन (43 गेंद में नाबाद 22 रन) और शार्दुल ठाकुर (24 गेंद में नाबाद 25 रन) ने मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

### भवानी देवी की निगाहें राष्ट्रीय खेलों में नई तकनीक और रणनीति परखने पर

भाषा। नई दिल्ली

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज भवानी देवी राष्ट्रीय खेलों के दौरान अपनी नई तकनीक और रणनीति को परखने पर ध्यान लगाए हैं ताकि इनका इस्तेमाल भविष्य में बड़े टूर्नामेंट में कर सके। पिछले महीने राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली 29 साल की भवानी गुजरात में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में आकर्षित करने वाले खिलाड़ियों में शामिल होंगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा वर्चुअल बातचीत में भवानी ने कहा, मैंने अपना कोच बदला है, मेरी तकनीक, रणनीति और हर चीज में अब बदलाव हुआ है। हमें अभी और अधिक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट खेलने हैं जैसे अप्रैल में ओलंपिक क्वालीफायर। मुझे इस नई तकनीक और रणनीति को अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ इस्तेमाल करना होगा और देखना होगा कि यह कितनी कारगर होती है। उन्होंने कहा, सेबर काफी फुर्ती भरा खेल होता है, आप एक दूसरे से छूने के दौरान समय नहीं ले सकते, इन मिलीसेकेंड के अंदर जो करना चाहते हो, आप उसके बारे में सोचकर फैसला नहीं कर सकते।

# मांकडिंग : आजादी के बाद भारत के पहले सुपरस्टार क्रिक्रटर को कैसे बदनाम किया है

भाषा। नई दिल्ली



**मुलवंतराय हिम्मतलाल** मांकड़ उन दुर्लभ क्रिकेटरों में से एक थे जिन्हें लॉर्ड्स में एक ही टेस्ट में शतक बनाने और पांच विकेट लेने का गौरव प्राप्त था। पांच दशक से अधिक समय तक उनके और उनके साथी पंकज रॉय के नाम टेस्ट मैच में 413 रन की विश्व रिकॉर्ड साझेदारी दर्ज रही। यहां तक कि जनवरी 1956 में चेन्नई में न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी 231 रन रन की पारी लगभग तीन दशक तक किसी भारतीय क्रिकेटर का सर्वाधिक व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर रहा जिसे सुनील गावस्कर ने 1983 में पीछे छोड़ा। वह शायद 40 और 50 के दशक में एमेच्योर खिलाड़ियों के बीच शुरुआती पेशेवर खिलाड़ियों में से एक थे जब क्रिकेट को आजीविका का स्रोत नहीं माना जाता था।

उन्हें क्रिकेट जगत वीनू के नाम से जानता है। उन्होंने 44 टेस्ट में 2109 रन बनाने के अलावा 162 विकेट भी चटकाए। वह शायद स्वतंत्रता के बाद के पहले क्रिकेट सुपरस्टार थे लेकिन पिछले 75 वर्षों से जब भी कोई बल्लेबाज गेंदबाजी छोर पर क्रीज छोड़कर आगे बढ़ते हुए चतुराई दिखाकर रन चुराने की कोशिश करता है और गेंदबाज उसे वैध तरीके से रन आउट कर देता है तो , भारत के महानतम क्रिकेटरों में से एक का नाम बार-बार इसमें घसीटा जाता है। यह 1947-48 में आस्ट्रेलिया में भारत की पहली श्रृंखला के दौरान मेजबान टीम के सलामी बल्लेबाज बिल ब्राउन को मांकड़ द्वारा आउट करने से जुड़ा है। उन दिनों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इंपीरियल क्रिकेट कांफ्रेंस के रूप में जाना जाता था। आईसीसी में इंपीरियल नाम ही कहानी बयां करता है। राष्ट्रमंडल देशों से जुड़ा एक खेल जिसके नियम लॉर्ड्स स्थित मेरिलबोन क्रिकेट क्लब के कांफ्रेंस रूम में सूट-बूट पहने लोग तैयार करते थे। वह स्थान जहां अस्पष्ट खेल भावना शब्द का जन्म हुआ था और जहां दीप्ति शर्मा नाम की एक युवा भारतीय महिला क्रिकेटर ने दिखाया कि नियम का पालन करना क्या होता है। हर कोई जानता है कि मांकड़ ने आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ब्राउन को 18 रन पर रन आउट कर दिया था क्योंकि वह 12 से 18 दिसंबर के बीच खेले गए सिडनी टेस्ट मैच के दौरान गेंदबाजी छोर पर बार-बार क्रीज छोड़कर आगे निकल रहे थे। टेस्ट ड्रॉ हो गया और यह घटना खेल के दूसरे दिन (13 दिसंबर) हुई।

### भारतीय घुड़सवारी टीम को महिलाओं की अंतरराष्ट्रीय टेंट पेगिंग चैम्पियनशिप में कांस्य

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** घुड़सवारी टीम ने जॉर्डन के वाडी रम में महिलाओं की अंतरराष्ट्रीय टेंट पेगिंग चैम्पियनशिप में पदार्पण में ऐतिहासिक कांस्य पदक अपने नाम किया। भारतीय टीम में रितिका दहिया, प्रियंका भारद्वाज और खुशी सिंह शामिल थीं। भारतीय घुड़सवारी महासंघ द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इसमें कुल 14 देशों ने हिस्सा लिया और भारतीय टीम ने पदार्पण में ही अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, टीम ने 136 अंक हासिल किए। भारतीय टीम स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण अफ्रीका (170.5 अंक) और दूसरे स्थान पर रही ओमान (146 अंक) से पीछे रही। प्रतियोगिता के पहले दिन कप्तान दहिया और भारद्वाज ने व्यक्तिगत और पेयर्स लांस स्पर्धा में हिस्सा लिया। टीम पहले दिन के अंत में सातवें स्थान पर चल रही थी। दूसरे दिन भारत ने व्यक्तिगत और टीम स्वोर्ड स्पर्धा में हिस्सा लिया और 24 अंक से दूसरा स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में खुशी सिंह ने 18 अंक से पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे दिन के शानदार प्रदर्शन के बूते भारत तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया।

### समझदारी दिखाने के लिए गेंदबाज के खाते में विकेट देना कैसा रहेगा: अश्विन



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने रविवार को कहा कि जब गेंद फेंकने से पहले गेंदबाजी छोर पर क्रीज छोड़कर आगे निकलने के लिए बल्लेबाज रन आउट होता है तो समझदारी दिखाने के लिए गेंदबाज के खाते में विकेट जुड़ना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नियमावली के अनुसार भारत क ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का तीसरे वनडे में इंग्लैंड की चार्ली डीन को रन आउट करना पूरी तरह से वैध था लेकिन फिर भी इसे लेकर लोगों की विभाजित प्रतिक्रिया आई जब कई लोगों ने इसका समर्थन किया लेकिन स्टुअर्ट ब्रॉड, जेम्स एंडरसन और सैम बिलिंग्स जैसे इंग्लैंड के क्रिकेटरों ने नाखुशी जताई। इस तरह के रन आउट को मांकडिंग (भारत के पूर्व खिलाड़ी वीनू मांकड़ के नाम पर) कहे जाने पर आपत्ति जताने वाले अश्विन भी इस बहस में उतर गए हैं और उन्होंने गेंदबाज के लिए बहादुरी पुरस्कार की सिफारिश की।

### रहाणे ने छींटाकशी करने पर जायसवाल को मैदान से बाहर जाने को कहा



**कोयंबटूर।** पश्चिम क्षेत्र के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को यहां अनुशासनहीनता दिखाने वाले अपने साथी यशस्वी जायसवाल को मैदान छोड़ने का आदेश देकर नई मिसाल पेश की। जायसवाल ने पश्चिम क्षेत्र की दूसरी पारी में दोहरा शतक जड़कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। लेकिन रविवार को जब दक्षिण क्षेत्र 529 रन के विशाल लक्ष्य के सामने अपनी पारी आगे बढ़ा रहा था तब वह विवादों में फंस गए। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण क्षेत्र के बल्लेबाज रवि तेजा पर छींटाकशी की जिसके बाद उनके कप्तान रहाणे ने उन्हें मैदान से बाहर जाने के लिए कहा। जायसवाल बल्लेबाज के करीब क्षेत्ररक्षण कर रहे थे और लगातार छींटाकशी करने के कारण रवि तेजा ने उनकी शिकायत भी की। जायसवाल को चेतावनी दी गई थी लेकिन पारी के 57वें ओवर में जब मैदानी अंपायर ने उनकी शिकायत की तो रहाणे ने उनसे बात की और उन्हें मैदान से बाहर जाने को कहा।